

देश-विदेश | लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक | उत्तर प्रदेश

नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 32 उम्मीदवारों की एक... 12
यूपी पुलिस ने हानि-लाभ की चिंता के बिना कर्म को...05



# जन एक्सप्रेस

लखनऊ
वर्षः 15 | अंकः 311
मूल्यः ₹3.00/-
पेज : 12
@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper
बुधवार | 28 अगस्त, 2024

# नबन्ना मार्च में बवाल

**कोलकाता रेप-मर्डर केस-** स्टूडेंट्स का प्रदर्शन, मार्च निकाला, बैरिकेडिंग तोड़ी, पथराव किया, पुलिस का लाठीचार्ज, वाटर कैनन और आंसू गैस के गोले छोड़े

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता**

कोलकाता में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर को लेकर मंगलवार को छात्रों और राज्य कर्मचारी संगठनों का प्रदर्शन जारी है। पश्चिम बंग छात्र समाज और संग्रामी जौथा मंच नबन्ना अभिजान मार्च निकाल रहे हैं। नबन्ना, पश्चिम बंगाल सरकार का सचिवालय है, जहां मुख्यमंत्री, मंत्री और अफसरों के दफ्तर हैं। प्रदर्शनकारियों की रैली दोपहर करीब 12.45 बजे शुरू हुई। विरोध कर रहे लोगों ने हावड़ा से लगे संतरागाछी में बैरिकेडिंग तोड़ दी। इसके बाद पुलिस ने लाठीचार्ज किया। भीड़ को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस के गोले छोड़े और वाटर कैनन का इस्तेमाल भी किया। पुलिस ने हिंसा का हवाला देते हुए प्रदर्शनकारियों की रैली को गैर-कानूनी करार दिया। वहीं, पुलिस की कार्रवाई में कई प्रदर्शनकारी जख्मी हुए हैं। प्रदर्शनकारियों को नबन्ना (सचिवालय) जाने से रोकने के लिए 7 रास्तों पर तीन लेयर में 6 हजार की फोर्स तैनात है। 19 पॉइंट्स पर बैरिकेंडिंग और 21 पॉइंट्स पर डीसीपी तैनात किए गए हैं। हावड़ा ब्रिज बंद कर दिया है। निगरानी के लिए ड्रोन की मदद ली जा रही है।



### भाजपा बोली, ममता देश की सबसे बड़ी तानाशाह

कोलकाता के आरजी कर अस्पताल रेप-मर्डर मामले पर भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा, फ्अगर देश में कोई तानाशाह है तो वो ममता बनर्जी हैं। सच सामने आना चाहिए, जांच एजेंसी सीबीआई को ममता बनर्जी और पुलिस कमिश्नर का पॉलीग्राफ टेस्ट करना चाहिए। सच को दबाया नहीं जा सकता और सबसे बड़ी बात ये है कि जब तक ये लोग अपने पदों पर हैं और छात्रों को कुचल रहे हैं। संविधान की धज्जियां उड़ा रहे हैं, ये बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। इस मुद्दे को मजबूती से उठाया जाएगा जैसा कि आज उठाया गया है।

### प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया

पुलिस ने हावड़ा ब्रिज से प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लिया, जो आरजी कर मामले को लेकर नवान्न अभियान मार्च के तहत यहां आंदोलन कर रहे थे। नवान्न अभियान मार्च के तहत हावड़ा ब्रिज पर विरोध प्रदर्शन जारी है। आरजी कर मेडिकल कॉलेज मामले को लेकर प्रदर्शन कर रहे प्रदर्शनकारियों ने पुलिस बैरिकेड्स को खींचकर हटा दिया और नबन्ना अभियान मार्च निकाला। पुलिस ने उन्हें तितर-बितर करने के लिए लाठीचार्ज किया और आंसू गैस के गोले दागे। वहीं, पुलिस ने हावड़ा ब्रिज से प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए वाटर कैनन का इस्तेमाल किया।

### प्रदर्शनकारियों ने मार्च निकाला

आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर के रेप-मर्डर को लेकर प्रदर्शनकारियों का विरोध जारी है। कोलकाता के फोर्ट विलियम इलाके में प्रदर्शनकारियों ने मार्च निकाला। राज्य सचिवालय नबन्ना के पास बीएनएस की धारा 163 लगा दी गई है। यहां एक साथ 5 से ज्यादा लोग नहीं जुटेंगे। इसके अलावा यहां क्रेन के जरिए भारी कंटेनर भी सड़कों पर रखे गए हैं, ताकि प्रदर्शनकारी आगे न बढ़ पाएं। आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में 8 अगस्त की रात को ट्रेनी डॉक्टर का रेप-मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह डॉक्टर की बॉडी मिली। इसके बाद देशभर के डॉक्टर सड़क पर उतर आए थे। सुप्रीम कोर्ट की अपील के बाद कई अस्पतालों के डॉक्टरों ने हड़ताल कैंसिल कर दी। हालांकि, प्रदर्शन का दौर जारी है।

### सीबीआई ने कई सामानों को जब्त किया: सप्तर्षि

आरजी कर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के मेडिकल सुपरिंटेंडेंट सह वाइस प्रिंसिपल सप्तर्षि चटर्जी ने कहा, सीबीआई की टीम सभी दस्तावेज और कंप्यूटर, हार्ड डिस्क देखने मेरे कार्यालय आई थी। उन्होंने जब्त कर लिया और सभी सामानों को ले गए और हमें एक जब्ती सूची दी। मैं कल सीजीओ कॉम्प्लेक्स में अपने हस्ताक्षर प्रमाणित करने गया था जो पहले से ही सभी दस्तावेजों पर थे। हर दिन हम छात्रों से बात करते हैं और संकाय सदस्य अपना सर्वश्रेष्ठ दे रहे हैं ताकि मरीजों को परेशानी न हो। मुझे लगता है कि आरजी कार धीरे-धीरे सामान्य जीवन में वापस आ रहे हैं क्योंकि मरीज की संख्या जो लगभग 100 थी, अब 1000 को पार कर गई है। ओपीडी और इमरजेंसी सहित सभी विभाग काम कर रहे हैं।

### ममता बनर्जी के बंगले की सुरक्षा बढ़ाई गई

नबन्ना रैली निकालने वाले छात्र संगठन ने सीएम ममता बनर्जी के इस्तीफे की मांग की है। ऐसे में पुलिस ने हरीश चटर्जी स्ट्रीट पर बने सीएम हाउस की सुरक्षा बढ़ा दी है। ममता का यह बंगला नबन्ना सचिवालय से 6 किमी दूर है।

### पुलिस ने हावड़ा ब्रिज को बंद किया

कोलकाता पुलिस ने हावड़ा ब्रिज को बंद कर दिया गया है। सड़क के दोनों ओर पुलिस की गाड़ियां खड़ी हैं। इससे ऑफिस जाने वाले लोगों को भी परेशानी हो रही है। प्रदर्शनकारियों को सचिवालय की ओर नहीं जाने दिया जा रहा है।

### छात्रों को भड़काने की साजिश बीजेपी ने की: टीएमसी

तृणमूल कांग्रेस ने रैली को माहौल बिगाड़ने की साजिश बताया है। टीएमसी ने कुछ वीडियो जारी किए हैं, जिनमें पश्चिम मेदिनीपुर जिले के घाटल के भाजपा नेताओं को हिंसा भड़काने की योजना बनाते हुए दिखाया गया है। वीडियो में दिखाए गए लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया है।

### बीजेपी का आरोप, 4 छात्र कार्यकर्ता लापता

राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने आरोप लगाया है कि चार छात्र कार्यकर्ता लापता हैं। पुलिस ने उन्हें हत्या की साजिश और हत्या के प्रयास के केस में गिरफ्तार किया है। हालांकि पश्चिम बंगाल पुलिस ने किसी का नाम लिए बिना कहा कि लापता होने का आरोप झूठा है। पुलिस का कहना है कि चारों मंगलवार के नबन्ना अभिजान के दौरान बड़े पैमाने पर हिंसा की साजिश रचने की योजना बना रहे थे।

### आरोपी संजय ने पॉलीग्राफ टेस्ट में जुर्म कबूला

कोलकाता रेप-मर्डर केस के मुख्य आरोपी संजय रॉय ने पॉलीग्राफ टेस्ट में अपना जुर्म कबूल कर लिया है। संजय ने कहा कि उसने रेप के बाद ट्रेनी डॉक्टर का मर्डर किया था। घटना को अंजाम देने से पहले वो रेड लाइट एरिया गया था। रास्ते में भी एक लड़की को छेड़ा और गर्लफ्रेंड से न्यूड तस्वीरें मांगी थीं। इंडिया टुडे की रिपोर्ट के मुताबिक, संजय ने एक दिन पहले 25 अगस्त को पॉलीग्राफ टेस्ट में ये सारी बातें कही हैं। पुलिस कस्टडी में भी संजय ने रेप और मर्डर की बात स्वीकार की थी। संजय का यह कबूलनामा मर्डर और रेप के 18 दिन बाद आया है। 8 और 9 अगस्त की रात आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर का रेप और मर्डर हुआ था। 9 अगस्त की सुबह मेडिकल कॉलेज के सेमिनार हॉल में लड़की की अर्धनग्न बॉडी मिली थी।

### सचिवालय नबन्ना के आस-पास धारा 163 लागू

एडीजी (कानून और व्यवस्था) मनोज वर्मा का कहना है कि प्रदर्शन के दौरान उपद्रवी अराजकता भड़काने की कोशिश करेंगे, ऐसी खुफिया जानकारी मिली है। इसलिए राज्य सरकार ने भारतीय न्याय संहिता की धारा 163 (सीआरपीसी की धारा 144) के तहत नबन्ना (राज्य सचिवालय) के पास निषेधाज्ञा लागू कर दी है। इसके जिसके तहत पांच या उससे ज्यादा लोग यहां इकट्?ठा नहीं हो सकते। कोलकाता के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त सुप्रतिम सरकार ने कहा कि हमने रैली के लिए आवेदन खारिज कर दिया क्योंकि उन्होंने औपचारिक अनुमति नहीं ली थी। संगठनों ने अधूरी जानकारी दी थी। पुलिस ने 19 जगहों पर बैरिकेडिंग की है। कई जगह करीब 26 डीसीपी तैनात किए हैं।

# बसपा कार्यकारिणी में फिर से पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष चुनी गईं मायावती



**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय कार्यकारिणी की मंगलवार को हुई बैठक में मायावती को फिर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया है। उनका कार्यकाल पांच साल होगा। उनके नाम का प्रस्ताव पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने किया, जो सर्वसम्मति से मंजूर हो गया। वहीं, नेशनल कोआर्डिनेटर आकाश आनंद का कद बढ़ाते हुए उन्हें महाराष्ट्र, झारखंड, हरियाणा और जम्मू-कश्मीर में होने वाले विधानसभा चुनाव का प्रभारी बनाया गया है। बसपा सुप्रीमो ने प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में देश भर से आए पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि दलितों एवं बहुजनों को अपनी शक्ति पर भरोसा करना सीखना ही होगा वरना धोखा खाते रहेंगे और लाचारी व गुलामी का जीवन जीने को मजबूर बने रहना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में बहुमत से दूर भाजपा के नेतृत्व में बनी एनडीए की सरकार का रवैया सुधारवादी नहीं लगता है जिससे इसको स्थाई व मजबूत सरकार नहीं कहा जा सकता है। वहीं यूपी के राजनीतिक हालात का संज्ञान लेते हुए कहा कि लोकसभा का चुनाव परिणाम कई कारणों से नई संभावनाएं पैदा करता है। उन्होंने बसपा समर्थकों से अपील की है कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर के मूवमेंट तथा आरक्षण को निष्प्रभावी बनाने एवं खत्म करने के षड्यंत्र को कांग्रेस, भाजपा और उनके गठबंधन से बचाना जरूरी है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा एससी-एसटी आरक्षण में उपवर्गीकरण व क्रीमीलेयर का नया नियम लागू करने के फैसले पर कहा कि पुरानी व्यवस्था को बहाल रखने के लिए केंद्र द्वारा अभी तक भी कोई ठोस कदम नहीं उठाया जाना दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि बसपा को मूवमेंट के माध्यम से आगे बढ़ाने के लिए वह हर कुर्बानी देने को तैयार हैं। पार्टी व मूवमेंट के हित में न तो वह कभी रुकने वाली हैं और न ही झुकने वाली हैं। टूटने का तो सवाल ही पैदा नहीं होता।

### किसी की हितैषी नहीं कांग्रेस और भाजपा

मायावती ने कहा कि कांग्रेस और भाजपा व इनके गठबंधन दलितों, आदिवासियों, ओबीसी, मुस्लिम व अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों के सच्चे हितैषी नहीं हैं। बहुजनों के प्रति इनकी सोच हमेशा ही संकीर्ण, जातिवादी, सांप्रदायिक, द्वेषपूर्ण व तिरस्कारी रही है। इनके शासनकाल में बहुजनों की हालत में सुधार अभी तक नहीं हो पाया है। समाज में गैर-बराबरी बढ़ रही है। केंद्र में भाजपा व कांग्रेस की जातिवादी एवं अहंकारी सरकार बनाने से रोकने में बहुजन समाज काफी हद तक पिछड़ गया।

### नई संभावनाएं पैदा करता है यूपी का परिणाम

यूपी के राजनीतिक हालात का संज्ञान लेते हुए उन्होंने कहा कि लोकसभा का यह चुनाव परिणाम किसी पार्टी विशेष के पक्ष में एकतरफा नहीं होने के कारण भी नई संभावनाएं पैदा करता है। ऐसे में कैडर के आधार पर जनाधार को बढ़ाने का प्रयास करके आगे बेहतर परिणाम हासिल करने की अपनी कोशिश जारी रखनी है। इसमें कोई कोताही व स्वार्थ आड़े नहीं आना चाहिए जिसकी पार्टी लगातार समीक्षा करेगी। पार्टी हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखण्ड, जम्मू-कश्मीर और दिल्ली विधानसभा का चुनाव मजबूती से लड़ेगी।

### महिलाओं की सुरक्षा राष्ट्रीय समस्या बनी

मायावती ने कहा कि यूपी सहित पूरे देश में महिलाओं की सुरक्षा राष्ट्रीय समस्या बनकर उभर रही है। इसको लेकर अब केवल बयानबाजी व जुमलेबाजीसे काम चलने वाला नहीं है बल्कि केंद्र व राज्य सरकारों को सही नीयत व नीति के साथ काम करने की जरूरत है।

### किताब का विमोचन किया

इस दौरान मायावती ने बहुजन समाज पार्टी द्वारा अपील-देश के बहुजनों के असली ग्रन्थ संविधान एवं बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के हितकारी मूवमेन्ट तथा आरक्षण को निष्प्रभावी बनाने व खत्म करने के षड्यंत्र को कांग्रेस के इण्डिया एलायन्स और बीजेपी के एनडीए गठबन्धन एवं स्वार्थियों से भी बचाना जरूरी के नाम से लिखित अपनी पुस्तक का विमोचन भी किया।

## फर्रुखाबाद में आम के बाग में पेड़ से लटके मिले दो सहेलियों के शव

**जन एक्सप्रेस | फर्रुखाबाद**

फर्रुखाबाद जिले में कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के भगौतीपुर गांव में दो युवतियों के शव मिलने से हड़कंप मच गया। दरअसल, आम के बाग में दो सहेलियों के शव एक ही दुपट्टे से फांसी के फंदे पर लटके मिले हैं। सुबह बाग पर पहुंचे ग्रामीण ने शव लटकते देखे, तो अन्य लोगों को सूचना दी। वहीं, जानकारी होने पर परिजन भी पहुंचे, तो फंदे पर बेटियों को लटका देख दंग रहे गए। दोनों की शिनाख्त गांव के रामवीर की पुत्री बबली (17) व पप्पू की पुत्री शशि (15) के रूप में हुई है। मृतक युवतियों के परिजनों ने दोनों की हत्या कर शव लटकाए जाने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि जन्माष्टमी के त्योहार पर दोनों युवती कल मंदिर पर गईं थीं। देर रात तक न लौटने पर परिजनों ने बुआ के घर रूकने की आशंका जताई थी। सुबह ग्रामीणों से शव मिलने की सूचना मिली। वहीं, घटना की जानकारी होते ही एसपी आलोक प्रियदर्शी, सीओ जय सिंह परिहार व भारी संख्या में पुलिस फोर्स पहुंच गया। दोनों सहेलियां वहां गईं थी। देर रात तक जब वापस नहीं लौटीं, तो परिजनों ने खोजबीन शुरू की। सुबह गांव का एक विकलांग युवक बृजेश बाग में शौच के लिए गया, तो दोनों सहेलियों को पेड़ पर लटका देखा। दोनों सहेलियां एक साथ पेड़ पर लटकी मिली, इसे पुलिस गंभीरता से लेकर छानबीन में जुट गई है।

### जांच के लिए एसओजी को भी लगाया

शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। शव के पास एक युवक का मोबाइल मिला है। शशि के अंग वस्त्रों से एक सिम मिली है। मामले की जांच पड़ताल के लिए एसओजी को भी लगाया गया है। परिजनों का कहना है कि रात में जन्माष्टमी पर मंदिर में झांकियां देखने गईं थीं।

## नंदोत्सव पर पीले रंग के कपड़ों से सजेगा बांकेबिहारी मंदिर, लुटाए जाएंगे उपहार

**जन एक्सप्रेस | वृंदावन**

वृंदावन में 28 अगस्त को नंदोत्सव पर ठाकुर श्रीबांकेबिहारी मंदिर को पीले रंग के कपड़े से बनी पोशिश (कवर), फूल पत्ती, गुब्बारे आदि से सजाया जाएगा। सेवायत इतिहासकार आचार्य प्रहलाद बल्लभ गोस्वामी के अनुसार नंदोत्सव पर 28 अगस्त को सुबह श्रृंगार आरती से दोपहर में राजभोग आरती तक मंदिर में उत्साहपूर्वक दधिकांधों उत्सव मनाया जाएगा। इसके तहत सेवायत जन ठाकुरजी के पास से भक्तों के ऊपर नवजात लल्ला की छीछी स्वरूप हल्दी मिश्रित दही डालकर उन्हें पवित्र करेंगे। उन्होंने बताया कि कृष्णजन्म की प्रसन्नता में सेवायतों व सेवकों द्वारा मंदिर में हर ओर तमाम तरह के उपहार लुटाए जाएंगे, जिन्हें चौक में उपस्थित ब्रजवासी व भक्तजन बटोरेंगे। राधामाधव नगर में आयोजित श्रीमद्भागवत में सोमवार को कथा व्यास रामगोपाल उपाध्याय ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाई।

## 69000 शिक्षक भर्ती मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



69000 शिक्षक भर्ती में इलाहाबाद हाईकोर्ट द्वारा पूर्व में जारी की गई सूची रद्द करने के बाद मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है। अनारक्षित वर्ग के दो चयनित और एक अचयनित अभ्यर्थियों ने फैसले के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल की है। इससे पहले आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों ने इस मामले में कैविएट दाखिल कर रखी है। बीते दिनों इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ पीठ ने आरक्षण नियमों का पालन न करने को लेकर प्रदेश सरकार द्वारा जारी की गई चयन सूची रद्द कर दी थी और तीन महीने के भीतर नई सूची जारी करने का आदेश दिया था। इसके बाद से प्रदेश सरकार पर विपक्ष ने आरक्षण विरोधी होने के आरोप लगाए थे। इस पर योगी सरकार ने बयान जारी कर कहा था कि सरकार किसी भी अभ्यर्थी के साथ अन्याय नहीं होने देगी। इसके पहले भी आरक्षित और अनारक्षित अभ्यर्थी हाईकोर्ट के आदेश को लेकर आमने सामने आ चुके हैं। 22 अगस्त को आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी बेसिक शिक्षा निदेशालय पर धरना दे रहे थे कि अनारक्षित अभ्यर्थी भी वहां पहुंच गए। दोनों पक्ष आमने-सामने धरने पर बैठकर नारेबाजी करने लगे। किसी विपरीत परिस्थिति से बचने के लिए पुलिस बीच में दीवार बनकर खड़ी रही। हालांकि, महानिदेशक स्कूल शिक्षा कंचन वर्मा से वार्ता में आश्वासन के बाद अनारक्षित श्रेणी के अभ्यर्थियों ने धरना समाप्त कर दिया था।

### दो सितंबर को करेंगे मुख्यमंत्री आवास का घेराव

मामले में आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थी लगातार धरने पर बैठे हुए हैं। अभ्यर्थियों की मांग है कि प्रदेश सरकार इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ के आदेश का पालन करे। जिसके तहत सरकार को भर्ती की नई चयन सूची जारी करनी है। अभ्यर्थियों का कहना है कि अधिकारियों के ढीले रवैये के कारण अभी तक चयन सूची जारी नहीं की गई। इससे धरनारत आरक्षित वर्ग के अभ्यर्थियों में बेसिक शिक्षा विभाग के अधिकारियों के प्रति भारी आक्रोश है। इसी वजह से ओबीसी, एससी अभ्यर्थियों ने दो सितंबर को मुख्यमंत्री आवास घेरने व महाधरने का आह्वान किया है।

## आज अलीगढ़ के खैर में सीएम योगी, रहेंगे 165 मिनट

**जन एक्सप्रेस | लखनऊ**

यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ 28 अगस्त को अलीगढ़ के खैर में आ रहे हैं। वह रोजगार मेला और टैबलेट वितरण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। साथ ही वह जनसभा को भी संबोधित करेंगे। सीएम योगी के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार वह 11:55 बजे खैर के सोमना रोड स्थित गुरूकुल पब्लिक स्कूल पहुंचेंगे। सीएम योगी दोपहर 12 से 1 बजे तक रोजगार मेले का शुभारम्भ, टैबलेट वितरण एवं जनसभा को सम्बोधित करेंगे।

**रिपोर्ट** 11 से 13 सितंबर के बीच इलेक्ट्रॉनिका इंडिया व 25 से 29 सितंबर के बीच आयोजित होने वाले यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स डिपार्टमेंट करेगा प्रतिभाग

# इलेक्ट्रॉनिका इंडिया व यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स डिपार्टमेंट का बनेगा भव्य पवेलियन

- सीएम योगी के विजन अनुसार, सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश बढ़ती सहभागिता और सेक्टर फेवरिंग नीतियों को वृहद स्तर पर किया जाएगा शोकेस
- ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क फेज 2 में स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर में हो रहे आयोजन के लिए विभाग ने शुरू की तैयारियां
- यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) ने शुरू की एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। लखनऊ/ग्रेटर नोएडा**



उत्तर प्रदेश को उत्तम प्रदेश बनाने के लिए प्रयासरत योगी सरकार सूचना व प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में प्रदेश की व्यापक उपस्थिति को अब बड़े स्तर पर दर्शाने जा रही है। देश?विदेश के निवेशकों का प्रदेश में कार्यरत आईटी सेक्टर के प्रति ध्यान आकृष्ट कराने और इस परिदृश्य में निवेश आकर्षित करने के लिए यह पहल महत्वपूर्ण निभाएगी। उल्लेखनीय है कि प्रदेश में पिछले कुछ वर्षों में इन्फॉर्मेशन व टेक्नोलॉजी, इलेक्ट्रॉनिक्स और सेमिकंडक्टर मैनुफैक्चरिंग जैसे कई सेक्टर्स के बड़े क्लस्टर्स कार्यरत हैं जबकि निकट भविष्य में और कई क्लस्टर्स के स्थापना की प्लानिंग चल रही है। ऐसे में, सूचना एवं प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश बढ़ती सहभागिता और योगी सरकार द्वारा सेक्टर फेवरिंग नीतियों को वृहद स्तर पर शोकेस करने के लिए उत्तर प्रदेश आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग भव्य पवेलियन के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिका इंडिया व यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में सहभागिता करने जा रही है। यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीएलसी) ने इस क्रम में एजेंसी निर्धारण व कार्यावंटन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।

### 100 स्क्वेयर मीटर एरिया में पवेलियन की होगी स्थापना

सेमिकॉन इंडिया द्वारा आयोजित इलेक्ट्रॉनिका इंडिया कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा 145 स्क्वेयर मीटर क्षेत्र प्रसार वाले पवेलियन की स्थापना व संचालन होगा। जबकि, इंडिया एक्सपोजिशन मार्ट लिमिटेड द्वारा आयोजित यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो में उत्तर प्रदेश आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग द्वारा 100 स्क्वेयर मीटर एरिया क्षेत्र में पवेलियन की स्थापना की जाएगी। यह पवेलियन ग्राउंड फ्लोर के हॉल नंबर?5 में स्थापित किया जाएगा और इसे डिजिटल डिस्प्ले, वीवीआईपी लाउंज, कॉफी वेंडिंग मशीन्स, एलईडी वीडियो वॉल्स व डिस्प्ले जैसी सुविधाओं से युक्त होगा। यह इंटरैक्टिव स्क्रीन्स व क्रिएटिव कॉन्टेंट बेस्ड कॉन्सेप्च्युलाइज्ड थीम के आधार पर इसका निर्माण किया जाएगा।

### इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में होगा आयोजन

ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क फेज 2 में स्थित इंडिया एक्सपो सेंटर एंड मार्ट में हो रहे इन आयोजनों में पहले 11 से 13 सितंबर के बीच इलेक्ट्रॉनिका इंडिया का आयोजन होगा जबकि 25 से 29 सितंबर के बीच यूपी इंटरनेशनल ट्रेड शो का आयोजन होने जा रहा है। ऐसे में, इन दोनों आयोजनों में सीएम योगी के विजन अनुसार उत्तर प्रदेश आईटी व इलेक्ट्रॉनिक्स विभाग पवेलियन के माध्यम से अपनी व्यापक उपस्थिति दर्ज कराने जा रही है। यहां वह योगी सरकार द्वारा सेक्टर फेवरिंग पॉलिसीज, कार्यरत क्लस्टर्स और उनकी उपलब्धियों के साथ ही भविष्य में स्थापित होने वाले क्लस्टर्स के बारे में भी जानकारियों को साझा करेंगी। यहां सेक्टर स्पेसिफिक नॉलेज सेशन, पार्टनर कंट्री सेशंस, बी2बी/बी2जी/जी2जी बैठकें, नेटवर्किंग मीट के साथ ही नवाचार प्रदर्शनी का आयोजन किया जाएगा। इसमें दुनिया भर के वैश्विक तकनीक व उत्पादों को प्रदर्शित किया जाएगा।

# गंदगी के अम्बार के चलते ग्रामीणों को रही दिक्कतें

**जन एक्सप्रेस । पहाडी, चित्रकूट**



विकास खंड मुख्यालय स्थित ग्राम पंचायत पहाडी बुजुर्ग विकास से कोसों दूर है। ग्रामीण जगह-जगह गंदगी व कीचड युक्त रास्ते से आने जाने को मजबूर हैं और यहां के निवासी मूलभूत समस्याओं से जूझते नजर आ रहे हैं। कस्बा पहाडी के ग्रामीण रामप्रताप कुशवाहा, हीरालाल, डॉ बंगाली, चुनखर यादव, राजकिशोर यादव ने बताया कि राजापुर मेन रोड से कटरा देवी मंदिर तक की सडक का विगत दस साल पूर्व निर्माण कराया गया, लेकिन मानक विहीन निर्माण कार्य होने से आज उस सडक से पैदल निकलना मुश्किल है। जबकि यह मार्ग गांव का प्रमुख मार्ग है। गांव के लोग इसी रास्ते से कटरा देवी के मंदिर जाते हैं। वहीं ग्राम पंचायत में सफाई कर्मियों की उदासीनता का आलम यह है कि जगह-जगह गंदगी के ढेर लगे हैं। सफाई न होने से संक्रामक बिमारियों ने गांव में डेरा डाल रखा है। जिम्मेदारों द्वारा न नालियों की सफाई कराई जा रही, न गंदगी के ढेर हटवाए जा रहे और न ही ब्लीचिंग पाउडर का छिडकाव कराया गया। क्षेत्र के लाखों लोगों की आस्था के केन्द्र पालेश्वर नाथ मंदिर के रास्ते में कूडे का ढेर लगा है। साथ ही देवी मंदिर के पास लगा हैंडपंप लम्बे समय से खराब है। जबकि यहां श्रद्धालु आकर पानी लेते हैं। शासन? द्वारा जुलाई माह से ही गौवंश को गौशाला में संरक्षित करने का आदेश दिया था, लेकिन पहाडी ग्राम पंचायत की कर्वी रोड, ब्लाक मुख्यालय, पावर हाउस, विसण्डा रोड, मेला मैदान, राजापुर रोड, सडकों पर शाम होते ही गौवंश खुलेआम घूमते नजर आते हैं। इसके अलावा थाना के सामने, पालेश्वर नाथ मंदिर मार्ग, वैष्णव देवी मन्दिर, कटरा देवी मंदिर मार्ग आदि जगहों पर गंदगी के ढेर लगे हैं। विसंडा रोड में नालियों की सफाई न होने से कई दुकानदारों के सामने एवं घरों में पानी भर जाता है।


## 9 सितम्बर तक करें हज यात्रा के लिए आवेदन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी महेन्द्र नाथ ने बताया कि हज समिति आफ इण्डिया मुम्बई द्वारा हज सत्र-2025 की घोषणा कर दी गयी है। जिसके अन्तर्गत हज आवेदन फार्म ऑनलाइन 9 सितम्बर तक भरे जायेगें। ऑनलाइन आवेदन फार्म हज समिति आफ इण्डिया मुम्बई की वेबसाइट पर भरे जा सकते हैं या मोबाइल एप हज सुविधा द्वारा भी भरे जा सकते हैं। ऐसे सभी व्यक्ति हज-2025 के आवेदन पत्र भरने के पात्र हैं, जिनके पास हज आवेदन भरने की अन्तिम तिथि से पहले जारी वैद्य मशीन द्वारा पठनीय भारतीय अन्तर्राष्ट्रीय पासपोर्ट उपलब्ध हो और जिसकी वैद्यता कम से कम 15 जनवरी 2026 तक हो। इच्छुक हज आवेदकों से अनुरोध है कि जिला स्तर पर हज सुविधा केन्द्र, साइबर कैफे व स्वयं ऑनलाइन वेबसाइट व मोबाइल एप हज सुविधा के माध्यम से आवेदन करें। लखनऊ जिले के लिए उत्तर प्रदेश राज्य हज समिति कार्यालय, सरोजनीनगर, लखनऊ पर भी हज सुविधा केन्द्र स्थापित कर दिया गया है, जहाँ निःशुल्क आवेदन सुविधा उपलब्ध है।

# भीम आर्मी ने उठाया सड़क निर्माण का मुद्दा

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



बस्ती के आवागमन के लिए सड़क निर्माण न होने से परेशान ग्रामीणों ने भीम आर्मी भारत एकता मिशन के बैनर तले जिला मुख्यालय में प्रदर्शन किया। इस दौरान मुख्यमंत्री को सम्बोधित ज्ञापन उप जिलाधिकारी को सौंपकर समस्या निस्तारित कराए जाने की मांग की गई।

भीम आर्मी भारत एकता मिशन के जिला संयोजक संजय कुमार गौतम ने बताया कि राजापुर तहसील के देवल गांव के कल्लू का पुरवा जाने के लिए राजनारायण के घर से कलवारा बुजुर्ग तक लगभग एक किमी का कच्चा रास्ता बना है। लगभग 500 लोगों की आबादी वाले इस बस्ती में कई दशक बाद भी सड़क निर्माण नहीं कराया गया है। आवश्यकता पड़ने पर वहां एम्बुलेंस और अन्य संसाधन पहुंचने में भी समस्या होती है। इसी प्रकार राजापुर तहसील के भम्भेट में सामुदायिक शौंचालय से राजकरन के घर तक लगभग 500 मीटर लम्बा कच्चा रास्ता बना हुआ है। 500 की आबादी वाली इस बस्ती में सड़क न होने के कारण बारिश के समय लोगों का आवागमन बंद हो जाता है। जिससे बच्चों की शिक्षा बाधित होती है। उन्होंने बताया कि इन दोनों स्थानों में सड़क निर्माण की मांग कई बार की जा चुकी है, किन्तु कोई सुनवाई नहीं हो रही है। ऐसे में दोनों स्थानों पर सड़क निर्माण कराया जाना चाहिए। इस मौके पर असपा (का) जिलाध्यक्ष कुंवर सिद्धार्थ, एमडी पाल, लवलेश कुमार, रामू, अमर सिंह, रज्जू, प्रदीप, लवकुश, अवधेश, प्रेम सागर, राहुल दिवाकर, सीएल भारतीय आदि मौजूद रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर हुआ बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




राष्ट्रीय खेल दिवस 29 अगस्त के अवसर पर मंगलवार को बैडमिंटन बालक-बालिका एवं मिक्स डबल की प्रतियोगिता आयोजित की गई। जिसमें जनपद में बालिका वर्ग में 37, बालक वर्ग में 52 व मिक्स डबल्स में 20 खिलाडियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का शुभारम्भ जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, पहाड़ी ब्लाक प्रमुख सुशील द्विवेदी, मानिकपुर अरविंद मिश्रा, जगद्गुरू रामभद्राचार्य दिव्यांग राज्य विश्वविद्यालय से मनोज पांडेय ने किया।

क्षेत्रीय अधिकारी विजय कुमार ने जिला पंचायत द्वारा जिम हाल तथा सडक का निर्माण करने पर जिला पंचायत अध्यक्ष का आभार व्यक्त किया। साथ ही केन्द्र सरकार तथा प्रदेश सरकार की खेल नीतियों एवं पुरस्कार के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार खिलाडियों के उत्थान एवं सुविधाओं के लिए सराहनी प्रयास कर रही है। अब खिलाडियों का दायित्व है की मिल रही सुविधाओं का लाभ लेकर खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करें। प्रतियोगिता में सिंगल बालिका वर्ग में वसुंधरा प्रथम, शुभ द्वितीय रही। डबल्स बालिका वर्ग में वसुंधरा एवं ऋतंभरा प्रथम, सृष्टि एवं शुभ द्वितीय रहीं। बालक वर्ग सिंगल में प्रथम अमीर, तथा द्वितीय अर्श खान रहें।

इस मौके पर श्याम सुंदर, कृष्णा, अंगद सिंह, फिरोज अंसारी, अख्तर हुसैन आदि मौजूद रहे।

# मथुरा से आए कलाकारों ने श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर दीं शानदार प्रस्तुतियां

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**




श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर पुलिस लाइन्स एवं कोतवाली कर्वी में हर वर्ष की भांति पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक चक्रपाणि त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी राजापुर निष्ठा उपाध्याय, क्षेत्राधिकारी नगर लाइन्स राजकमल, प्रतिसार निरीक्षक शिवनारायण, पीआरओ प्रवीण कुमार सिंह की उपस्थिति में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के कार्यक्रम का आयोजन किया गया। पुलिस लाइन्स में पुलिस अधीक्षक ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। कार्यक्रम में पुलिस लाइन्स में आवासित पुलिस परिवार के बच्चों ने राधा-कृष्ण की पोशाक पहनकर फैन्सी ड्रेस प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। साथ ही बच्चों द्वारा भगवान श्री कृष्ण के भक्ति संगीत पर मनमोहक प्रस्तुति पेश की गयी। इसके बाद मथुरा से आये कलाकारों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के भजनों पर नृत्य एवं रासलीला का मंचन किया गया। इस दौरान पुलिस परिवार के बच्चों ने फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता एवं डांस प्रतियोगिता में राधा-कृष्ण की ड्रेस पहनकर प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक ने इनाम देकर पुरुस्कृत किया। पुलिस अधीक्षक एवं अपर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइंस स्थित मंदिर में विधि-विधान से हवन पूजन कर भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव मनाया। कोतवाली कर्वी में कीर्तन पार्टी ने भगवान श्रीकृष्ण की भक्तिमय गीतों से सभी को मंत्रमुग्ध किया।

इस मौके पर मानिकपुर विधायक अविनाश चन्द्र द्विवेदी, पूर्व मंत्री चन्द्रिका प्रसाद उपाध्याय, पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष नरेन्द्र गुप्ता, जिला सहकारी बैंक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल, भाजपा जिलाध्यक्ष लवकुश चतुर्वेदी आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात कारणों के चलते महिला ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**जन एक्सप्रेस/उरई।** जालौन कोतवाली क्षेत्र के ग्राम रूरा मल्लू में महिला ने फांसी लगा ली। जिसमें उसकी मौत हो गई। नगर कोतवाली क्षेत्र के रूरा मल्लू निवासी राजेश कुमार पुत्र बाबू लाल अपनी पत्नी सोनिया, मां राममूर्ति, बड़े भाई पप्पू, भाभी मुन्नी व अपने दोनों बच्चों अरिहंत 8 वर्ष व अंश 6 वर्ष के साथ रहते थे।

मां रक्षाबंधन पर अपने मायके गई हुई थी। जबकि भाभी अपने पिता की मौत के चलते मायके में थी, और घर में पति पत्नी के अलावा भाई व बच्चे थे। सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के मौके पर खाना खाने के बाद सभी लोगों हंसी-खुशी सो गये। देर रात अज्ञात कारणों के चलते सोनिया पत्नी राजेश कुमार ने टीनशैट वाले कमरे में जाकर गमछे का फंदा गले में डालकर फांसी लगा ली। जिससे उसकी मौत हो गई। सुबह जागने पर पति ने उसका शव कमरे में लटका देखा तो वह चीखने लगा। तभी परिजनों के अलावा पड़ोस के लोग भी मौके पर पहुंच गए और खबर पुलिस को दी।

# लड्डू गोपाल जी की शोभायात्रा में उमड़े भक्त




**जन एक्सप्रेस । कालपी**

मंगलवार को प्राचीन मां बनखंडी देवी से महंत जमुना दास जी महाराज के नेतृत्व में लड्डू गोपाल की शोभायात्रा निकाली गई।बनखंडी देवी से लड्डू गोपाल की शोभायात्रा शुरू हुई।नगर के खोया मंडी,टरनन गंज फुल पावर चौराहा कोतवाली रोड स्टेशन चौराहा बजरिया इलाहाबाद बैंक बताशा मंडी होते हुए वापस मंदिर प्रांगण में समाप्त हुई इस मौके पर दिग्विजय सिंह राघवेंद्र सिंह यादव एडवोकेट,देवेंद्र गुप्ता धर्मेंद्र सिंह चौहान कोमल ठाकुर विमल कुमार द्विवेदी नीतू गुप्ता, कल्लू सिंह यादव, साहित,तमाम भक्त मौजूद रहे लड्डू गोपाल की शोभायात्रा को आकर्षक ढंग सजाया गया था और देरशाम निर्धारित समय पर उनकी पूजा अर्चना की गयी और प्रसाद का भी वितरण किया गया।

## किन्हीं कारणों से युवती ने फांसी लगाकर दी जान

**जन एक्सप्रेस/उरई।** गोहन थाना क्षेत्र के सरावन में किन्हीं कारणों के चलते युवती ने फांसी लगाकर जीवन लीला समाप्त कर ली। परिजनों ने गांव के ही तीन लोगों पर छेड़खानी करने का आरोप लगाते हुए घटना की तहरीर पुलिस को दी।

गोहन थाना क्षेत्र के ग्राम सरावन निवासी कल्ले की 20 वर्षीय पुत्री चांदनी ने सोमवार की रात खाना खाने के बाद परिवार के साथ सोने चली गई। तभी किन्हीं कारणों के चलते उसने छत पर लगे पंखे के हुक में रस्सी का फंदा लगाया और फांसी पर लटक गई। जिससे उसकी मौत हो गई। मंगलवार की सुबह जब वह कमरे से बाहर न निकलने पर परिजन उसके कमरे पर गए। जहां पर उसका शव फांसी के फंदे पर लटक रहा था। पुत्री के शव को लटका देख परिजनों में कोहराम मच गया, और मामले की सूचना पुलिस को दी। खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को उतारकर कब्जे में लिया और पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मामले में भाई तौसीब ने गांव के तीन लोगों पर मोबाइल पर बात करने से परेशान करने का आरोप लगाया है।

# विश्व अहिंसा दिवस पर 15 से 2 अक्टूबर तक होंगी प्रतियोगिताएं

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**

विश्व अहिंसा दिवस समारोह के आयोजन को लेकर आयुष्मान वानप्रस्थ विश्वविद्यालय की प्रबंध कार्यकारिणी की बैठक अध्यक्ष पंकज अग्रवाल की अध्यक्षता में हुई। जिसमें विश्व अहिंसा दिवस समारोह को धूमधाम से मनाने व विभिन्न प्रतियोगिताएं संपादित कराने का निर्णय लिया गया।

इस वर्ष प्रतियोगिता के आयोजन के लिए चित्रकूट इण्टर कॉलिज के प्रवक्ता फूलचंद्र चंद्रवंशी को संयोजक, पंकज दुबे सह संयोजक और लालमन कोषाध्यक्ष होंगे। सामान्य ज्ञान की प्रतियोगिता तीनों संवर्गों में इस वर्ष पुनः आयोजित होंगी। सामान्य ज्ञान क्विज की भी प्रतियोगिता होंगी। जिन विद्यालयों में सामान्य ज्ञान के 100 से अधिक प्रतिभागी होंगे, वहां विद्यालय की सहमति से परीक्षा केन्द्र स्थापित किया जायेगा। मुख्य परीक्षा का केन्द्र सीआईसी इण्टर कॉलिज रहेगा। इसके अलावा शान्ति इण्टर कॉलिज पहाडी और भाभा कॉन्वेंट स्कूल कर्वी को भी केन्द्र बनाया गया है।

संस्था के निदेशक बीबी सिंह ने बताया कि इस वर्ष एक महत्वपूर्ण निर्णय यह भी लिया गया है कि जहां पर केन्द्र होगा, वहां सामान्य ज्ञान को प्रोत्साहित करने के लिए विद्यालय स्तर पर सभी संवर्गों में 5 स्थानों तक पुरस्कार और 5 सांत्वना प्रमाण पत्र दिए जायेंगे। विद्यालय स्तर पर पुरस्कृत छात्र की मेरिट यदि जनपद स्तर पर भी पुरस्कार की मेरिट में पाई जायेगी, तो उसे अलग से भी सम्मानित किया जाएगा। यह व्यवस्था केवल सामान्य ज्ञान पर लागू होगी। बैठक में सभी प्रतियोगिताओं के विषय भी तय किए गए। काकोरी रेल दुर्घटना का शताब्दी वर्ष होने के कारण चित्रकला, निबंध, भाषण और सामान्य ज्ञान में इस विषय पर विशेष रूप से फोकस रहेगा। लाल बहादुर शास्त्री के जन्म के 120 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष में सभी प्रतियोगिताओं में उनके व्यक्तित्व और कृतित्व का भी समावेश होगा।

कोषाध्यक्ष लालमन ने बताया कि चित्रकला की सीनियर प्रतियोगिता का विषय काकोरी रेल दुर्घटना का चित्रांकन होगा। जूनियर संवर्ग का विषय जय जवान, जय किसान रखा गया है। प्राइमरी संवर्ग के छात्र गांधी जी के तीन बंदर का चित्रांकन करेंगे। जिला संयोजक विजय चंद्र गुप्ता ने बताया कि इस वर्ष सीनियर संवर्ग के निबंध और भाषण का विषय काकोरी रेल दुर्घटना का स्वतंत्रता के आंदोलन में प्रभाव, परिणाम, जूनियर संवर्ग में जय जवान, जय किसान, नारे की प्रासंगिकता और प्राइमरी संवर्ग में हमारे जीवन में वृक्षों का महत्व रखा गया है। उपनिदेशक हीरा लाल सोनी और सह संयोजक पंकज दुबे ने बताया कि सांस्कृतिक संध्या का भव्य आयोजन 2 अक्टूबर को सीआईसी के सभाकक्ष में होगा। जिसमें तिरंगा जान हमारी, तिरंगा शान हमारी थीम पर प्रतियोगी प्रस्तुतियां होंगी। निर्णायक मंडल में ग्रामोदय विश्वविद्यालय, राजकीय और साहू जी महाराज महाविद्यालय के प्राध्यापकों की सेवाएं ली जाएंगी।

मुख्य व्यवस्थापक रामबाबू गुप्ता, सुषमा सिंह, अतुल सिंह, ललूराम शुक्ला, कमला साहू, अनिता सिंह, वर्षा गुप्ता, डॉ शिवशंकर शुक्ला, अनिल अग्रवाल, राजेश दुबे और नीरज गुप्ता ने सभी विद्यालयों से अधिक से अधिक छात्रों को प्रतियोगिताओं में सहभागिता कराने की अपील प्रधानाचार्यों से की है। इस आयोजन के मीडिया प्रभारी शंकर यादव होंगे। कार्यक्रम संरक्षक के रूप में पूर्व सांसद भैरव प्रसाद मिश्रा, पूर्व मंत्री चंदिका प्रसाद उपाध्याय, सदर विधायक अनिल प्रधान, सीआईसी के प्राचार्य डा रणवीर सिंह चैहान, नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र गुप्ता, रंजना उपाध्याय, जय श्री जोग होंगी।

संस्था के निदेशक बलबीर सिंह ने बताया कि राष्ट्रपिता बापू के कलजयी सिद्धांतों से नई पीढी को संस्कारवान करने और हिंसा और नफरत से झुलसते समाज में अहिंसा और विश्व बंधुत्व की चेतना उद्धुद्ध करना आयोजन का मुख्य मकसद है।यह प्रतियोगिताएं 15 सितंबर निबंध, सामान्य ज्ञान, चित्रकला, 29 सितंबर भाषण और मेहदी, 2 अक्टूबर को रंगोली और सांस्कृतिक संध्या तथा पुरस्कार वितरण का आयोजन किया जाएगा।

### झांसी में आयोजित सेमिनार में मिला सम्मान

# चित्रकूट की प्रधानाध्यापिका आराधना को बेस्ट टीचर का अवार्ड

**जन एक्सप्रेस । चित्रकूट**



दिवंगत महेंद्र कुमार तिवारी फाउंडेशन के तत्वावधान में बीते दिन राजकीय संग्रहालय सभागार झांसी में आयोजित द बेस्ट टीचर 2024 सम्मान समारोह में देश के विभिन्न राज्यों से आए उत्कृष्ट कार्यों एवं नवाचारों के लिए चयनित 75 शिक्षक- शिक्षिकाओं को सम्मानित किया गया।जिसमें जिले के दो शिक्षक शिक्षिकाओं को भी सम्मानित होने का अवसर मिला है। इस उपलब्धि पर जिला बेशिक शिक्षा अधिकारी वीके शर्मा सहित समस्त खंड शिक्षा अधिकारी एवं शिक्षकों ने प्रसन्नता जाहिर करते हुए शुभकामनाएं दी हैं। कंपोजिट विद्यालय लोढ़वारा की प्रधानाध्यापिका आराधना सिंह एवं कटैया खादर के शिक्षक साकेत बिहारी शुक्ल को झांसी में आयोजित शिक्षक 2024 सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया।

आराधना ने बताया कि यह सम्मान उनको स्काउटिंगध् गाइडिंग में लगातार सेवा देने, अपने विद्यालयों में रास्ता, भौतिक विकास, बेहतर शिक्षण कार्य से बच्चों का इंस्पायर अवार्ड में चयन, बच्चों का विज्ञान प्रदर्शनी और राष्ट्रीय विज्ञान कांग्रेस में चयन कराना। वर्तमान विद्यालय में बाल संसद का गठन डिजिटल म्टड से कराना। बेहतर शिक्षण कार्यों के साथ साथ समाज में किए गए कार्यों जिसमें बालिकाओं को सशक्त बनाने के लिए आत्मरक्षा प्रशिक्षण शिविर लगाना, ग्रामीण महिलाओं को नशा मुक्ति के लिए जागरूकता अभियान चलाना, कोरोना काल में 100 परिवारों को दवा, मास्क, राशन आदि का सहयोग करना। इन सब कार्यों के लिए दिया गया। कार्यक्रम के अध्यक्ष मृत्युंजय तिवारी ने बताया कि उनके पिता का सपना था कि नवाचारी एवं विद्यालयों और समाज में बेहतर कार्य करने वाले शिक्षकों का सम्मान होना चाहिए।

इस सम्मान समारोह में कंपोजिट विद्यालय लोढ़वारा की प्रधानाध्यापिका आराधना सिंह को मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह व झांसी के बीएसए विपुल शिव सागर एवं बेसिक शिक्षा विभाग की मासिक पत्रिका प्रेरणा के पूर्व संपादक केबी त्रिवेदी, डॉ. अचल सिंह ने बेस्ट शिक्षक अवार्ड 2024 प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।इस विशेष सम्मान के लिए चित्रकूट के बीएसए वीके शर्मा एवं सभी बीईओ व शिक्षकों ने खुशी व्यक्त करते हुए बधाई दी है।

## संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की बिगड़ी हालत, मौत

**जन एक्सप्रेस/जालौन।** संदिग्ध परिस्थितियों में अधेड़ की हालत अचानक खराब हो गई। परिजन उसे तत्काल अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला तोपखाना में कंजर कॉलोनी निवासी बंजारा कंजर की मंगलवार की सुबह संदिग्ध परिस्थितियों में अचानक से तबियत खराब हो गई। परिजन कुछ समझ पाते इससे पूर्व ही उसकी हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे किसी तरह अस्पताल लेकर पहुंचे। लेकिन रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने पर डॉक्टरों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। अधेड़ की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत होने की सूचना मिलते ही एसआई रमेशचंद्र मौके पर पहुंच गए। जहां उन्होंने मृतक के शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# यमुना तट में आयोजित कृष्ण जन्मोत्सव समारोह में कान्हा की जयकारों की रही धूम

**जन एक्सप्रेस । कालपी**



बीती रात को भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह धर्म नगरी कालपी नगर में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। बिहारी मंदिर परिसर में उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह तथा नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद यादव की मौजूदगी में कलाकारों ने गीत, भजन,पूजन का जोरदार प्रस्तुतिकरण किया गया। समारोह में शामिल कृष्ण भक्त झूम उठे। यमुना नदी के तट में स्थित बांके बिहारी धाम में नगर पालिका परिषद कालपी के अध्यक्ष अरविंद यादव तथा कमेटी के सदस्यों के तत्वाधान में विशाल तरीके से श्री कृष्ण जन्मोत्सव समारोह का आयोजन हुआ। शाम 7 बजे से ही मंदिर में महिलाये, बच्चे तथा कृष्ण भक्त इकट्ठा हो गए। बालाजी जागरण मंडल कानपुर के कलाकारों थॉमस श्रीवास्तव अनुज श्रीवास्तव काजल अवस्थी वासु बनारसी नेहा शुक्ला टीटू दलिया रिशा भी हद के द्वारा भजन कीर्तन का जोरदार धार्मिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में मौजूद श्रद्धालु एवं महिलाएं बच्चे भगवान श्री कृष्ण की जय जयकारो से माहौल को गुंजायमान करते रहे।उपजिलाधिकारी सुशील कुमार सिंह ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण के जीवनी को हम लोग ग्रहण करके उसके रास्ते पर चले। पालिकाध्यक्ष अरविंद यादव ने कहा कि हर साल बांके बिहारी धाम कालपी में धूमधाम पूर्वक श्री कृष्ण जन्मोत्सव समारोह का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर जयवीर सिंह यादव एडवोकेट ,डब्बू श्रीवास्तव एडवोकेट, आशू यादव सभासद आदि कृष्ण भक्त भारी संख्या में मौजूद रहे।

janexpressnews janexpresslive janexpresslive

# कानपुर नगर एक्सप्रेस

www.janexpresslive.com/epaper हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस । लखनऊ । बुधवार । 28 अगस्त 2024



**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**
भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण मध्य तेज हवाओं एवं गरज चमक के साथ स्थानीय स्तर पर हल्की से मध्यम वर्षा होने के आसार हैं।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 35.4 (+3.0)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 27.4 (+1.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 82 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 63 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 3.5 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा- उत्तर-पश्चिम
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

*- कृषि मौसम वैज्ञानिक*

# शहीद सैनिक का अस्थि कलश पहुंचा पैतृक गांव





* कलश की अस्थियां समाधि स्थल पर की गई विसर्जित

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**





चौबेपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत भाऊपुर गांव निवासी लांस नायक करण सिंह यादव जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में तैनात थे। 31 दिसंबर 2023 दोपहर सर्च ऑपरेशन के दौरान जा रहे भारतीय सेवा के वाहनों के काफिले पर घात लगाए बैठे आतंकवादियों ने हमला कर दिया था। हमले में करण सिंह यादव के अलावा भारतीय सेवा के कई जवान शहीद हो गए थे। बीते दिन मंगलवार की दोपहर लगभग 12:30 बजे के आसपास शहीद करण सिंह यादव का अस्थि कलश सेना के अधिकारी उनके पत्र गांव भाऊपुर लेकर पहुंचे। अस्ति कलश के गांव पहुंचते ही गांव में हाहाकार मच गया। अपने गांव के वीर सपूत के अस्थि कलश के दर्शन करने के लिए पहले से ही हजारों की तादाद में क्षेत्रीय ग्रामीण मौके पर मौजूद थे। अस्थि कलश को देखकर सभी लोगों की आंखें नम हो गई। शहीद करण सिंह यादव की अस्थियों को सैन्य अधिकारियों ने उनके परिजनों को सौपा। इसके बाद शहीद के परिजनों ने शहीद की अस्थियों को समाधि स्थल ले जाकर विसर्जित किया।

आपको बताते चलें कि लांस नायक करण सिंह यादव जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में तैनात थे। 23 दिसंबर 2023 के सुबह सैना के अधिकारियों को जानकारी हुई की जम्मू कश्मीर के राजौरी जिले में आतंकी घुसपैठ कर रहे हैं। उसके बाद एक सेवा के टुकड़ी वाहनों से राजौरी की ओर जा रही थी तभी पहले से घात लगाए बैठे आतंकियों ने सेवा के काफिले पर हमला कर दिया हमले में वहां बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वही अचानक हुए आतंकी हमले में सेवा के कई जवान शहीद हो गए। आतंकी हमले के कई हफ्तों बाद शाहिद करण सिंह यादव के पार्थिव शरीर को उनके पैतृक गांव ले जाया गया था इसके बाद बिठूर के श्मशान घाट पर राजकीय सम्मान के साथ उनका अंतिम संस्कार कराया गया था। डीएनए टेस्ट के बाद शहीद करण सिंह यादव के अस्थि कलश को उनके परिजनों को सौंप दिया गया। मौके पर मौजूद उप जिलाधिकारी बिल्हौर रश्मि लंबा, प्रधान विद्यासागर के अलावा हजारों ग्रामीणों ने शहीद करण सिंह यादव के समाधि पर पुष्प अर्पित किए।

**शहीद करण सिंह यादव के पिता बोले नहीं बना शहीद द्वार, नहीं बना रोड नहीं बना स्मारक, सारें वादे झूठे**

लांस नायक शहीद करण सिंह यादव के पिता बालक राम ने पत्रकार उसी के बातचीत करते हुए कहा मेरे बेटे ने देश के लिए कुर्बानी दी लेकिन प्रदेश सरकार ने मेरे बेटे के शहीद होने के उपरांत जो वादे किए थे वह अभी तक पूरे नहीं हुए हैं। प्रदेश के मुखिया योगी आदित्यनाथ जी ने कहा था कि शहीद करण सिंह यादव के पैतृक गांव में शहीद के नाम से प्रवेश द्वार, शहीद पार्क, व शहीद के नाम से एक सड़क का निर्माण कार्य कराया जाएगा। लेकिन अभी तक एक भी कार्य नहीं कराया गया है। आश्वासन तो सभी ने दिया लेकिन अभी तक कोई अधिकारी झांकने तक नहीं आया है।

## जन्माष्टमी के लिए मंडी में खीरा बेचने जा रहे चाचा-भतीजा सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिधनू थानाक्षेत्र अंतर्गत सागर हाइवे पर स्थित हड़हा गांव के सामने खीरा लेकर सब्जी मंडी बेचने जा रहे बाइक सवार चाचा भतीजे को पीछे से आ रही पिकअप लोडर ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही दोनों बाइक समेत हाइवे पर गिर गए और इसी बीच पीछे से आ रहे गिट्टी लदे ट्रक ने बाइक सवारों को कुचल दिया। हादसे में खड़ेसर गांव निवासी किसन पाल उम्र 40 वर्ष व भतीजे सोनू उम्र 22 वर्ष दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, ग्रामीणों ने ट्रक चालक को पकड़ कर पुलिस को सूचना दी।

उधर, हाइवे पेट्रोलिंग स्टॉफ देवेंद्र व 108 एम्बुलेंस द्वारा दोनों घायलों को बिधनू सीएचसी पहुंचाया। जहां पर प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को हैलेट रेफर कर दिया गया। जहां पर डॉक्टरों ने दोनों की स्थिति चिंताजनक बताई है।

उधर, घटना से आक्रोषित परिजनों व ग्रामीणों ने हाइवे पर जाम लगा दिया। सूचना पर पहुंचे घाटमपुर एसीपी रंजीत कुमार सिंह ने परिजनों को बताया कि उन्होंने डॉक्टरों से बात कर बेहतर इलाज करने की बात कही है। उन्होंने परिजनों को समझाते हुए कहा कि आप लोग जो तहरीर देंगे उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। जिस पर परिजन मान गए और कानपुर सागर हाईवे पर जाम खोल दिया।

## बिल्हौर थाना क्षेत्र के डुड़वा जमौली गांव में पति की हत्या में पत्नी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**



बिल्हौर थाना क्षेत्र की डुड़वा जमौली गांव में बीते दिन पति-पत्नी में किसी बात को लेकर मारपीट हुई थी अगले दिन पति रिक्शा चालक राधेलाल 45 वर्षीय की इलाज के दौरान मौत हो गई। घायल अवस्था में वह दवा लेकर रात भर सोता रहा और दूसरे दिन सुबह वह रिक्शा लेकर पुनः रिक्शा चलाने के लिए चला गया। वहीं रिक्शा चलाने के बाद थक जाने पर उत्तरीपुरा से पहले बंबे के किनारे सो गया और बेहोश हो गया बेहोशी की हालत में पड़ा देख राहगीरों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने राधेलाल को अस्पताल में भर्ती कराया जहां पर इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने जांच में पाया कि पत्नी द्वारा ईट से पेट पर प्रहार कर देने से कुछ समय तक तो जीवित रहा फिर पति की इलाज के दौरान मौत हो गई थी। सहायक पुलिस आयुक्त बिल्हौर अजय कुमार त्रिवेदी के कुशल निर्देशन में थाना पर पंजीकृत मु0असं0 238/2024 धारा 105 बीएनएस की अभियुक्ता सुनीता उर्फ गीता उर्फ रीता उम्र करीब 42 वर्ष पत्नी राधेलाल निवासिनी ग्राम डोडवा जमौली को उनके घर से गिरफ्तार किया गया। दिनांक 26.08.2024 को विकाश कुमार पुत्र श्रीकृष्ण निवासी डोडवा जमौली ने अपने चाचा राधेलाल पुत्र स्व0 सोने लाल निवासी उपरोक्त की हत्या चाची सुनीता उर्फ रीता उर्फ गीता द्वारा करने के सम्बंध में पंजीकृत करायी गयी थी। दौरान विवेचना तथ्य प्रकाश में आया कि मृतक के नाजायज सम्बंध किसी अन्य महिला से थे जिन्हें आपत्तिजनक स्थिति में देखने के पश्चात अभियुक्ता द्वारा झुब्ध होकर अपने पति राधेलाल को ईंट से मारकर घायल कर दिया गया तथा उपचार के लिए जाते समय राधेलाल की मृत्यु हो गयी।

अभियुक्ता द्वारा आलाकत्ल ईट की बरामदगी करायी गयी अभियुक्ता को न्यायिक रिमाण्ड हेतु न्यायालय भेजा जा रहा है। पुलिस ने आला कत्ल बरामदगी एक अदद ईट पक्की रंग लाल मार्का (JsubhS) मु0असं0 238/2024 धारा 105 बीएनएस अ भियुक्ता की गिरफ्तारी व आलाकत्ल बरामदगी करने वाली टीम- अति0 निरीक्षक पंकज सिंह, म0उ0नि0 यूटी बरखा ताम्रकार, संदीप कुमार आदि। प्रभारी निरीक्षक अशोक कुमार सरोज ने बताया महिला का मेडिकल परीक्षण कराने के बाद जेल भेज दिया गया है।

## बिल्हौर पुलिस ने 24 घंटे में माल वह लुटेरों को गिरफ्तार कर डॉक्टरी परीक्षण के बाद भेजा जेल



**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिल्हौर थाना पुलिस ने 24 घंटे के भीतर ही दो लुटेरों को गिरफ्तार किया है जिनके पास से चोरी की गई मोटर साइकिल, मोबाइल और लूटे गये रुपयो व माल बरामद कर डाक्टरी परीक्षण कराने के बाद में जेल भेज दिया है।

आपको बताते चलें कि 26 सितंबर दिन सोमवार को वादिनी सीतेश पत्नी रविकान्त निवासिनी ग्राम कुदौरा थाना बिल्हौर द्वारा खजुरी से सांभी के मार्ग पर दो अज्ञात व्यक्ति अपनी बजाज पल्सर मोटर साईकिल यू0पी0 78 जीएस 7501 सवार द्वारा पीड़िता के पुत्र से छीना झपटी कर वीवो वाई 28एस 5 जी मोबाइल नंबर 8429614318 मोबाइल एवं जेब में रखे दो सौ रुपये लूट करने के बट फरार हो गए थे। जिस संबंध में पीड़िता द्वारा पुलिस को प्रार्थना पत्र दिए जाने के बाद मु0अ0सं0 239/2024 अन्तर्गत धारा 309(6) बीएनएस में पंजीकृत कराया था। विवेचना के दौरान साक्ष्य संकलन के आधार पर लुटेरे विशाल पुत्र गोपाल निवासी ग्राम रानेपुर थाना बिल्हौर कानपुर नगर उम्रकरीब 20 वर्ष व शोभित पुत्र सुरेश कठेरियाँ निवासी डुडवा जमौली थाना बिल्हौर कानपुर नगर उम्र करीब 19 वर्ष का नाम प्रकाश में आया। थाना स्थानीय पुलिस द्वारा अथक प्रयास कर अभियुक्तगण विशाल पुत्र गोपाल निवासी ग्राम रानेपुर थाना बिल्हौर कानपुर नगर उम्र करीब 20 वर्ष शोभित पुत्र सुरेश कठेरियाँ निवासी डुडवा जमौली थाना बिल्हौर कानपुर नगर उम्र करीब 19 वर्ष को 27 सितंबर को चण्डाली हाइवे अन्डरपास के पास से गिरफ्तार किया गया है। लुटेरों के पास से लूटा गया वीवो वाई 28 एस 5 जी मोबाइल नंबर 8429614318 मोबाइल तथा 200 रूपये व घटना में प्रयुक्त बजाज पल्सर रजिस्ट्रेशन नं यू0पी078 जी एस 7501 बरामद हुई है। दोनों लुटेरों को माननीय न्यायालय के समक्ष माती में पेश किया गया।

**गिरफ्तार करने वाली टीम–**
अभियुक्तगणों को गिफ्तार करने वाली टीम उ0नि0 आनन्द कुमार, उ0नि0 यूटी शनि मौर्या, हे0का0 जयपाल सिंह आदि। थाना प्रभारी अशोक कुमार सरोज ने बताया कि टीम ने सराहनीय कार्य किया है।

## ब्रह्मावर्त नवजीवन सेवा समिति ने मनाया वन महोत्सव




**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

बिठूर। बीते दिन मंगलवार को ब्रह्मावर्त नवजीवन सेवा समिति के तत्वावधान में बिठूर के राव पार्क में साप्ताहिक वन महोत्सव कार्यक्रम के माध्यम से पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे मुख्य रूप से फलदार, औषधि एवं छायादार पौधों को रोपित किया गया। पौधों की वैदिक परंपरा के अनुसार कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बिठूर विधानसभा विधायक अभिजीत सिंह सांगा के द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए बिठूर विधायक अभिजीत सिंह सांगा ने कहा की वर्तमान समय में जिस प्रकार पौधों को काटा जा रहा है। ऐसी स्थिति में यदि प्रत्येक व्यक्ति दो पौधे लगाए तो आने वाली पीढ़ी को हम लोग स्वच्छ वतावरण दे सकते हैं।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से गंगा सभा अध्यक्ष शिव दीन द्विवेदी, मंडल अध्यक्ष राम अवतार वर्मा, समिति के सचिव आशुतोष द्विवेदी, राम प्रकाश यादव और पुष्कर शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

### गाली गलौच और मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

पनकी निवासी रत्नेश शुक्ला ने अपने पिता सुरेश चन्द्र, भाई राजेश शुक्ला व भतीजी पर मारपीट, गाली गलौच का आरोप लगाते हुए थाने में प्रार्थना पत्र दिया है। रत्नेश शुक्ला ने पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया है कि वह अपने घर के बाहर खड़ा था। इस दौरान पिता,भाई व भतीजा उसके साथ गाली गलौच करने लगे। जब उसने विरोध किया तो इन सभी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की और सिर फाड़ दिया।

इस दौरान घर के बाहर हो रहे विवाद को देखकर आसपास के लोग पहुंचे तो यह सभी जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी पनकी ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## ट्रक की टक्कर से ऑटो चालक की मौत



* परिजनों ने हाईवे जाम कर किया हंगामा

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर के सचेंडी थानाक्षेत्र में कानपुर इटावा नेशनल हाईवे पर ट्रक की टक्कर से ऑटो चालक की मौत हो गई। नाराज परिजनों ने हंगामा कर हाईवे पर जाम लगा दिया। पुलिस अधिकारियों ने लोगों को समझाबुझा कर मामला शांत कराया। इस दौरान करीब एक घंटे तक लोग जाम में फंसकर परेशान हुए। कानपुर देहात के बसई नौबस्ता शिवली निवासी ऑटो चालक विष्णु कमल (34) मंगलवार को दोपहर 3:30 बजे ऑटो लेकर जा रहा था।

भौंती बीपीसीएल पंप के सामने तेज रफ्तार अनियंत्रित ट्रक ने ऑटो में साइड से टक्कर मार दी। हादसे में ऑटो ट्रक और रेलिंग के बीच दब गया। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि ट्रक चालक लापरवाही से ट्रक दौड़ा रहा था। काफी देर तक दोनों क्षतिग्रस्त वाहन हाईवे पर तिरछे खड़े रहे। इससे जाम लग गया। हादसे से नाराज ग्रामीणों ने रोड जाम कर हंगामा किया। हाईवे जाम की सूचना पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों को कड़ी मशक्कत के बाद लोगों को समझा बुझाकर जाम हटवाया। थाना प्रभारी पंकज त्यागी ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात चालू कराया। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर कार्रवाई की जाएगी। उधर, कई किलोमीटर लंबा जाम लग गया। जाम में फंसे लोग दूसरे रास्तों से अपने गंतव्य को निकले।

# योगी आदित्यनाथ की रैली के पहले पुलिस का निरीक्षण







**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में सीसामऊ विधानसभा सीट पर उपचुनाव से पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 29 अगस्त को कानपुर को 520 करोड़ रुपये की विकास कार्यों की सौगात देंगे। लालइमली चौराहा स्थित राजकीय इंटर कॉलेज मैदान पर एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। सीसामऊ विधानसभा सीट के मतदाताओं में जोश भी भरेंगे।

बता दें कि मुख्यमंत्री के आने से पहले कार्यक्रम स्थल सहित सुरक्षा व्यवस्था सहित और भी तैयारिया जोरों शोरों पर है जनसभा स्थल और मेट्रो रूट के साथ ही जीआईसी मैदान को भी चमकाने की कवायद तेज हो गई है। जीआईसी मैदान में टाइल्स लगाए जा रहे हैं। साथ ही वॉटरप्रूफ जर्मन हैंगर वाला टेंट लगाया जा रहा है। सड़क पर फैली मेट्रो की सामग्री को समेट कर पार्किंग को बनाया जा रहा है। जिससे आवागमन में दिक्कत न हो इसके साथ ही लगातार पुलिस प्रशासनिक अधिकारी निरिक्षण कर रहे हैं 29 अगस्त को मुख्यमंत्री का हेलीकॉप्टर पुलिस लाइन में सुबह 11 बजे उतरेगा। वहां से 12:30 बजे तक लौटेंगे। वहीं से वह वापस रवाना होंगे। नगर आयुक्त सुधीर कुमार ने बताया कि सीएम रोड, बरातशाला, कम्युनिटी हॉल, वॉटर सप्लाई की लाइन और भैरोघाट का सौंदर्याकरण आदि योजनाओं का बटन दबाकर लोकार्पण व शिलान्यास मुख्यमंत्री करेंगे।

जानकारी अनुसार मुख्यमंत्री के हाथो स्वामी विवेकानंद स्मार्ट फोन टैबलेट वितरण योजना के अंतर्गत आठ हजार युवाओं को टैबलेट दिए जाएंगे। जीआईसी मैदान में रोजगार और लोन मेला भी लगेगा। रोजगार देने करीब 50 कंपनियां आएंगी।लोन मेले में भी 20 से अधिक बैंकों से अफसरों को बुलाया गया है। यह ओडीओपी, स्टार्टअप, पीएम स्वनिधि, एनआरएलएम, किसान क्रेडिट कार्ड योजनाओं के अंतर्गत लाभार्थियों को लोन देंगे। मंच पर भी सीएम 20 लाभार्थियों को अन्य योजनाओं का लाभ दे सकते हैं।

## रुपये से भरा पर्स गिरने से आहत वृद्ध ने फंदे से लटक कर दी जान

* फंदे पर शव लटका देख परिजनों और पुलिस को जानकारी दी।

**जन एक्सप्रेस । कानपुर नगर**

कानपुर में सेन पश्चिम पारा न्यू आजादनगर चौकी क्षेत्र के सकरापुर गांव निवासी रामबिहारी (60) का शव मंगलवार शाम गांव के बाहर राजेंद्र पासवान के बगीचे में फंदे पर लटका मिला। ग्रामीणों ने फंदे पर शव लटका देख परिजनों और पुलिस को जानकारी दी। बेटे राजन ने बताया कि पिता दोपहर को घर के पास ताश के पत्ते खेल रहे थे, जहां उनका रुपये से भरी पर्स गिर गया। वह घर लौटे और काफी देर तक दरवाजे पर बैठे रहे। इसके बाद वह अचानक गायब हो गए। बताया कि उसकी मां शिवदेवी छोटे भाई धीरेंद्र संग भिल्सी गांव स्थित ननिहाल में रहती हैं। थाना प्रभारी गौतम सिंह ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# मिलावटी खाद्य पदार्थों की जांच में अब नहीं होगी देरी

- दीपोत्सव तक रामनगरी को मिल सकती है खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की प्रयोगशाला
- मण्डलीय कार्यालय का भी निर्माण करा रही योगी सरकार
- दीपोत्सव पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ कर सकते हैं उद्घाटन



**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

मिलावटी खाद्य व नकली दवाओं के सैम्पल की जांच में लगने वाले समय में अब काफी कमी आएगी। रिपोर्ट मिलने में अधिक समय लगने पर लोगों को मुकदमें का निपटारा कराने में वर्षों लग जाते थे। कोर्ट कचहरी का लम्बे समय तक चक्कर न लगाना पड़े, इसके लिए प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्या की रुदौली तहसील के फेलसण्डा में खाद्य एवं औषधि प्रशासन की मण्डलीय प्रयोगशाला व कार्यालय की आधारशिला रखी थी, जिसका निर्माण पूरा हो चुका है। भवन में अब सभी कार्यालय शिफ्ट किए जाएंगे। अयोध्या जनपद व मण्डल के अन्य सभी जनपदों से खाद्य सुरक्षा प्रशासन की ओर से मिलावटी व अखाद्य पदार्थों के जो नमूने जांच के लिए एकत्र किए जाते थे। उन्हें जांच के लिए लखनऊ या आगरा स्थित प्रयोगशाला को भेजना पड़ता था। ऐसे में जांच रिपोर्ट आने में काफी समय लग जाता था और सम्बंधित वादकारियों को लंबे समय तक कोर्ट कचहरी के चक्कर काटने पड़ते थे। किन्तु अब सभी जांच यहीं संभव हो सकेगी। दवा के कारोबारियों को भी वर्षों तक रिपोर्ट के इंतजार में कचहरी के चक्कर लगाने पड़ते थे। इस समस्या का योगी सरकार ने हल निकाला है। इसके लिए रुदौली तहसील के फेलसंडा गांव में खाद्य एवं औषधि प्रशासन का मंडलीय भवन एवं प्रयोगशाला का निर्माण किया गया है। इसका निर्माण यूपी स्टेट कंस्ट्रक्शन एंड इंफस्ट्रक्चर डेवलपमेंट कारपोरेशन लिमिटेड ने लगभग 23.08 करोड़ रुपये से कराया है। इस बहुउद्देश्यीय भवन का निर्माण कार्य 01 जनवरी 2022 को प्रारंभ हुआ था।

**शीघ्र ही उपलब्ध हो उपकरण**

खाद्य सुरक्षा प्रशासन के सहायक आयुक्त वीके सिंह ने बताया की प्रयोगशाला का काम पूरा हो चुका है। शीघ्र ही मंडल के सभी कार्यालय नए भवन में स्थानान्तरित कर दिए जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि प्रयोगशाला में काम आने वाले उपकरणों की मांग की गई है। शीघ्र ही वह भी आ जाएगा। शीघ्र ही खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की प्रयोगशालाएं एवं अन्य कार्यालय का संचालन नए भवन से प्रारंभ हो जाएगा। उन्होंने बताया कि अक्टूबर माह मे भवन विभाग को हेंड-ओवर हो जाएगा। दीपोत्सव के मौके पर अयोध्या आगमन के समय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ नए भवन का उद्घाटन कर सकते हैं। अधिकारियों व कर्मचारियों की नियुक्ति हो चुकी है। अब हेंड-ओवर होने का इंतजार है। भवन के हेंड-ओवर के लिए भी तीन सदस्यीय समिति गठित की गई है। प्रमुख सचिव ने अक्टूबर तक भवन को हेंड-ओवर किए जाने के निर्देश दिए हैं।

# गांव में 125 साल से आयोजित हो रहा दंगल, जन्माष्टमी पर हर साल लगता है मेला

- जन्माष्टमी पर 125 साल से काली बाबा की चौखट पर होता है दंगल

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**



जन्माष्टमी पर प्रदेश भर में जगह जगह भव्य आयोजन होते हैं. कहीं मेला तो कहीं कुश्ती तो कहीं झांकी निकलती है. रायबरेली के सतांव ब्लॉक के कोंसा ग्राम पंचायत के दल्ली खेड़ा गांव के ब्रह्मदेव के रूप में विराजमान काली बाबा का भव्य और दिव्य दरबार मौजूद है. जहां हर साल जन्माष्टमी के दिन यहां विशाल दंगल और रात में शानदार जवाबी कीर्तन का कार्यक्रम आयोजित होता है. करीब 200 साल पुराना काली बाबा के इस दंगल में देश के कई राज्यों और जिलों से नामी गिरामी पहलवान अपनी कुश्ती के दांव दिखाने दल्ली खेड़ा मंदिर प्रांगण पहुंचते हैं. जन्माष्टमी के पूरे दिन बाबा के दरबार में विशाल मेला लगता है

बता दें कि, गुरुबक्शगंज-बछरावां मार्ग पर स्थित खगिया खेड़ा गांव से एक किलोमीटर पश्चिम में एक मनोरम स्थान है काली बाबा का मंदिर. इलाके के लोग काली बाबा को ब्रह्मदेवता के रूप में पूजते हैं. बाबा के भक्तों का मानना है कि, जो व्यक्ति सच्चे मन से किसी भी शुक्रवार या सोमवार को अपराह्न पूर्व काली बाबा के दरबार में हाजिरी लगाकर अपनी अरदास करता है तो निश्चित रूप से उस पर बाबा की कृपा बरसती है

क्षेत्र के बुजुर्ग बताते हैं कि, काली बाबा मंदिर का इतिहास करीब दो सौ साल पुराना है. दल्ली खेड़ा गांव में एक बाजपेई परिवार में एक काली प्रसाद बाजपेई के रूप में पैदा हुए एक साधारण बालक, अपने स्वाभिमान सम्मान और मर्यादा की रक्षा के लिए आत्म बलिदान देकर काली बाबा बन गए. ऐतिहासिक तथ्यों के मुताबिक, काली प्रसाद कम उम्र में ही बछरावां के निकट दूलमपुर गांव में सामंत के यहां नौकरी कर ली. जहां एक मामले को लेकर सामंत ने उनको जमकर जलील किया. जिससे आहत होकर उन्होंने सामंत को सबक सिखाने का संकल्प लेकर वहां से चलेगए

दल्लीखेड़ा आकर उन्होंने परिजनों से कहा कि मृत्यु के बाद उनके शरीर का अंतिम संस्कार ऐसी विधि से किया जाए जिससे उनका पुनर्जन्म प्रेत योनि में हो. जानकारी के मुताबिक इसके कुछ समय बाद काली प्रसाद बाजपेई ने अपनी जान दे दी. उनकी अंतिम इच्छा के मुताबिक परिजनों ने उनका अंतिम संस्कार कर दिया और मिट्टी का चबूतरा बना दिया गया।

# चार लाख फर्जी प्रमाणपत्र बनाने वाला मास्टरमाइंड चढ़ा ए टी एस के हत्थे

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**



यूपी एटीएस को रविवार को बड़ी सफलता मिली है. देश भर में चार लाख से ज्यादा फर्जी सर्टिफिकेट बनाने वाला लखनऊ से एटीएस के हत्थे चढ़ गया. ग्राम विकास अधिकारी (ड्ड्रष्ह्र) की आईडी से आरोपी रविकेश ने 19184 फर्जी बर्थ और डेथ सर्टिफिकेट बनाए थे. लगातार एटीएस इस शख्स की तलाश में जुटी थी. रविवार को रविकेश को गिरफ्तार कर लिया गया. उस पर 25 हजार का इनाम भी घोषित किया गया था एटीएस को पूछताछ में आरोपी रविकेश ने बताया कि देशभर में अब तक उसने चार लाख से ज्यादा फर्जी जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए हैं. सरकारी वेबसाइट की तर्ज पर ही दो वेबसाइट तैयार कीं और यूपी से लेकर बिहार तक अपना गैंग बना लिया. पूरे देश भर में यह गैंग डेथ और बर्थ सर्टिफिकेट बनाने का काम कर रहा था. एटीएस की तरफ से जानकारी दी गई कि इस मामले में पहले ही सात लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका था, जबकि रविकेश काफी दिनों से फरार चल रहा था. रायबरेली पुलिस ने आरोपी रविकेश पर 25000 रुपए का इनाम भी घोषित कर रखा था. रविकेश बिहार के दरभंगा जिले का रहने वाला है पूछताछ में रविकेश ने एटीएस को जानकारी दी है कि साल 2022 में 222.ष्ह्ह्यश्द्द्श1ह्.द्वठ्ठ और साल 2023 में 222.ह्द्धद्गस्न्ड्डह्यद्ध-ड्डश्ड्डह्स्र.द्वठ्ठ पोर्टल तैयार किए. इसके बाद अपने फेसबुक पेज से यूपी और बिहार के कई लोगों के फर्जी प्रमाण पत्र बनाने वाले गैंग में शामिल किए. कॉमन सर्विस सेंटर चलाने वाले भी कई लोग गैंग में शामिल होकर डेथ और बर्थ सर्टिफिकेट बनाने का काम कर रहे थे. पोर्टल पर लगभग 4100 यूजर हैं, जिसमें 1500 सक्रिय यूजर हैं जो स्थाई ग्राहक भी हैं. इनके जरिए दो हजार से 3000 रुपए की प्रतिदिन की कमाई हो रही थी. रविकेश ने बताया कि इन दोनों राज्यों में हमारे गैंग ने चार लाख से ज्यादा फर्जी जन्म प्रमाण पत्र और 5000 से ज्यादा फर्जी मृत्यु प्रमाण पत्र बनाए हैं फर्जी जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र के मामले में 17 जुलाई को पहली एफआईआर रायबरेली के सलोन थाने में दर्ज हुई थी. ग्राम विकास अधिकारी विजय यादव की जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र पोर्टल के आईडी पासवर्ड से बड़ी संख्या में फर्जी बर्थ सर्टिफिकेट बनाए गए थे. केरल में सक्रिय पीएफआई के सदस्य का नाम भी इस मामले में सामने आया था. एटीएस की तरफ से बताया गया कि अब तक जीशान खान, विजय सिंह यादव, रियाज और सोहेल खान को दो अगस्त को गिरफ्तार किया जा चुका था।

# प्रभारी मंत्री ने विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था को लेकर की समीक्षा बैठक




**जन एक्सप्रेस | गौरीगंज अमेठी**

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार गौरीगंज में प्रभारी मंत्री एवं राज्यमंत्री गिरीश चंद्र यादव की अध्यक्षता में जनपद के विकास कार्यों एवं कानून व्यवस्था की समीक्षा को लेकर बैठक हुई।जिसमें उत्तर प्रदेश सरकार के मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह,विधायक गौरीगंज राकेश प्रताप सिंह मौजूद रहे।बैठक के दौरान जनपद में हो रहे विभिन्न विकास कार्यों पर विस्तार से चर्चा की गई।साथ ही जिले में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई।और संबंधित लाभार्थियों को प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए।इस अवसर पर विधान परिषद के सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह,गोविन्द नारायण शुक्ल, जिलाधिकारी निशा अनंत,पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह,मुख्य विकास अधिकारी एवम अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।बैठक के दौरान,कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने के साथ-साथ विकास कार्यों को समयबद्ध ढंग से पूर्ण करने पर विशेष जोर दिया गया।ताकि जनहित के कार्यों में किसी प्रकार की देरी न हो और योजनाओं का लाभ सीधे जनता तक पहुंचे।

# मंडलीय चिकित्सालय दर्शन नगर में गर्भवती महिला की मौत का मामला पकड़ रहा है तूल

**जन एक्सप्रेस | बीकापुर-अयोध्या**

विकासखंड क्षेत्र के पातूपुर निवासी करीब 27 वर्षीय गर्भवती महिला और उसके गर्भ में पल रहे करीब 9 महीने के शिशु की मौत हो जाने का मामला तूल पकड़ रहा है। मृतका के पिता द्वारा सोमवार को जनसुनवाई शिकायत पोर्टल पर मुख्यमंत्री, जिलाधिकारी और स्वास्थ्य विभाग महानिदेशक उत्तर प्रदेश को शिकायत पत्र भेजकर मंडलीय चिकित्सालय दर्शन नगर अयोध्या में बिटिया के उपचार में लापरवाही का आरोप लगाया है और पूरे प्रकरण की जांच करके दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही किए जाने की मांग की गई है। पातूपुर ग्राम पंचायत निवासी अशर्फीलाल कोरी द्वारा शिकायत पत्र में बताया गया है कि उनकी पुत्री संगीता करीब 9 माह की गर्भवती थी। सांस लेने में दिक्कत और प्रसव पीड़ा होने पर 24 अगस्त को आधी रात उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बीकापुर ले गए लेकिन हालत गंभीर होने के चलते चिकित्सक ने मंडलीय चिकित्सालय दर्शन नगर रेफर कर दिया।

रात करीब 1 बजे मंडलीय चिकित्सालय दर्शन नगर पहुंचने पर रात में वहां ड्यूटी पर मौजूद चिकित्सक एवं स्वास्थ्य कर्मियों द्वारा ना तो एडमिट किया गया और ना ही दवा उपचार किया गया और रेफर भी नहीं किया गया। वह काफी समय तक निवेदन करता रहा। प्राइवेट अस्पताल में जाने के लिए कहा गया। तब वह पुत्री को लेकर शहर के एक निजी अस्पताल में गया तथा भर्ती करवा कर दवा उपचार करवाया।

# कंगना किसानों का अपमान कर रही है: रेनू राय

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** कांग्रेस जिला अध्यक्ष अखिलेश यादव महिला तथा महिला जिलाध्यक्ष श्रीमती रेनू राय ने भाजपा सांसद कंगना रनौत के उस बयान की कड़े शब्दों में निंदा की जिसमें उन्होंने दिल्ली बॉर्डर पर हुए किसान आंदोलन में सम्मिलित किसानों को आतंकवादी तथा बलात्कारी कहा।जिलाध्यक्ष अखिलेश यादव तथा महिला कांग्रेस जिलाध्यक्ष रेनू राय ने कंगना राणावत की सोच को फासीवादी सोच कर दिया। नेता द्वय ने कहा कि कंगना रनौत किसानों का अपमान कर रही है, जिस देश का किसान बर्दाश्त नहीं कर सकता।इन नेताओं ने कहा किसानों से किया और वादों को पूरा करने में नाकाम सरकार का दुष्प्रचार देश की जनता देख रही है जिसका जवाब समय आने पर जनता देगी ।

# अज्ञात कारणों से लगी आग गृहस्थी का सारा सामान जलकर हुआ राख

**जन एक्सप्रेस/अयोध्या।** जनपद के तहसील मिल्कीपुर अंतर्गत विकासखंड हैरिंग्टनगंज निवासी दिनेश कुमार मिश्रा पुत्र मिथिला प्रसाद मिश्र ग्राम पंचायत उरुवा वैश्य पूरे गजराज मिश्र का पुरवा ( कहोली मिश्र का पुरवा ) जिनके घर में बीती रात समय लगभग 9ः00 बजे अज्ञात कारणों से आग लग गई जिसमें पीड़ित का गृहस्ती का सारा सामान व संपूर्ण घर जलकर राख हो गया प्रत्यक्ष दर्शीयों ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि देखते ही देखते संपूर्ण घर को अपनी आगोश में ले लिए जिससे पीड़िता का सारा सामान जल गया। ग्रामीणों के माध्यम से घटना की जानकारी चौकी प्रभारी हैरिंग्टनगंज को दी गई चौकी प्रभारी अपने हमराहियों के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर उच्च अधिकारियों को सूचित करते हुए आग बुझाने में ग्रामीणों की मदद की।

# जनपद में खुले अट्ठाइस नवीन प्रसव केंद्र

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**



मंगलवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिंहपुर अंतर्गत उपकेंद्र कोटवा में नवीन प्रसव केंद्र का राज्य मंत्री संसदीय कार्य चिकित्सा शिक्षा चिकित्सा स्वास्थ्य परिवार कल्याण मयंकेश्वर शरण सिंह ने फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर राज्य मंत्री ने जिलाधिकारी निशा अनंत,पुलिस अधीक्षक अनूप कुमार सिंह व मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह के साथ नवीन प्रसव केंद्र का अवलोकन किया।तथा वहां पर उपस्थित सीएचओ से मरीज को दी जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश दिया।राज्य मंत्री ने कहा कि स्वास्थ्य उप केंद्र पर प्रसव कक्ष की व्यवस्था हो जाने से दूर दराज के लोगों को काफी सहूलियत मिलेगी।अब गर्भवती महिलाओं को डिलीवरी के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तक नहीं जाना पड़ेगा।उनके ही क्षेत्र के स्वास्थ्य उपकेंद्र पर प्रसव की व्यवस्था संचालित की गई है।इस अवसर पर राज्य मंत्री ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया।मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने बताया कि जनपद में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र व उपकेंद्रों पर 28 नवीन प्रसवकेंद्रों का संचालन प्रारंभ किया गया है।जिसमें विकास खंड अमेठी में दरखा कटरा फूल कुंवर तथा गोसाईगंज,विकासखंड भादर में भोजपुर तथा लहना, विकासखंड भेंटुआ में पीएचसी भेंटुआ,संग्रामपुर में बड़गांव,ढेंगहा,धौरहरा,चंदेरिया, मुसाफिरखाना में दादरा,कंजास करपिया नेवादा, विकास खंड शुकुल बाजार में दारानगर, विकास खंड गौरीगंज में भटगवां,विकासखंड शाहगढ़ में चंदौकी,अफुईया,जुड़िया पुर विकासखंड तिलोई में अहुरी,राजामऊ,ठेकरपुर विकास खंड सिंहपुर में कोटवा विकास खंड बहादुरपुर में बहादुरपुर,मोहना,पीढ़ी सरायम हेशा तथा तेंदुआ में नवीन प्रसव केंद्र संचालित किए गए हैं।

# आकाश ने किया बिहार के सारण जिले में रक्तदान, देश के छः राज्यों में 49 बार कर चुके है रक्तदान

**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**




जिले में ब्लड मैन के नाम से चर्चित आकाश गुप्ता ने अपना 49वां रक्तदान बिहार के सारण जिले मे स्थित सदर अस्पताल के रक्त कोष मे किया।

देश के सभी राज्यों मे रक्तदान करने करने का संकल्प ले चुके आकाश गुप्त को इस मौके पर जिला फॉरेस्ट ऑफिसर सारण सुंदर एम कुमार, ब्लड बैंक की नोडल अधिकारी डॉ किरण ओझा व प्रख्यात समाज सेविका डॉ अंजू सिंह ने प्रमाणपत्र व अंगवस्त्र से सम्मानित किया।आकाश गुप्त ने इसके पूर्व यूपी, राजस्थान, बिहार, मध्य प्रदेश, झारखण्ड व पश्चिम बंगाल मे भी ब्लड डोनेट कर चुके है। बिहार मे इन्होने दूसरी बार रक्तदान किया हैं। इन्होने अभी तक देश केछः राज्यों में कुल 49 बार ब्लड डोनेट किया है। बताते चले की आकाश ने संस्था राम कृष्ण सेवा फाउंडेशन के माध्यम से देश मे रक्तदान की जागरूकता को लेकर प्रयास रत है और 2016 से अब तक 150 रक्तदान शिविर लगाकर व देश के अन्य संस्थाओ के सहयोग से करीब हजार मरीजों को ब्लड मुहैया करा चुके है। प्रतिवर्ष ये अयोध्या मे रक्तदान महोत्सव का आयोजन भी करते है जिससे देश मे रक्त क्रांति आ सकें।कोरोना काल में पूरे प्रदेश में सर्वाधिक रक्तदान कराने का रिकार्ड भी इनके नाम से दर्ज है। ये खुद दुर्लभ ग्रुप बी निगेटिव के रक्तदाता है और सेवा की प्रेरणा इन्हे इनके पिता जी स्व कृष्णा लाल गुप्त से विरासत में मिली है जिनकी हत्या आतंकवादियों के हाथों 12 अप्रैल 1991 में पंजाब में हुई थी। उच्च शिक्षित शीतला प्रसाद गुप्ता उर्फ़ आकाश मौजूदा समय में बिहार में फिजिकल टीचर के पद पर कार्यरत है और वर्ल्ड बुक आफ रिकार्ड लन्दन सहित इन्हें देश के दस से ज्यादा राज्यों में सम्मानित किया जा चुका है।

# जनपद के प्रभारी कृषि मंत्री एवं उद्यान मंत्री द्वारा मिल्कीपुर के कार्यक्रम में किया गया प्रतिभाग



**जन एक्सप्रेस | अयोध्या**

मिल्कीपुर क्षेत्र के सिंधारी बाजार में जनपद के प्रभारी कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही एवं राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार)उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात मंत्री दिनेश प्रताप सिंह की उपस्थिति में कार्यक्रम का आयोजन किया गया है, जिसमें मण्डी परिषद कृषि उत्पादन समिति अयोध्या क्षेत्र के अन्तर्गत सम्पर्क मार्ग की 06 परियोजनाओं का शिलान्यास किया गया। उद्यान विभाग के अन्तर्गत पौधा वितरण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद के प्रभारी/कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह के द्वारा फीता काटकर शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न विभागों स्वास्थ्य विभाग, पंचायती राज, उद्यान विभाग, दिव्यांग जन सशक्तीकरण विभाग, समाज कल्याण विभाग, खाद्य एवं रसद, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग, कृषि विभाग सहित अन्य विभागों के स्टाल लगाये गये, जिसका मंत्री जी द्वारा अवलोकन किया गया। अपने सम्बोधन के दौरान प्रभारी मंत्री सूर्य प्रताप शाही द्वारा अवगत कराया गया कि सरकार द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाएं चलायी जा रही है, जिसका लाभ आमजन को मिल रहा है। कार्यक्रम स्थल पर भी सम्बंधित विभागों के स्टाल लगाये गये है जिसके माध्यम से आमजन को चलायी जा रही है योजनाओं की जानकारी दी जा रही है एवं योजना से वंचित पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण भी कराया जा रहा है साथ ही साथ आधार कार्ड बनाने हेतु भी स्टाल लगाया गया जिससे पात्र व्यक्ति सरकार द्वारा चलायी जा रही योजनाओं का लाभ सुगमता से प्राप्त हो सकें। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा युवाओं के लिए रोजगार के नये नये अवसर उपलब्ध कराये जा रहे है और जनपद अयोध्या में इसी माह मुख्यमंत्री द्वारा एक बृहद रोजगार मेले का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में युवाओं को रोजगार मिला।

# रामपट्टी में युवक ने बंदूक से की आत्महत्या, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भेजा

**जन एक्सप्रेस/मिल्कीपुर-अयोध्या।** खण्डासा थाना क्षेत्र के गहनाग गांव में 36 वर्षीय युवक रोहित सिंह ने लाइसेंसी बंदूक से खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने घटना की जानकारी मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर पंचनामा भरा और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही पुलिस मामले की जांच कर रही है और आत्महत्या के कारणों का पता लगाने की कोशिश कर रही है।मिली जानकारी के के मुताबिक खण्डासा थाना क्षेत्र के गहनाग रायपट्टी गांव निवासी रोहित कुमार सिंह पुत्र स्वर्गीय हरिश्चंद्र सिंह मंगलवार की सुबह करीब 8ः 30 बजे अपने छोटे भाई मोहित कुमार सिंह की लाइसेंसी 12 बोर बंदूक से घर के अंदर गले के नीचे फायर कर दिया। जिससे सिर के परखच्चे उड़ गए और मौत हो गई। परिजनों की सूचना पर खण्डासा थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर मृतक युवक के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

# हिन्दू वादी संगठनों ने गैंगरेप मामले में थाने का किया घेराव

**जन एक्सप्रेस | रायबरेली**

हरचंदपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में महिला के साथ हुए गैंगरेप के मामले में पुलिस पर कार्रवाई न करने पर परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे थे और हरचन्दपुर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए थे। पुलिस की लापरवाही और कार्रवाई न करने को लेकर अब कई संगठन न्याय दिलाने के लिए थाने का घेराव कर दिए हैं और पुलिस से नोक-झोक हुई। मालूम हो कि हरचन्दपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में एक महिला के साथ उस समय गैंगरेप हुआ तथा जब वह अपने पति को खेत में खाना देने जा रहे थी तभी उसी गांव के गैर समुदाय के तीन लोगों ने महिला को खींचकर झाड़ियों में ले गये और उसके साथ बारी-बारी से रेप किया जिसके बाद पीड़िता ने अपने पति को आपबीती बताई। पीड़िता व उसके परिजन हरचंदपुर थाने पहुंचे और न्याय की गुहार लगाई हरचंदपुर थानाध्यक्ष पर परिजनों ने आरोप लगाते हुए बताया था कि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की जिसके बाद पीड़ित व ग्रामीण पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे थे तब जाकर हरचंदपुर पुलिस ने छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज किया था। मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया जिसको लेकर आज हिंदू युवा वाहिनी व अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के साथ आरएसएस के लोगों ने हरचंदपुर थाने का घेराव किया और पुलिस प्रशासन मुर्दाबाद के नारे भी लगाये। सभी संगठनों ने (÷एसओ तेरी तानाशाही नहीं चलेगी, थानाध्यक्ष होश में आओ होश में आओ÷) के नारों से हरचंदपुर थाना गूंज उठा।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर जिलाधिकारी एवं मुख्य विकास अधिकारी ने किया गो-पूजन, गो आश्रय स्थलों में स्कूली बच्चों को कराया गया भ्रमण

**जन एक्सप्रेस | अमेठी**

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पुनीत पर्व पर जनपद के समस्त गो आश्रय स्थलों में गो-पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए।इस अवसर पर सभी गौशालाओं को सजाया गया। और गो पूजन के बाद गोवंशों को गुड़ व केला खिलाया गया।विकासखंड अमेठी अंतर्गत कांजी हाउस त्रिलोकपुर में जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि,जिलाधिकारी निशा अनंत व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल ने पूरे विधि विधान से गो-पूजन किया तथा मौजूद गोवंशों को गुड़ व केला खिलाया।इस मौके पर जिलाधिकारी ने गोवंशों को नियमित रूप से भरपेट चारा खिलाने के साथ ही उनका स्वास्थ्य परीक्षण भी करने का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया।इसके साथ ही उन्होंने कहा कि गौशालाओं में पर्याप्त साफ-सफाई की व्यवस्था रखी जाए, गोवंशों को किसी भी प्रकार की समस्या ना हो।गौशालाओं में हरा चारा,भूसा, पशु आहार, स्वच्छ पेयजल,छांव सहित सभी



मूलभूत व्यवस्थाओं की उपलब्धता रहे। उन्होंने कहा कि कोई भी गोवंश बाहर घूमता पाया जाए तो तत्काल गो आश्रय स्थल में संरक्षित कराया जाए।साथ ही सभीगोवंशों की ईयरटैगिंग अनिवार्य रूप से सुनिश्चित किया जाए।इस पावन अवसर पर कक्षा छह से बारह तक के स्कूली बच्चों को गो आश्रय स्थलों में भ्रमण कराया गया।तथा उन्हें गो पालन के प्रति संवेदनशील बनाते हुए जन्माष्टमी के त्यौहार एवं गो पालन के महत्व से अवगत कराया गया।

**तापमान**

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 30°C | 26°C |
| कानपुर | 29°C | 26°C |
| देहरादून | 31°C | 24°C |
| नई दिल्ली | 32°C | 26°C |

# यूपी पुलिस ने हानि-लाभ की चिंता के बिना कर्म को माना प्रधानः सीएम योगी

## बोले, जिस पुलिस को फिसड्डी मान लिया गया था, वह आज कानून व्यवस्था का मॉडल प्रस्तुत कर रहा है

* श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर रिजर्व पुलिस लाइंस में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री






जन एक्सप्रेस। लखनऊ

उत्तर प्रदेश पुलिस बल ने हानि-लाभ की चिंता के बिना कर्म को प्रधान माना। जिस पुलिस व प्रदेश को सबसे फिसड्डी मान लिया गया था। आज वह देश के विकास का ग्रोथ इंजन बन रहा है। कानून व्यवस्था का मॉडल प्रस्तुत कर रहा है। अब प्रदेश में हर ओर सुख, शांति व सद्भावना है। प्रदेश के सभी 1585 थानों, 75 पुलिस लाइंस, 90 से अधिक जेलों में भव्यता से यह आयोजन हो रहा है, लेकिन 10 साल पहले यह संभव नहीं था। सरकारें डरती थीं कि आयोजन करेंगे तो क्या लाभ होगा। उक्त बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहीं। उन्होंने रिजर्व पुलिस लाइंस में सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर आयोजित कार्यक्रम में अपनी बातें रखीं। सीएम ने दीप प्रज्वलन व भगवान श्रीकृष्ण के प्रतिमा पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद भी लिया।

### कर्म से पहले हम लाभ-हानि की चिंता कर लेते

सीएम ने कहा कि श्रीमद्भगवतगीता में भगवान श्रीकृष्ण भी अर्जुन से यहीकहते हैं कि कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन... हे अर्जुन, तुम कर्म करो, फल की चिंता न करो। उन्होंने कहा कि हम अक्सर कर्म से पहले लाभ-हानि की चिंता करते हैं। ऐसा करने से हम उसके पुण्य से वंचित हो जाते हैं। अच्छा करेंगे तो अच्छा होगा, बुरा करेंगे तो पाप से कोई मुक्त नहीं कर सकता। लोककल्याण का कार्य किया है तो उसके पुण्य से कोई ताकत वंचित नहीं कर सकती। कर्म की प्रेरणा महत्वपूर्ण है। सीएम योगी ने कहा कि श्रीमद्भगवतगीता दुनिया का एकमात्र ऐसा पावन ग्रंथ है, जिसका अमर ज्ञान उन्होंने युद्ध भूमि में अर्जुन को दिया। घर-घर में ग्रंथ के रूप में श्रीमद्भगवतगीता की हम लोग पूजा करते हैं तो भारत की न्यायपालिका भी उस ग्रंथ के प्रति उतनी ही श्रद्धा का भाव रखती है, जितना सनातन धर्मावलंबी रखता है। श्रीमद्भगवतगीता को मोक्ष ग्रंथ भी माना गया है।

### श्रीकृष्ण ने धराधाम पर 125 वर्ष 8 महीने व्यतीत करने के बाद अपनी लीला को दिया विश्राम

सीएम योगी ने कहाकि भगवान श्रीकृष्ण श्री हरि विष्णु के पूर्व अवतार के रूप में मान्य हैं। यह वर्ष भारत के शास्त्रों की मान्यता के अनुसार लीलाधारी भगवान श्रीकृष्ण के 5251वें जन्मोत्सव का है। उनकी लीलाओं का क्रम जन्म से ही प्रारंभ हुआ। इस धराधाम पर 125 वर्ष 8 महीने व्यतीत करने के बाद अपनी लीला को उन्होंने विश्राम दिया। अलग-अलग कार्यक्रमों के माध्यम से लंबे समय तक उनकी लीलाओं को हम लोग प्रमाण के रूप में प्रयोग करते हैं।

### 2047 तक भारत को बनाएंगे विकसित

सीएम योगी ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के मुख्य समारोह में पीएम ने कहा था कि हमें अगले 25 वर्ष की कार्ययोजना के मुताबिक कार्य करना है यानी 2047 की जो पीढ़ी होगी, उसे हम विकसित भारत देंगे। जहां हर चेहरे पर खुशहाली होगी। कहीं दुख, दरिद्रता, अराजकता, गुंडागर्दी नहीं होगी। हर हाथ को काम और हर खेत को पानी होगा। इस संकल्प के साथ हम आगे बढ़ेंगे। 2047 के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए पीएम मोदी ने पंच प्रण की बात कही। पंचप्रण में सबसे महत्वपूर्ण प्रण नागरिक कर्तव्य है।

### जीवन में सफलता के लिए समाधान का मार्ग अपनाइए

सीएम योगी ने कहा कि हर नागरिक के अपने कर्तव्य भी होंगे। हर कोई अधिकार की बात करता है,लेकिन कर्तव्यों की चर्चा नहीं करता। जीवन में सफलता के लिए समाधान का मार्ग अपनाइए। जब लक्ष्य समाधान होगा तो सफलता प्राप्त होगी। जब समस्या पर चिंतन करेंगे तो दस बहाने मिल जाएंगे। टालमटोल से समस्या का समाधान नहीं हो सकता। समाधान के लिए बहाना नहीं, बल्कि परिश्रम, कर्म और पुरुषार्थ चाहिए। श्रीमद्भगवतगीता जैसा ग्रंथ कर्म की प्रेरणा देता है। प्रभु ने कुरुक्षेत्र में आमने-सामने खड़ी लाखों सेनाओं के बीच यही संदेश दिया। यह दुनिया का एकमात्र ऐसा ग्रंथ है, जिसने धर्म व कर्म की प्रेरणा दी। उसका उपदेश रणभूमि में दिया गया है। यह उपदेश कर्म का है। कर्म के बिना धर्म, अर्थ व कामनाओं का साधन पूर्ण नहीं हो सकता है। न ही मुक्ति प्राप्त हो सकती है। भारतीय मनीषा ने हमेशा कर्म को प्रधानता दी है।

### जीवन में चार महत्वपूर्ण पुरुषार्थ

सीएम योगी ने कहा कि मनुष्य के जीवन में चार महत्वपूर्ण पुरुषार्थ (धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष) हैं। आधारशिला धर्म से प्रारंभ होती है। वह कर्मों के माध्यम से अर्थ का उपार्जन करता है। जब कामनाओं की सिद्धि में उसका उपभोग करता है तो मुक्ति का मार्ग प्रशस्त होता है। यह सामान्य मान्यता है, लेकिन श्रीमद्भगवतगीता के महत्वपूर्ण उपदेश आज भी हर भारतवासी को नई प्रेरणा प्रदान करते हैं।

### मेरा हर कर्म देश के नाम होगा

सीएम ने कहा कि हमारे मन में विरासत के प्रति गौरव की अनुभूति होनी चाहिए। विरासत का सम्मान करते हुए विकास को बढ़ाएंगे। उन्होंने आह्वान किया कि हर कोई अपने क्षेत्र में नागरिक कर्तव्यों का निर्वहन करे। हमारे सामने लक्ष्य होना चाहिए कि मेरा हर कर्म देश के नाम होगा। देश के लिए सब कुछ समर्पित करुंगा, इस भाव के साथ कार्य करेंगे तो प्रभु की कृपा बनी रहेगी। इस दौरान उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, राज्यसभा सांसद डॉ.दिनेश शर्मा, संजय सेठ, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक नीरज बोरा, ओपी श्रीवास्तव, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, मुख्य सचिव मनोज सिंह, अपर मुख्य सचिव गृह दीपक कुमार, पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार आदि मौजूद रहे।

### सीएम ने लिया सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया

सीएमएस गोमती नगर के बच्चों ने भावपूर्ण नृत्य कर भगवान गणेश के चरणों में श्रद्धा निवेदित की। भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर भगवान के बाल लीलाओं से लेकर सभी लीलाओं के दिग्दर्शन पर आधारित सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। सीएम ने भी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लिया।

# इटौंजा महोना में भाजपा जिलाध्यक्ष व विधायक ने मंडल अध्यक्षों व बूथ अध्यक्षों के साथ की बैठक

* सदस्यता अभियान 2024 कार्यशाला अभियान के तहत हर बूथ पर बनायें जायेंगे 200 सदस्य
* भाजपा ने शुरू किया अभियान, अब हर बूथ पर 200 लोगों को सदस्य बनाने का है लक्ष्य



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह व बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने इटौंजा, कुम्हरावां, बीकेटी मंडल अध्यक्षों व बूथ सभी बूथ अध्यक्षों के साथ महोना, इटौंजा, बीकेटी में बैठक की हैं। बता दे कि इस बैठक में जिलाध्यक्ष व विधायक ने मंडल अध्यक्षों व बूथ अध्यक्षों से कहा कि सदस्यता अभियान 2024 कार्यशाला के तहत देश की सर्वश्रेष्ठ भारतीय जनता पार्टी एक सितंबर से सदस्यता अभियान शुरू करने जा रही हैं। वहीं भाजपा जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह अपने संबोधन में बूथ अध्यक्षों बताया कि प्रत्येक बूथ पर 200 लोगों को सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है। लखनऊ जिले के 2726 बूथों पर 5 लाख 45 हजार 200 सदस्य बनाए जाएंगे। वहीं जानकारी के अनुसार इस सदस्यता अभियान में जिलाध्यक्ष भाजपा,विधायक ,एमएलसी, सहित जनप्रतिनिधियों के लिए भी लक्ष्य निर्धारित किया गया है।? वहीं सोमवार को भाजपा जिलाध्यक्ष व बीकेटी विधायक ने महोना नगर पंचायत कार्यालय पर कुम्हरावां मंडल अध्यक्ष विमलेश मिश्रा के नेतृत्व में सभी बूथ अध्यक्षों व भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारी के साथ बैठक की, इस दौरान मंडल अध्यक्ष कुंम्हरावां विमलेश मिश्रा सभी बूथ अध्यक्ष ,राधेश्याम गुप्ता,पुनई, सभासद मनोज,अन्य भाजपा के कार्यकर्ता पदाधिकारी शामिल हुए सभी से बैठक में बूथ पर 200 सदस्य बनने के लक्ष्य दिया गया। वहीं इटौंजा नगर पंचायत कार्यालय पर जिलाध्यक्ष विनय प्रताप सिंह, विधायक योगेश शुक्ला ने इटौंजा चेयरमैन व मंडल अध्यक्ष राजू कश्यप के नेतृत्व में सभी बूथ अध्यक्षों को संबोधित कर कहा कि सदस्यता अभियान कार्यशाला 2024 के तहत नए सदस्य बनाए जाएंगे जिसमें बूथ अध्यक्षों की अहम जिम्मेदारी होगी, कि अपने बूथ पर 200 सदस्य 200 लोगों को सदस्य सदस्यता दिलवाकर सदस्य बनाएं, जिससे कि हमारे देश की सर्वश्रेष्ठ भारतीय जनता पार्टी और मजबूत व ताकतवर बन सकें। इस दौरान जिलाध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के नेतृत्व भारतीय जनता पार्टी देश ही नहीं विश्व में मजबूत पार्टी कही जाती है। देश आज विकास की ओर अग्रसर है और पार्टी मजबूत हो रही है कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए अटल जी की याद दिलाते हुए सभी को सदस्य बनाने के लिए लक्ष्य दिया गया है।

### विधायक बोले जनता मोदी योगी से है खुश 200 से ज्यादा बनेंगे भाजपा के सदस्य

बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं महाराज योगी आदित्य नाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश विकास के रास्ते पर अग्रसर है और लगातार अच्छे कार्य करके जनता को राहत दे रहीं हैं और कहा कि इस 2024 कार्यशाला सदस्यता अभियान के तहत हर बूथों पर 200 सदस्य का लक्ष्य पार्टी ने दिया है लेकिन बूथ अध्यक्षों व मंडल अध्यक्षों की मेहनत के कारण 200 से ज्यादा सदस्य बनायें जायेंगे?। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष लखनऊ विनय प्रताप सिंह,बीकेटी विधायक योगेश शुक्ला, कुंवर जितेंद्र प्रताप सिंह, इटौंजा चेयरमैन अवधेश अवस्थी कमल, दिवाकर सिंह, सोमनाथ सिंह सोमू, दिनेश तिवारी,अतुल मिश्रा,हरिद्वार सिंह, उमेश सिंह, इटौंजा मंडल अध्यक्ष राजू कश्यप अन्य सभी बूथ अध्यक्ष अन्य महिला कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने राधा कृष्ण बनकर मनाया गया श्रीकृष्ण जी जन्मोत्सव

* कहीं रामडोल तो कही रामायण पाठ तो कहीं राधा कृष्णा भजन करते हुए लोग दिखाई दिए
* कृष्ण भगवान के परम भक्तो द्वारा उपवास कर, रात्रि 12 बजे पूजा-अर्चना कर, लोगों में प्रसाद वितरण किया गया



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

श्री कृष्ण जन्माष्टमी के शुभ अवसर पर नन्हें-मुन्ने बच्चों ने श्री कृष्ण, राधा रानी, बाल गोपाल, गोपियाँ व सुदामा आदि के रूप में अपनी अलग-अलग कला कृतियों का प्रदर्शन किया। वहीं इटौंजा, बीकेटी, महिगवां, सैरपुर सहित अन्य क्षेत्रों में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। वहीं सोमवार को दोपहर में बाजारों एवं दुकानों में लोगों की भीड़ नजर आई, जहां लोगों द्वारा श्रीकृष्ण भगवान की प्रतिमा एवं वस्त्र , मोर पंख, बांसुरी, मिष्ठान ,मेवा, फल अन्य सामाने बाजारों में खरीदते दिखाई दिए। ग्रामीण क्षेत्रों में श्रीकृष्ण भक्तों द्वारा श्री कृष्ण राधा भजन, रामायण पाठ, सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, कृष्ण राधा की विधि विधान से पूजा अर्चना एवं उपवास रहकर लोग जप करते दिखाई दिए। सोमवार रात्रि 12 बजे श्रीकृष्ण भक्तों द्वारा श्री कृष्ण राधा की विधि विधान से पूजा अर्चना कर उनको भोग लगाकर लोगों में प्रसाद वितरण किया गया। वहीं नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा श्री कृष्ण राधा के रूप में अद्भुद झांकियां क्षेत्र में देखने को मिली। वही दिव्यांशी द्विवेदी राधा रानी के रूप में अद्भुत नजर आई, तो आदित्य द्विवेद्वी सोम श्रीकृष्ण रूप में मनमोहक छवि प्रस्तुत कर लोगों का मन मोह लिया। वहीं कृष्ण जन्माष्टमी के दिन जगह जगह भंडारे किये गये। हर तरफ हर्षोल्लास का माहौल बना रहा।

# इटौंजा थाने पर धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ ग्रामीण के इटौंजा थाने में हर साल की तरह इस साल भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी धूमधाम से मनाई गई। इटौंजा थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव के नेतृत्व में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की तैयारियां की गई व धूमधाम से श्रीकृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। बता दें कि थाना परिसर में बने शिव मंदिर को रंग बिरंगी लाइटों से सजाया गया व कृष्णा गीतों का भजन गायिका द्वारा किया गया इस मौके पर मनोहर गीत व संगीत गाय गए। श्री कृष्ण भगवान को भोग लगाने के बाद विधि विधान से पूजा पाठ करने के बाद प्रसाद रूप में पुलिस द्वारा लोगों भोजन करवाया गया। जहां ग्राम प्रधान, जनप्रतिनिधि एवं आम जनमानस श्री कृष्ण जन्माष्टमी पर थाने पर मौजूद रहें। वहीं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर थाना प्रभारी निरीक्षक मार्कंडण्य यादव ने अपने सभी दरोगाओं के साथ राहुल तिवारी, प्रवीण कुमार, धीरेन्द्र राय,अमित राघवेन्द्र पांडेय, सिपाही जाहिद, फरीद, इमरान, अभिषेक, चिराग त्यागी, राहुल, अमित चोपड़ा, इटौंजा सभासद व व्यापार मंडल के कार्यकर्ता जन्माष्टमी पर थाने पर मौजूद हो कर प्रसाद पाया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### मिल्कीपुर में जातीय समीकरण साधने में जुटी भाजपा

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की जीत में अखिलेश यादव के जातीय समीकरण की जबरदस्त चर्चा रही। सपा अध्यक्ष ने हर सीट पर ऐसे प्रत्याशियों को टिकट दिया जिसके चलते ज्यादा से ज्यादा सीटों पर सपा की जीत हो सकी। उपचुनाव में बीजेपी के अयोध्या की मिल्कीपुर सीट प्रतिष्ठा का सवाल बनी हुई है। खुद सीएम योगी आदित्यनाथ ने इस सीट को जिताने की जिम्मेदारी अपने हाथ में ली है। सीएम योगी अब मिल्कीपुर में अखिलेश यादव को उन्हीं की रणनीति से मात देने की तैयारी में हैं। उपचुनाव के लिए बीजेपी ने भी हर सीट पर जातीय समीकरण को साधना शुरू कर दिया है। मिल्कीपुर में भाजपा भी पासी समुदाय के उम्मीदवार को मैदान में उतार सकती है। फैजाबाद लोकसभा सीट हारने के बाद बीजेपी इस सीट पर जातीय समीकरण मजबूत करने में जुट गई है।बीजेपी के शीर्ष नेतृत्व में नाम को लेकर मंथन किया जा रहा है।अब तक इसे लेकर कोई फाइनल फैसला नहीं हो पाया है। सपा की ओर से मिल्कीपुर सीट पर पासी समुदाय के ही प्रत्याशी के नाम को तय किया गया हैं। इस सीट से सांसद अवधेश प्रसाद के बेटे अजीत प्रसाद का चुनाव लड़ना तय है। लोकसभा चुनाव में सपा भी जातीय समीकरण के सहारे फ़ैज़ाबाद में बीजेपी को पटकनी दे चुकी है।लोकसभा चुनाव में सपा ने फैजाबाद की सामान्य सीट पर दलित प्रत्याशी अवधेश प्रसाद पासी पर दांव लगाया था। अखिलेश यादव का ये प्रयोग सफल रहा और सपा ने अयोध्या वाली इस सीट पर बीजेपी को हरा दिय।बीजेपी की इस हार की चर्चा अब तक होती है।

### इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर बनेगा चार लेन पुल

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। मुंशीपुलिया, खुर्रमनगर के बाद इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहे पर भी चार लेन का फ्लाईओवर बनेगा। एनएच नए सिरे से प्रस्ताव बनाकर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय को भेजेगा।इससे जानकीपुरम, अलीगंज व सीतापुर रोड से जुड़ी पांच लाख आबादी को फायदा मिलेगा।लखनऊ का इंजीनियरिंग कॉलेज चौराहा सबसे व्यस्त चौराहों में शुमार है। इससे जुड़ी अलीगंज, पुरनिया, जानकीपुरम, विकासनगर की बड़ी आबादी को पीक ऑवर्स में घंटों जाम में फंसना पड़ता है।वाहन चालकों की सुविधा के लिए क्षेत्रीय विधायक डॉ. नीरज बोरा ने पीडब्ल्यूडी मंत्री को पत्र लिखा, जिसके बाद पीडब्ल्यूडी ने निजी संस्था से सर्वे कराया।सर्वे रिपोर्ट में सुबह से शाम तक करीब 1.50 लाख वाहन गुजरते हैं।शासन के निर्देश पर एनएच ने चार लेन फ्लाईओवर का प्रस्ताव केंद्र सरकार को भेजा, लेकिन सड़क एवं परिवहन मंत्रालय ने प्रोजेक्ट को मंजूरी नहीं दी। एनएच ने नए सिरे से प्रस्ताव भेजने की तैयारी कर रहा है। खुर्रमनगर फ्लाईओवर का चल रहा निर्माण मुंशीपुलिया फ्लाईओवर बनकर तैयार है। खुर्रमनगर फ्लाईओवर का निर्माण हो रहा है। उम्मीद है कि इस साल दिसम्बर तक तैयार हो जाएगा।इससे रिंग रोड की बड़ी आबादी को जाम से राहत मिलेगी।अधिकारियों के मुताबिक पॉलीटेक्निक चौराहे से सीतापुर हाईवे तक करीब किलोमीटर एनएच की सड़क है।

### यूपी टी-20 लीग: रोमांचक मुकाबले में कानपुर सुपरस्टार्स ने मेजबान लखनऊ फाल्कन्स को हराया, चमके रिजवी

जन एक्सप्रेस/लखनऊ। कानपुर सुपरस्टार्स ने मेजबान लखनऊ फाल्कन्स को आखिरी ओवर तक चले रोमांचक मुकाबले में तीन रन से मात देते हुए यूपी टी-20 क्रिकेट लीग में पूरे अंक प्राप्त किए। कानपुर के 156 रन के जवाब में लखनऊ की टीम आठ विकेट खोकर 153 रन बना सकी। शहर के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी कानपुर सुपरस्टार्स की शुरुआत खराब रही। पहले छह ओवर में टीम के शीर्ष पांच बल्लेबाज 48 रन के योग पर पवेलियन लौट गए। इस मुश्किल वक्त में कप्तान समीर रिजवी ने मोर्चा संभाला और एक छोर पर ताबड़तोड़ बल्लेबाजी करते हुए कानपुर को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। उन्होंने महज 51 गेंदों पर आठ चौके और पांच छक्कों की मदद से 81 रन की आतिशी अर्धशतकीय पारी खेली, जबकि निचले क्रम पर शुभम मिश्रा 20 गेंदों पर 17 रन का योगदान दिया। कानपुर ने नौ विकेट खोकर 156 रन बनाए। लखनऊ से अभिनंदन सिंह ने 24 रन देकर चार विकेट अपनी झोली में डाले।

# कार्यशाला में आशा बहनों को दिया गया एक्यूपंक्चर जागरूकता प्रशिक्षण



जन एक्सप्रेस। लखनऊ

एपेक्स एक्यूपंक्चर सेंटर एंड पैन क्लीनिक द्वारा आयोजित एक दिवसीय एक्यूपंक्चर जागरूकता प्रशिक्षण कार्यशाला आज विकास नगर में सम्पन्न हुआ।कार्यशाला में अलीगंज, कपूरथला, बालागंज तथा रहीम नगर में कार्यरत आशा बहनों ने प्रतिभाग किया। एपेक्स एक्यूपंक्चर सेंटर के निदेशक डॉ. जी. पार्थ प्रतिम ने बताया कि आशा बहनें समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वस्थ जागरूकता पैदा करने हेतु अथक परिश्रम करती हैं इसलिए उन्हें एक्यूपंक्चर चिकित्सा विज्ञान जिसमें ना कोई दवा दी जाती है ना ही कोई दुष्प्रभाव की सम्भावना होती है, की जानकारी होगी तो वह लोग समाज में विभिन्न जटिल बीमारियों से पीड़ित रोगियों की मदद कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि कार्यशाला की श्रृंखला एपेक्स एक्यूपंक्चर सेंटर पिछले कुछ समय से संचालित कर रहा है। कार्यशाला में डॉ. जी. पार्थ प्रतिम द्वारा आशा बहनों को एक्यूपंक्चर, इलेक्ट्रो एक्यूपंक्चर, मोक्षाबुस्न, कपिंग, बीसीएम एवम् पीएनसीटी आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।कार्यशाला में 17 आशा बहनों ने भाग लिया। एपेक्स एक्यूपंक्चर सेंटर से श्रीमती नजमा, अब्दुल कादेर, पल्लवी, रेनू, सौरभ तथा सामाजिक कार्यकर्ता आफरीन सिद्दीकी एवम शहनाज उपस्थित रहीं।

# 'दलित और ओबीसी विरोधी है केंद्र सरकार की यूपीएस योजना, उठाए गंभीर सवाल'

जन एक्सप्रेस। लखनऊ




आप सांसद संजय सिंह ने कहा है कि देश के लाखों कर्मचारी ओपीएस की मांग कर रहे थे। उनकी मांग नहीं सुनी गई। रामलीला मैदान, लखनऊ के साथ जिलों में प्रदर्शन किया। अब जब 4 राज्यों के चुनाव आने वाला है तो केंद्र सरकार यूपीएस लेकर आई है। संजय सिंह ने कहा कि सरकार इससे भारी संख्या में आदिवासी, दलितों और पिछड़ों को पेंशन से वंचित करेगी। उन्होंने कहा कि लाखों काम करने वाले अर्ध सैनिक बल, देश की रक्षा वाले इस योजना से वंचित रह जायेंगे। यह योजना कर्मचारी का पैसा लेकर उनको पेंशन देने की योजना है। संजय सिंह ने कहा कि यूपीएस देश के कर्मचारियों के साथ बड़ा धोखा है। यह एनपीएस से भी बदतर है। ये कर्मचारी का पैसा लेकर उसी को देने की योजना है। यूपीएस बंद की जाए और पुरानी पेंशन योजना लागू किया जाए। 40 दिन सांसद- विधायक रहे तो पेंशन मिलती है। 40 साल कर्मचारी तो पेंशन क्यों नहीं? अटेवा के आंदोलन को पूरा समर्थन करते हैं। 20 साल नौकरी करने वाले को भी पेंशन का लाभ दें। आखिरी सैलरी का आधा पेंशन दें।

### 69000 शिक्षक भर्ती में सरकार समाधान निकाले

आप सांसद ने कहा कि 69000 शिक्षक भर्ती में आरक्षण के नियमों का उल्लंघन किया गया था। अब दोनों पक्ष आंदोलन कर रहे हैं। सरकार समाधान निकाले। आरक्षण मूल स्वरूप में बिना किसी भेदभाव लागू किया जाना चाहिए और खाली पदों को भरा जाना चाहिए।

### कंगना रनौत का बयान आपित्तजनक है

आप सांसद ने कहा कि किसान आंदोलन को लेकर कंगना रनौत का बयान आपित्तजनक है। ये किसानों का अपमान है। 750 किसानों की शहादत का अपमान है। वो किसानों को बलात्कारी और हत्यारा कह रही हैं। भाजपा को माफी मांगनी चाहिए। हरियाणा, पंजाब और जम्मू में भी किसान हैं। हम इस मुद्दे को उठाएंगे। बयान शर्मनाक है। आम आदमी पार्टी की आगामी योजनाओं पर कहा कि यूपी में 13 अक्तूबर को प्रादेशिक सम्मेलन होगा। अगले साल की रणनीति तैयार करेंगे। आठ जोन में प्रशिक्षण शिविर करेंगे। तिरंगा शाखा का विस्तार करेंगे। उन्होंने कहा कि यूपी में सीटों पर होने वाले उपचुनाव में कहीं भी चुनाव नहीं लड़ेंगे।

### इस प्रेसवार्ता में संजय सिंह ने कुछ मुद्दे बिंदुवार उठाए

1. सरकारी नौकरी में एससी, एसटी ओबीसी को उम्र की छूट होती है। अगर किसी को 36 साल में नौकरी मिली, वह ओबीसी है तो उसको पेंशन कैसे मिलेंगी ? क्योंकि 25 साल नौकरी करना जरूरी है। 24 साल में ही रिटायर हो जायेगा। यह पेंशन लाखों दलित, पिछड़ा और आदिवासी को योजना से वंचित करेंगी।
2. अर्ध सैनिक बल 20 साल की नौकरी करने के बाद सेवानृवित्त होते हैं। अब उनको पेंशन के लिए 25 साल नौकरी करनी होगी। नहीं तो वंचित हो जायेंगे।
3. कभी जीपीएफ का पैसा निकाल सकते थे शादी, घर बनवाने के लिए। इस योजना में अगर 20 साल नौकरी की तो पैसा कटेगा, 25 साल में ही पेंशन मिलेगी। 20 साल का काटा पैसा कहां गया?

### वक्फ बोर्ड मामले पर दिया बयान

आप सांसद ने कहा कि मैं अभी मौलाना खालिद रशीद फिरंगी महली से मिला हूं। यह बिल क्यों लाया गया? मैं जीपीसी का सदस्य हूं। इसे लेकर भ्रांति फैलाई जा रही है। बोर्ड में महिला सदस्य शामिल होने का पहले से प्रावधान है। उन्होंने कहा कि 5 लाख 72 हजार एकड़ जमीन है 9 लाख एकड़ नहीं। यह आरएसएस की वाट्सअप यूनिवर्सिटी की सूचना है। उन्होंने कहा कि यह बांटो और राज करो का बिल है। वफ्फ के नियम कानून काफी साफ हैं। उन्होंने कहा कि यह संविधान की धारा 26 के भी खिलाफ है। गैर मुस्लिम को शामिल करना गलत है। यह बिल, गुरुद्वारा, चर्च और मंदिर की जमीन पर कब्जा करने का है। सेना की 13 हजार एकड़ जमीन अयोध्या में अदानी को दे दी गई है।

# जन एक्सप्रेस



## सम्पादकीय

# यूसीसी और जाति व्यवस्था पर भ्रामक आख्यानों का जवाब

**डॉ. अंबेडकर ने अपने जवाब में कहा मुझे डर है कि मैं इस अनुच्छेद में पेश किए गए संशोधनों को स्वीकार नहीं कर सकता। मेरे मित्र, श्री हुसैन इमाम ने संशोधनों का समर्थन करते हुए पूछा कि क्या इतने विशाल देश के लिए एक समान कानून संहिता होना संभव और वांछनीय है। अब मुझे यह स्वीकार करना चाहिए कि मैं उस कथन से बहुत आश्चर्यचकित था, इसका सीधा-सा कारण यह है कि हमारे देश में मानवीय संबंधों के लगभग हर पहलू को कवर करने वाली एक समान कानून संहिता है। हमारे पास पूरे देश में एक समान और पूर्ण आपराधिक संहिता है।**

*भारत को तोड़ने वाली ताकतें हमेशा हिंदू एकता को तोड़ने के लिए काम करती हैं ताकि वे अपने लाभ के लिए राजनीतिक और नौकरशाही सत्ता का इस्तेमाल कर सकें। राष्ट्र को सामाजिक, आर्थिक और आध्यात्मिक रूप से नष्ट कर सकें और प्रत्येक भारतीय में दासता पैदा कर सकें। वे जिस नियमित रणनीति का उपयोग करते हैं, वह है हिंदुओं को जाति के आधार पर विभाजित करना। वे एससी, एसटी और ओबीसी लोगों के दिमाग में जहर भरने के लिए झूठे विमर्श विकसित करते हैं, जिससे वे हिंदुओं और हिंदुत्व से नफरत करने लगते हैं। वे आंशिक रूप से सफल रहे फिर भी उन्होंने देश के ताने-बाने को काफी हद तक नुकसान पहुचा दिया। अब समय आ गया है कि भारत बनाने वाली ताकतें इन झूठे आख्यानों का मुकाबला करें और सभी के लाभ के लिए हिंदुओं को एकजुट करें। आइए हम दो झूठे आख्यानों की जांच करें जो एससी और एसटी जातियों के दिमाग में जहर भर रहे हैं- 1. समान नागरिक संहिता आरक्षण को खत्म कर देगी। 2. उच्च जाति के हिंदुओं ने जाति और जाति भेदभाव की व्यवस्था तैयार की। समान नागरिक संहिता समान नागरिक संहिता की अवधारणा सभी धर्मों और सामाजिक समूहों के लिए एक समान नागरिक संहिता (विवाह, गोद लेना, उत्तराधिकार, तलाक, इत्यादि) की स्थापना को संदर्भित करती है। भारत में अब कई पारिवारिक कानून हैं; समान नागरिक संहिता लागू करने से कानूनों में सामंजस्य आएगा, जिसके परिणामस्वरूप दक्षता और पारदर्शिता आएगी। एक मानक नागरिक संहिता होने के कई फायदे हैं। आरक्षण समान अवसर के बारे में है; यह वंचित आबादी को दी जाने वाली एक तरह की सकारात्मक कार्यवाही है। आरक्षण का समान नागरिक संहिता से कोई संबंध नहीं है। समान नागरिक संहिता धर्म के बारे में है, जबकि आरक्षण सामाजिक समानता के बारे में है। जरा विचार करें, इस्लामी धर्म में, वे चार पत्नियाँ नहीं रख पाएँगे। वे मुस्लिम महिलाओं के साथ भेदभाव नहीं कर पाएँगे। इस्लामी कानून अब विवाह जैसे व्यक्तिगत मामलों में लागू नहीं होगा। एक मुस्लिम लड़की पंद्रह वर्ष की आयु में विवाह नहीं कर पाएगी। वे तीन तलाक और निकाह हलाला को लाद नहीं पाएँगे। मुस्लिम महिलाओं को भी गोद लेने का अधिकार होगा। उन्हें संपत्ति पर समान अधिकार होगा। मुल्ला न्यायाधीश के रूप में अपनी शक्ति खो देंगे। सभी मामलों का फैसला अदालत में होगा। ये सभी सकारात्मक बातें हैं। हालाँकि, कुछ मुसलमान इन नियमों को इस्लाम विरोधी मान सकते हैं और इनका विरोध कर सकते हैं। वे प्रागैतिहासिक काल में रहना चाहते हैं। कुछ लोगों की आलोचना के बावजूद, यूसीसी का मुस्लिम समाज पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। यूसीसी पर डॉ. अंबेडकर के विचार नागरिकों के लिए समान नागरिक संहिता-राज्य नागरिकों के लिए पूरे भारत में समान नागरिक संहिता सुनिश्चित करने का प्रयास करेगा। यह अनुच्छेद 44 में कहा गया है, जो राज्य नीति के निर्देशक सिद्धांतों के तहत हमारे संविधान के भाग IV में निहित 16 अनुच्छेदों (अनुच्छेद 36 से 51 तक) में से एक है। अनुच्छेद 44 को 23 नवंबर, 1948 को संविधान सभा में डॉ. बी.आर. अंबेडकर द्वारा अनुच्छेद 35 के प्रारूप के रूप में पेश किया गया था और उसी दिन सर्वसम्मति से पारित किया गया था। हालांकि, चर्चा के दौरान, कुछ मुस्लिम सदस्यों ने प्रावधान जोड़ने के लिए संशोधन प्रस्तावित किए, अर्थात्, बशर्ते कि कोई भी समूह, वर्ग, समुदाय या लोग अपने व्यक्तिगत कानून को छोड़ने के लिए बाध्य नहीं होंगे, यदि उनके पास ऐसा कोई कानून है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**भारत में, नर्सिंग एक ऐसा पेशा है जो महिलाओं द्वारा बड़े पैमाने पर चुना जाता है। इस क्षेत्र में पुरुष नर्सों की भूमिका अभी भी ऐसे क्षेत्रों तक सीमित है, जिसमें रोगियों को उनकी न्यूनतम आवश्यकता होती है जैसे आई.सी.यू.। अभी भी विशेष रूप से प्रसूति एवं महिला रोग विज्ञान विभाग में पुरुष नर्सों को स्वीकार नहीं करते। जानकार मानते हैं कि भारत में एक लाख सहायक नर्स (मिडवाइफों) तथा चार लाख सामान्य नर्स (मिडवाइफों) की कमी है। आप भी मानेंगे कि इस तरह के बहुत भाग्यशाली ही लोग होते हैं, जिन्हें कभी अस्पताल में जाना नहीं पड़ता। उन कठिन दिनों में हमें नर्स की सेवा और उनकी मुस्कान से कितनी राहत मिलती है, यह किसी को बताने की जरूरत नहीं है।**

# मरीजों को पीड़ामुक्त करती नर्सों के चेहरे की मुस्कान भी बनी रहे!



डॉ0 आर.के. सिन्हा

**जब मैं बहुत ही बीमार था और मेरा किडनी प्रत्यारोपण हुआ था, मुझे दिल्ली के गंगाराम अस्पताल और सिंगापुर के माउन्ट एलिजाबेथ अस्पताल में महीनों बिताने पड़े थे। नर्सों के व्यवहार और उनकी मुस्कुराहट का मेरे स्वास्थ्य लाभ में बड़ा योगदान है। लेकिन, यदि आप उनका व्यवहार बढ़िया हो, ऐसा छह रहे हैं।**

भारत में रोगियों का अस्पतालों में तस्लीबख्श इलाज किस तरह से हो, इस मसले पर नए-नए सुझाव सामने आते रहते हैं। सब अपने-अपने अनुभव और जानकारी के हिसाब से बताते हैं कि रोगियों को हम किस तरह से उच्च कोटि का इलाज दे सकते हैं। पर सारी बहस में हेल्थ सेक्टर की जान नर्सो के योगदान और उनके हितों की चर्चा कहीं पीछे छूट जाती है। यह बात ध्यान रखने की है कि अपने पेशे के प्रति निष्ठावान नर्सों के बिना रोगियों को सही ढंग से इलाज ही संभव नहीं है। इसलिए नर्सों की ट्रेनिंग और इनकी पगार और दूसरी सुविधाओं, खासकर इनके साथ होने वाले विनम्र व्यवहार पर खास देते रहना होगा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) का मानना है कि एक हजार की आबादी पर चार नर्से लाजिमी तौर पर होनी चाहिए। भारत अभी तक इस स्थिति तक नहीं पहुंचा है। भारत में एक हजार लोगों पर औसत दो ही प्रशिक्षित नर्से उपलब्ध हैं। भारत को अपने हेल्थ सेक्टर को बेहतर बनाने के लिए नर्सिंग क्षेत्र को और सशक्त बनाना होगा। हमारे यहां हर साल करीब ढाई लाख नई नर्से प्रशिक्षित होकर आ जाती हैं। यह बहुत साफ है कि नर्से किसी भी देश के हेल्थ सेक्टर की जान होती हैं, जो रोगी की देखभाल, उपचार का संचालन और रोगी के मनोबल को बढ़ाकर उन्हें स्वस्थ करने में अहम रोल निभाती हैं। भारत में नर्सों की भूमिका विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। नर्स अपने आप में डॉक्टरों से कोई बहुत पीछे नहीं होती, रोगियों का इलाज करने में। उदाहरण के रूप में कैंसर रोगियों का इलाज करने के लिए विशेष ज्ञान और कौशल की आवश्यकता होती है। ऑन्कोलॉजी नर्सों को उपचार का संचालन करने, दुष्प्रभावों का प्रबंधन करने और रोगियों और उनके परिवारों को भावनात्मक समर्थन प्रदान करने में कुशल होना चाहिए। इसी प्रकार किडनी या लिवर ट्रांसप्लांट के मरीजों को संक्रमण (इन्फेक्शन) से बचाना एक बड़ी समस्या है जिससे निपटने के लिये प्रशिक्षित नर्से ही प्राणरक्षक का कार्य करती हैं। अंग्रेज नर्स ''फ्लोरेंस नाइटिंगल'' विश्व में आधुनिक नर्सिंग की संस्थापक मानी जाती हैं। बेशक, नर्स किसी भी देश की चिकित्सा प्रणाली का जरूरी अंग हैं। यह रोगियों की जांच में फिजिशियनों एवं ऑपरेशन के दौरान भी सर्जनों की सहायता करती हैं, फीवर और बल्ड शुगर, ब्लड प्रेशर, पल्स रेट आदि नियमित रूप से रिकॉर्ड करती हैं, रोगियों को दवा खिलाने/पिलाने, इंजेक्शन देने का कार्य करती हैं, घावों की पट्टियां बदलती हैं और रोगियों के उपचार का रिकॉर्ड, तापमान, पल्स रेट, पोषाहार, सुधार आदि का रिकॉर्ड भी रखती हैं। अपनी महत्वपूर्ण भूमिका के बावजूद, नर्सों को अक्सर उनके योगदान के लिए बहुत कम पहचान मिलती है और उनके पेशेवर विकास के अवसर भी कम ही होते हैं। यह सबको पता है कि भारत में अधिकतर नर्स केरल से आती हैं, यूरोप और अमरीका में फिलीपींस से। दोनों ही स्थान समंदर के किनारे बसे हैं। यह अपने घरों को और बाल-बच्चों परिवार को देखने के अलावा नाइट-ड्यूटी भी करती हैं। फिलीपींस और केरल दोनों से हर साल हजारों नर्से निकलती हैं। नर्से भारत के विभिन्न भागों अलावा अरब खाड़ी के अन्य देशों में जातीं हैं। फिलीपींस वाली नर्से ज्यादा पसंद करती हैं अमरीका और यूरोप। इन दोनों जगहों की नर्सों ने अपनी मेहनत और लगन से सारी दुनिया में अपना नाम कमाया है। दिल्ली का सेंट स्टीफंस अस्पताल गुजरे सवा सौ सालों से रोगियों का इलाज कर रहा है। यहां की नर्सों को इस अस्पताल को स्थापित करने वाली संस्था दिल्ली ब्रदरहुड सोसायटी की तरफ से सीख मिलती रही है कि जनसेवा से बढ़कर कुछ भी नहीं है। इसके चलते सेंट स्टीफंस अस्पताल या इसे छोड़कर किसी अन्य जगह पर जाकर काम करने वाली नर्से हमेशा रोगियों के साथ खड़ी रहती हैं। अगर आप खेलों की दुनिया को करीब से नहीं भी जानते हैं तो भी आपने भारत के मशहूर धावक अमोज जैकब का नाम सुना होगा? हो सकता है कि कि आप कहें कि नर्सों की चर्चा करते हुए हम भटक तो नहीं रहे। यह बात नहीं है। जैकब उस भारतीय पुरुष 4×400 रिले टीम के मेंबर थे जिसने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में नए राष्ट्रीय और एशियाई रिकॉर्ड के साथ फाइनल के लिए क्वालीफाई किया था। उन्होंने पेरिस ओलंपिक में भी भाग लिया था। अमोज जैकब की मां राजधानी दिल्ली के एक अस्पताल में हेड नर्स हैं। अमोज जैकब कहते हैं कि मेरी मां ने दिन-रात रोगियों की सेवा करते हुए मुझे भी हमेशा प्रोत्साहित किया कि मैं बेहतरीन धावक बन जाऊं। अब तो भारत के सभी प्रदेशों से नर्से आ रही हैं खासकर पहाड़ी प्रदेशों उत्तरांचल, मणिपुर, अरुणाचल, मिजोरम, नागालैंड, मेघालय, सिक्किम आदि से। इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष डॉ. विनय अग्रवाल कहते हैं कि केरल की नर्सों की अब भी सब जगहों में बहुत मांग है। वह जहां जाती हैं, वहां पर केरल का नाम रोशन भी करती हैं। उन्हें बेहतर सेवा करने के बदले में अच्छी से अच्छी सैलरी भी मिलनी चाहिए। डब्ल्यूएचओ की एक रिपोर्ट के अनुसार, करीब साढ़े छह लाख भारतीय नर्से देश से बाहर जाकर काम कर रही हैं। जाहिर हैं कि इतनी बड़ी संख्या में नर्सों के देश से बाहर काम करने से देश में और उनके परिवारों में पर्याप्त काफी विदेशी मुद्रा आती ही होगी। भारत की सबसे बड़ी लक्जरी कारें और बसें उपलब्ध करवाने वाली मान ट्रांसपोर्ट कंपनी के चेयरमेन अमृत मान तो नर्सों की बात होते ही बहुत भावुक हो जाते हैं। वे बताते हैं कि अगर उनकी राजधानी के जयप्रकाश नारायण अस्पताल (पहले इर्विन अस्पताल) में हेड नर्स के रूप में काम करने वाली मां ने उनका साथ न दिया होता तो वह अपने को स्थापित नहीं कर पाते। अमृत मान की मां ने अपने बेटे को अपनी रिटायरमेंट के वक्त मिले पैसे से टैक्सी दिलवाई। उसके बाद अमृत मान ने पीछे मुड़कर नहीं देखा। उनकी कंपनी ही जी-20 शिखर सम्मेलन में भारत सरकार को लक्जरी कारें और बसें उपलब्ध करवा रही थी।



**नर्से भारत के विभिन्न भागों अलावा अरब खाड़ी के अन्य देशों में जातीं हैं। फिलीपींस वाली नर्से ज्यादा पसंद करती हैं अमरीका और यूरोप। इन दोनों जगहों की नर्सों ने अपनी मेहनत और लगन से सारी दुनिया में अपना नाम कमाया है। दिल्ली का सेंट स्टीफंस अस्पताल गुजरे सवा सौ सालों से रोगियों का इलाज कर रहा है।**

## एक्सप्रेस कविता

*खुद की तलाश में मैं। क्या कभी आपने अपने आप को खुद में पहचानने, खोजने की कोशिश की है, उस सच की तलाश की है, जो आपके अंदर सदियों से समाया हुआ है, आपके अंदर, तिल तिल कर जिंदा है आप के मनोभावों के साथ बाहर आना चाहता हो, आपने अंदर के मासूम बच्चे को जीने की कोशिश की है। आप कभी यूं ही बेवजह मुस्कुराये, खिलखिलाये है, रोज एक नया मुखौटा लेकर एक नए-नए पलों को जीते चले जा रहे हैं, जिंदगी के सच का सामना नहीं कर सकते हैं, वही सच जो आपको वर्तमान का आईना भी दिखाता है, आप भागते हैं कड़वी सच्चाईयों से, और निकल पड़ते हैं, नए चेहरे की तलाश में जो आने वाले कालचक्र में आपको नया मुखौटा देगा, और अंदर की सच्चाई से दूर और दूर ले जाएगा।*

संजीव ठाकुर

## एक्सप्रेस ज्ञान

*अगर आपको आज के हालतों से दुख हो तो उसे बदलने पर ध्यान दो न सोचो की कोई और बदलेगा जीवन में शक्ति के साथ ज्ञान भी ज़रूरी हैं बिना ज्ञान के हर चीज में नहीं जीता जाता*

## आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथि: | दशमी 25:22 तक |
| नक्षत्र: | मृगशीर्षा 15:54 तक |
| पक्ष: | कृष्ण |
| वार: | बुधवार |
| योग: | वज्र, 19:09 |
| सूर्योदय: | 06:01 |
| सूर्यास्त: | 18:42 |
| चंद्रमा: | मिथुन राशि में |
| राहुकाल: | 12:22-13:57 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वत: | 1945 |
| मास: | भाद्रपद |
| शुभ मुहूर्त: | कोई नहीं |

## जन एक्सप्रेस

### हैं दगे सवाल !

*साधना और मौन को ।*
*लेकर मचा बवाल ।।*
*ये कैसा अधिकार है ।*
*हैं दगे सवाल ।।*
*अपने अपने स्तर पर ।*
*है काफी विरोध ।।*
*कब कहां नहीं जाना ।*
*है अधूरा शोध ।।*
*है पड़ताल जारी ।*
*कहां कहां नुकसान ।।*
*कैमरा भी इसमें ।*
*डाल दिया है जान ।।*
*हुई पर शिकायत ।*
*ज़ोर था लगाया ।*
*पर असफल प्रयास अब तक।*
*काम नहीं है आया ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# वजाइना का पीएच लेवल बैलेंस करने के लिए अपनाएं डॉक्टर के बताए आसान टिप्स



**महिलाओं** के लिए फिजिकल हेल्थ के साथ वजाइनल हेल्थ पर ध्यान देना भी जरूरी है। वजाइनल हेल्थ से जुड़ी किसी भी समस्या को नजरअंदाज करना बीमारी का कारण बन सकता है। ऐसे में वजाइना का पीएच असंतुलित होना भी बड़ा कारण हो सकता है। अगर वजाइना का पीएच लेवल बिगड़ता है, तो इस स्थिति में वजाइना में सूखापन होने लगता है। इसके कारण वजाइना में बदबू, खुजली होने लगती है। एक्सपर्ट के मुताबिक वजाइना का पीएच लेवल 3.5 से लेकर 4.5 तक होना बेहद जरूरी होता है। इससे ज्यादा या कम होने पर इंफेक्शन का खतरा हो सकता है। लेकिन अगर आप कुछ चीजों का विशेष ध्यान रखते हैं, तो आप वजाइना का पीएच संतुलित रख सकते हैं।

**हाइजीन का पूरा ध्यान रखें:** वजाइना का पीएच संतुलित रखने के लिए हाइजीन का ध्यान रखना जरूरी है। अगर आप हाइजीन पर ज्यादा ध्यान नहीं देते हैं, तो इससे वजाइना का पीएच असंतुलित हो सकता है। पीएच असंतुलित होने से इंफेक्शन और बीमारियों का खतरा बढ़ सकता है।

**कॉटन अंडरवेयर पहनें:** कॉटन अंडरवेयर पहनने से पेट से निचले हिस्से पर ज्यादा दवाब नहीं पड़ता है। कॉटन अंडरवेयर पहनने पर पसीना और गीलापन भी जल्दी सूख जाता है। इससे बैक्टीरिया को पनपने का मौका नहीं मिलता और वजाइना का पीएच बैलेंस रहता है। कॉटन अंडरवेयर पहनने से जलन और खुजली होने का खतरा भी नहीं होता है।


**टाइट कपड़े अवॉइड करें:** टाइट कपड़े पहनने से ब्लड सर्कुलेशन होने में रुकावट आ जाती है। इसके कारण वजाइना में पसीना भी बढ़ जाता है जिससे इंफेक्शन हो सकता है। ऐसे में वजाइना का पीएच लेवल भी बिगड़ सकता है। इसलिए बहुत टाइट अंडरवेयर या पैंट्स नहीं पहनें।

**खुद को हाइड्रेट रखें:** पीएच बैलेंस रखने कर लिए बॉडी हाइड्रेट होना भी जरूरी है। अगर आप पर्याप्त पानी पीते हैं, तो इससे यूरिन के जरिये टॉक्सिन बॉडी से बाहर आ जाते हैं। ऐसे में वजाइना का पीएच बैलेंस रहता है और इंफेक्शन का खतरा कम हो जाता है। हाइड्रेट रहने से बैक्टीरियल और फंगल इंफेक्शन का खतरा भी कम होता है।

**सेफ सेक्स पर ध्यान दें:** वजाइना का पीएच बैलेंस रखने के लिए सेफ सेक्स प्रैक्टिस पर ध्यान दें। अनसेफ सेक्स करने से बीमारियों का खतरा ज्यादा हो सकता है। इससे बैक्टीरिया वजाइना में पनपने लगते हैं और पीएच लेवल बिगाड़ सकते हैं। इसलिए सेफ सेक्स प्रैक्टिस पर ध्यान दें। ये टिप्स आपको वजाइना का पीएच संतुलित रखने में मदद करेंगी। लेख में दी गई जानकारी पसंद आई हो, तो शेयर करना न भूलें।

## एक्सप्रेस विशेष

# भारतीय चिंतन में शांति सौहार्द



डॉ. दिलीप अग्निहोत्री

**दोनों देशों के बीच आज कृषि एवं खाद्य उद्योग पर सहयोग, उच्च प्रभाव वाली सामुदायिक विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए भारतीय मानवीय अनुदान सहायता, संस्कृति मंत्रालय के बीच सांस्कृतिक सहयोग और चिकित्सा उत्पाद विनियमन के क्षेत्र पर करार हुए हैं।**

**भारत का मानना है कि स्थायी शांति केवल दोनों पक्षों को स्वीकार्य विकल्पों के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है और इसके लिए बातचीत नितांत आवश्यक है। इसके लिए भारत सभी हितधारकों के साथ जुड़ाव जारी रखे हुए है। नरेंद्र मोदी ने कहा भी कि महात्मा गांधी के आदर्श सार्वभौमिक हैं और लाखों लोगों को आशा देते हैं। हम सभी मानवता के लिए उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करें।**



**नरेंद्र** मोदी दुनिया के ऐसे एक मात्र नेता हैं, जिन पर रूस और यूक्रेन को समान रूप से विश्वास है। इसके अलावा अमरीका यूरोप आदि देशों को भी यह विश्वास है कि रूस यूक्रेन संघर्ष का समाधान केवल नरेंद्र मोदी ही करा सकते है। इस कार्य में संयुक्त राष्ट्र संघ सुरक्षा परिषद भी लाचार प्रमाणित हो चुकी है। कुछ समय पहले नरेंद्र मोदी रूस गए थे। अब वह यूक्रेन यात्रा पर गए। दोनों देशों के साथ भारत के संबंधों को मजबूती मिली। वहीं युद्ध की समाप्ति की किरण भी दिखाई दी है। नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन की राजधानी कीव में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर श्रद्धांजलि अर्पित की। यह भी शांति और अहिंसा के लिए भारत का एक संदेश था। प्रधानमंत्री ने सामंजस्यपूर्ण समाज के निर्माण में महात्मा गांधी के शांति के संदेश की शाश्वत प्रासंगिकता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि उनके द्वारा दिखाया गया मार्ग वर्तमान वैश्विक चुनौतियों का समाधान प्रस्तुत करता है। कीव में ओएसिस ऑफ पीस पार्क में स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा मानवता के लिए आशा और शांति की किरण के रूप में कार्य करती है। नरेन्द्र मोदी और यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की के बीच कीव में व्यक्तिगत और प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। दोनों देशों के बीच बातचीत का ज्यादातर हिस्सा द्विपक्षीय संबंधों पर केन्द्रित रहा। दोनों देशों के बीच कृषि, चिकित्सा, संस्कृति और मानवीय सहायता से जुड़े चार समझौते भी हुए।द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ाने पर सहमति बनी। इसमें व्यापार, आर्थिक विषय,रक्षा, फार्मास्यूटिकल्स, कृषि और शिक्षा के विषय शामिल हैं। नरेंद्र मोदी विशेष ट्रेन से यात्रा कर पौलेंड से यूक्रेन की राजधानी कीव पहुंचे थे। 1992 में राजनयिक संबंधों की स्थापना के बाद किसी भारतीय प्रधानमंत्री का यूक्रेन का यह पहला दौरा है। भारत यूक्रेन को मानवीय सहायता प्रदान कर रहा है। अब तक सत्रह खेप, जिसमें से ज्यादातर चिकित्सा सामग्री है, यूक्रेन भेजी गई हैं। भारत ने आज यूक्रेन को चिकित्सा सहायता से जुड़ा भीष्म क्यूब सौंपा। भीष्म अर्थात भारत हेल्थ इनिशिएटिव फॉर सहयोग, हित एंड मैत्री क्यूब को त?वरित प्रतिक्रिया और समग्र देखभाल पर बल देते हुए दो सौ हताहतों तक के उपचार के लिये तैयार किया गया है। यह एड क्यूब आपात स्थितियों के दौरान आपदा प्रतिक्रिया और चिकित्सा सहायता हेतु निर्मित कई नवोन्?मेषी उपकरणों से युक्त है। यूक्रेनी पक्ष वैश्विक शांति शिखर सम्मेलन में भारत की निरंतर भागीदारी चाहता है। मोदी-ज़ेलेंस्की की बातचीत कुछ हद तक सैन्य स्थिति और शांति के संभावित रास्तों पर केंद्रित रही है। दोनों नेताओं ने विशेष रूप से व्यापार और आर्थिक संबंधों के पुनर्निर्माण पर ध्यान केंद्रित करने का काम अंतर-सरकारी आयोग को सौंपा है। इस वर्ष के अंत तक निश्चित रूप से आयोग की बैठक होगी। दोनों देशों के बीच आज कृषि एवं खाद्य उद्योग पर सहयोग, उच्च प्रभाव वाली सामुदायिक विकास परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए भारतीय मानवीय अनुदान सहायता, संस्कृति मंत्रालय के बीच सांस्कृतिक सहयोग और चिकित्सा उत्पाद विनियमन के क्षेत्र पर करार हुए हैं। यूक्रेन संघर्ष पर भारत की स्थिति है कि कूटनीति और बातचीत ही संघर्ष को हल कर सकती है और इसी से स्थायी शांति हो सकती है। भारत का मानना है कि स्थायी शांति केवल दोनों पक्षों को स्वीकार्य विकल्पों के माध्यम से प्राप्त की जा सकती है और इसके लिए बातचीत नितांत आवश्यक है। इसके लिए भारत सभी हितधारकों के साथ जुड़ाव जारी रखे हुए है। नरेंद्र मोदी ने कहा भी कि महात्मा गांधी के आदर्श सार्वभौमिक हैं और लाखों लोगों को आशा देते हैं। हम सभी मानवता के लिए उनके द्वारा दिखाए गए मार्ग का अनुसरण करें।

# महिला उत्पीड़न के मामलों को गंभीरता से नहीं लेती खीरी पुलिस




* महिला पत्रकार को अगर कोई पत्रकार प्रताड़ित करें तो पुलिस कुछ नहीं कर सकती एएसपी पवन गौतम खीरी
* उसके लिए महिला पत्रकार को अन्य पत्रकार से लेनी होगी मदद एएसपी पवन गौतम




**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

पत्रकारों के मकड़जाल में फंसे सरकारी विभाग पीड़ित न्याय के लिए दर-दर भटकने को मजबूर अगर यह कहा जाए खाकी ने कुछ नहीं रखा बाकी योगी राज की लुटिया डुबोने में जिला अधिकारी के यहां पत्रकारों की परिक्रमा एसपी पत्रकारों से घिरे चौकी थानों में पत्रकार दलाली कर रहे पुलिस की अपडेट चलाओ पुलिस के पक्ष में ख़बर चलाओ खुली दलाली का निमंत्रण पाओ दाम कमाओ एक परंपरा ही बन गई है।जिसका परिणाम सारे पत्रकारों को एक निगाह से नहीं देखा जाता प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों द्वारा कुछ पुलिस अधीक्षक के साथ एसी में बैठ गप सडाका करे अन्य पत्रकार जाए तो कोई सम्मान नहीं उल्टे अपमान मिले जैसे की एक महिला पत्रकार अपनी पीडा लेकर पुलिस अधीक्षक से अकेले मिलने गई क्यों कोई और होता तो महिला होने के नाते असुविधा होती पुलिस अधीक्षक खीरी गणेश प्रसाद साहा से मिली उन्होंने मामले को देखा और एएसपी पवन गौतम खीरी से मिलने को कहा जिनसे मिलने के इंतजार में महिला पत्रकार बाहर बैठी वहां एसपी अर्दली को दिक्कत यहां बैंठो वहां बैठो महिला पत्रकार ने सोचा मैं एक पत्रकार हूं मेरा यह हाल आम पीड़ितों का क्या हाल होगा जिससे आहत महिला पत्रकार पुनः एसपी से मिलती और अपनी समस्या रखती बाहर आकर एएसपी पवन गौतम से मिलने जाती वहा पत्रकार महोदय सम्मान पाते हुए पहले से मौजूद महिला पत्रकार ने साथी पत्रकार से कहा की आप बाहर चले जाए मै अपना पक्ष रख लूं साथी पत्रकार बाहर आ गया उसे कोई आपत्ती नही लेकिन एएसपी पवन गौतम को यह बात पसद नहीं आई उनका पसंदीदा पत्रकार था क्या बात चल रही थी इसको इतना सम्मान दिया जा रहा मैं भी पत्रकार वह भी महिला ख़बर व पत्रकार निकालता ख़बर महिला भी निकालती खैर जो भी बात हो मैं यह भी जानती थी सदर विधायक ने कोतवाली में धरना प्रदर्शन किया था विधायक और उनकी नोंक झोंक से ऐसा प्रतीत हो रहा था काफ़ी गुस्सा दिखाते हैं एएसपी साहब आपको फरियादियों को इतना तैस दिखाने के लिए नहीं बैठाया आपकों फरियादियों की फरियाद सुननी होगी आप आवेश गुस्सा घर रखे महिला पत्रकार से एएसपी ने कहा की पत्रकार का मामला पुलिस क्या करें पत्रकार ही समझौता करेंगे क्या बात कही किसी महिला पत्रकार का उत्पीडन पुरूष पत्रकार करे पुलिस कुछ नहीं कर सकतीं काफी अनुभवहीनता का परिचय दिया बोले दिल्ली जाओ जबकि दिल्ली से टीम आकर जांच कर गयी और उसने माना पुलिस के उत्पीडन के कारण महिला पत्रकार की जिंदगी बर्बाद हुई और टीम द्वारा 29-8-2024 को पेशी पर न आकर वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिए अपना पक्ष रखने को कहा गया है टीम ने माना कि दिल्ली आना जान जोखिम में डालना जान का खतरा होना आदि कई कारण है। लेकिन एएसपी कह रहे आप दिल्ली जाए लग रहा पुलिस के अधिकारी नहीं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता है।महिला पत्रकार ने बताया समाजवादी पार्टी की सरकार में मिले जख्मों पर नमक मिर्चा डाल रही है योगी राज की बेलगाम खीरी पुलिस महिला पत्रकार को एक पत्रकार जो लखीमपुर खीरी का बहुत बड़ा दलाल है जिसका काम पुलिस के साथ फोटो खिचाना पुलिस की अपडेट चलाना और पुलिस से एफ आई आर में नाम निकालना एफ आर लगाना बड़े बडे मैटर लेकर महिला थाने कोतवाली चौकी में सेटिंग कर दलाली करना और दौलतमंद लोगों को अपने जाल में फांस कर मूर्ख बनाना खबरें कही दिखाई नहीं देती पुलिस में इतनी जबरदस्त दलाली सेटिंग मुस्लिमों के बड़े बड़े मामले हल करने वाला अद्भुत गाड़ी से चलने वाला दलाल महिला पत्रकार के विरोधियों से मिलकर पुलिस से सेटिंग कर हत्या का खेल खेल रहा महिला पत्रकार ने ठान लिया है चाहे जितना बड़ा दलाल पत्रकार हो जहां मिल गया कोतवाली तक मुंह काला करके ले जाएंगे जिसने मेरे साथ खेल खेला उनका खेल बिगाड दूंगी रही बात पुलिस की पुलिस उसे न्याय नहीं दिला पाए तो किसी मामले में फंसा उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दें पुलिस उत्पीड़न बाहर रह कर देखने से अच्छा अंदर जेल में रहूं जो करने में पुलिस को महारथ हासिल है।पत्रकारो को अपने अंदर कोई बुराई नहीं दिखती बस दूसरे पत्रकार की बुराई करना पहले यह करता था वह करता था कोई कुछ करे वर्तमान समय में पत्रकार हैं यही गुटबाजी का फ़ायदा उठा रहे हैं अन्य लोगों एकता है नहीं एक दूसरे को नीचा दिखाने का खेल चल रहा है।पत्रकारिता पूरी तरह से अपने उद्देश्य से भटक गई।

# धूमधाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व मंदिरों में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़

**जन एक्सप्रेस । मोहम्मदी खीरी**





थाना परिसर, आबकारी विभाग सहित पूरे नगर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों तक सोमवार की रात श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही धूमधाम और श्रद्धा के साथ मनाया गया। मंदिरो को इस अवसर पर विशेष रूप से सजाया गया था।जहां श्रीकृष्ण की सुंदर झांकी ने सभी का मन मोह लिया। मंदिर को आकर्षक विद्युत झालरों और फूलों से सजाया गया। जिससे मंदिर की शोभा और भी बढ़ गई। सभी मंदिरों पर विधिवत पूजा-अर्चना कर श्रीकृष्ण की आराधना की। इस पूजा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु के के साथ-साथ स्थानीय लोग भी शामिल हुए। पूजा के बाद सैकड़ों श्रद्धालुओं ने स्थित मंदिरो में भगवान के दर्शन किए और पूजा-अर्चना की। विभिन्न गांवों में भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य सजावट और झांकी का आयोजन किया गया। हनुमान मंदिर सहित नगर से लेकर ग्रामों तक प्रमुख धार्मिक स्थलों पर विशेष सजावट की गई। इन स्थानों पर भगवान श्रीकृष्ण की झांकी निकाली गई। जिसमें स्थानीय लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर क्षेत्र के विभिन्न मंदिरों में भक्ति संगीत और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। भक्तों ने भक्ति गीतों पर झूमते हुए भगवान की आराधना की। मंदिरों में भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की लीलाओं का मंचन भी किया गया, जिसे देखने के लिए दूर-दूर से श्रद्धालु पहुंचे। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर मंदिरों में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखने को मिली। लोग दूर-दूर से भगवान के दर्शन और झांकी देखने के लिए पहुंचे। मंदिरों में भक्तों ने पूजा-अर्चना के बाद प्रसाद ग्रहण किया और भगवान से सुख-समृद्धि की कामना की। मोहम्मदी क्षेत्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने बड़े हर्षोल्लास के साथ भाग लिया।

# खैराबाद में धूम धाम से मनाया गया श्रीकृष्ण जन्मोत्सव



**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**



खैराबाद। श्री कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व आज उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया।आकर्षक झांकियां के साथ रोचक कार्यक्रम आयोजित किए गए।श्री कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भुलनपुर में माँ गौरी देवी मंदिर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव का आयोजन किया। मंदिर प्रांगण में यहां एक ओर आकर्षक सजावट की गई। इस अवसर पर यहां ब्रज से आये कलाकारों ने कृष्ण भजनों पर नृत्य करते हुए दर्शकों का मन मोह लिया। नगरपालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्ता व गौरी देवी मंदिर समित के अध्यक्ष बच्चन मिश्रा की ओर से आयोजित इस आयोजन में भगवान कृष्ण पर आधारित झांकी आकर्षण का केंद्र रही। इसमें श्री कृष्ण का जन्म, चीर हरण कृष्ण रास लीला व झांकियां प्रमुख रूप से शामिल रही। मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी ने बताया कि मध्य रात्रि 12:00 बजे भगवान श्री कृष्ण का जन्म का कार्यक्रम पूरे विधिवत सनातन वैदिक परंपरा के अनुसार किया गया। इस अवसर भगवान श्री कृष्ण के जन्म के उपरांत दूध ,दही, शहद, गाय का घी, गंगाजल, पचांमृत से स्नान कराया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि राकेश राठौर गुरु जी, भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश शुक्ला, नि.जिला अध्यक्ष अचिन मेहरोत्रा, नगर विकास मंत्री कार्यालय प्रभारी महेश राठौर,कृष्ण कुमार बाजपेई, रानू गुप्ता, अधिषासी अधिकारी प्रेम शंकर गुप्ता, संदीप गुप्ता, खैराबाद पालिका अध्यक्ष बेबी अभिषेक गुप्ता, विश्राम सागर राठौर, संदीप मिश्र, अंशु मिश्र, गौरव अग्रवाल, संदीप गुप्ता, शुभम गुप्ता, आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका परिषद गोला में मनाया गया नागरिक सुविधा दिवस



**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी**

नगर पालिका परिषद गोला में शासन के निर्देशानुसार प्रत्येक माह के अंतिम मंगलवार को नागरिक सुविधा दिवस मनाया जाता है। इसी क्रम में नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए सफाई एवं खाद्य निरीक्षक नगरपालिका संदीप वर्मा, जे ई निशांत कुमार कनौजिया जल निगम, ए. के. सिंह अधिशाषी अभियंता पी डब्ल्यू डी, अमित श्रीवास्तव वरिष्ठ लिपिक नगरपालिका, मोहित गिरि जलकल विभाग नगर पालिका परिषद गोला की मौजूदगी में नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने जनसुनवाई के दौरान जल निगम की एक, निर्माण विभाग की एक कुल दो शिकायतें आयी नगर पालिका अध्यक्ष विजय शुक्ला रिंकू ने कहा दोनों शिकायतें तय समयानुसार निस्तारित कर दी जाएगी।

## तलाब में डूबकर युवक की मौत परिजनों का रो रो बुरा हाल

**जन एक्सप्रेस । लखीमपुर खीरी**

थाना फरधान क्षेत्र के गांव कोटखेरवा में मंगलवार को खेत देखने गए किशोर का पैर फिसल गया और वह तालाब में गिर गया, जिससे उसकी डूबने से मौत हो गई। किशोर की मौत से उसके परिवार में चीख पुकार मच गई है। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।गांव कोटखोरवा निवासी रामेश कुमार का 16 वर्षीय पुत्र प्रांशु खेत देखने के लिए गया था। वह तालाब के किनारे से निकल रहा था।उसी समय उसका पैर फिसल गया, जिससे वह तालाब में गिर गया।तालाब काफी गहरा होने के कारण प्रांशु की पानी में डूबने से मौत हो गई।पास-पड़ोस के खेतों में काम कर रहे लोगों ने देखा तो शोर मचाया।तब गांव के लोग आ गए।लोग जब तक उसे बाहर निकालते।इससे पहले ही उसकी मौत हो गई।मौत की खबर मिलते ही परिवार में चीख पुकार मच गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

# बजाज फाउंडेशन के ध्येय अभियान के ज़रिये स्वर्णिम भारत की डगर पर कर्मवीरों के प्रगतिशील सफ़र का शंखनाद





**जन एक्सप्रेस । पलिया कलां खीरी**

बजाज औद्योगिक समूह के अंतर्गत बजाज फाउंडेशन ने अपने सहयोगी संगठन विश्व युवक केंद्र के सहयोग से मरुभूमि राजस्थान के सीकर शहर में राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित ध्येय अभियान के ज़रिये स्वर्णिम भारत की गौरवशाली डगर पर देश भर के कर्मवीरों के रोमांचक प्रगतिशील सफ़र का शंखनाद किया।राजस्थान के सीकर शहर में बजाज फाउंडेशन और विश्व युवक केंद्र द्वारा आयोजित इस चार दिवसीय अभियान में देश भर से आये एक सौ से भी अधिक गैर सरकारी संगठनों के प्रतिनिधियों के लिए व्यापक प्रशिक्षण सत्र और फील्ड विजिट का आयोजन किया गया। बजाज समूह के संस्थापक श्री जमनालाल बजाज के जन्म स्थान सीकर और उसके आसपास के क्षेत्रों में जमनालाल कनीराम बजाज ट्रस्ट द्वारा 1963 से लगातार किये गये प्रयासों से कृषि, जल, शिक्षा और आजीविका के क्षेत्रों में सुनिश्चित उल्लेखनीय कार्यों को बखूबी प्रस्तुत किया गया। अभियान के पहले दिन कार्यक्रम के प्रमुख अतिथियों में राजस्थान सरकार के कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक रामनिवास पालीवाल, उद्यानिकी विभाग के उप निदेशक हरदेव सिंह बाजिया और कृषि विभाग के सहायक निदेशक सर्जन सिंह के साथ एक लीटर पानी से राजस्थान की बंजर जमीन पर पौधे उगाने के अपने तरीके के लिए पद्मश्री पुरस्कार से सम्मानित सुंडाराम वर्मा भी शामिल हुए। उनके अलावा निकटवर्ती ग्राम सूलियावास के सरपंच रामकरण स्वामी, प्रगतिशील महिला उद्यमी श्रीमती रजनी देवी और प्राकृतिक खेती करने वाले किसान ओमप्रकाश शर्मा भी उपस्थित रहे। अगले दिन इस विशेष अभियान में श्री जमनालाल बजाज के प्रपौत्र और बजाज फाउंडेशन के ट्रस्टी अपूर्व नयन बजाज भी शामिल हुए। उनकी मौजूदगी में देश भर के एक सौ से भी अधिक प्रतिनिधियों ने अगले दो दिनों के दौरान निकटवर्ती क्षेत्रों में प्राकृतिक खेती, वर्षा जल संरक्षण, बायोगैस और शिक्षा के क्षेत्र में हुए बदलाव को करीब से देखा। ये सभी सहभागी प्रतिनिधि रूरल मार्ट के ज़रिये प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों की दुकान पर भोजन कर काफी आनंदित हुए। अभियान के अंतर्गत एक फील्ड विजिट के दौरान सीकर में सिर्फ़ एक लीटर पानी से पौधे लगाने वाले पद्मश्री सुंडाराम वर्मा के खेत में जाकर प्रतिनिधि बेहद अचम्भित हुए और पानी बचाकर अच्छे नतीजे पाने की उनकी अनूठी पहल को सभी ने खूब सराहा। देश भर से आये प्रतिनिधियों को सम्बोधित करते हुए बजाज समूह के सीएसआर अध्यक्ष हरिभाई मोरी ने जल संसाधन विकास और इस क्षेत्र में फाउंडेशन की अन्य उपयोगी पहलों पर विस्तृत चर्चा की। इसके बाद विश्व युवक केन्द्र के मुख्य कार्यकारी अधिकारी उदय शंकर सिंह ने ध्येय अभियान की पृष्ठभूमि और उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी। अपने विशेष सम्बोधन में अपूर्व नयन बजाज ने कहा कि स्वर्णिम भारत की राह पर निरंतर अग्रसर होने के लिए सबको साथ लेकर आगे बढ़ना ही हमारे ध्येय अभियान का मुख्य उद्देश्य है। इसी क्रम में देश भर के गैर सरकारी संगठनों को इन प्रभावशाली पहलों से अवगत कराया जा रहा है। उन्होंने सभी सहभागियों से अनुरोध किया कि आप वापस अपने राज्य में जाकर इन उपयोगी एवं प्रगतिशील हस्तक्षेपों को अपनाने के लिए अन्य सभी को प्रेरित करें, ताकि हमारे भारत को स्वर्णिम एवं विकसित भारत बनाने का हम सबका सपना साकार हो सके।

# मंडल आयुक्त डॉ रोशन जैकब ने शारदा सहायक नदी के कटान से हुई तबाही मौके पर रात्रि भृमण जारी रखा

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**



आयुक्त, लखनऊ मण्डल लखनऊ डा रोशन जैकब ने नहर पटरी कटान मौके पर पहुंचकर रात्रि भ्रमण जारी रखा। जिलाधिकारी को बचाव व पटरी मरम्मत आदि कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए। आयुक्त महोदया ने अधिशासी अभियंता सिंचाई विशाल पोरवाल से राहत कार्यों की जानकारी ली। जलभराव ग्रामों के नागरिकों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने व राहत सामग्री के वितरण के भी निर्देश दिये। उन्होंने सर्वे कराकर क्षतिपूर्ति एवं मुआवजा तय करने के निर्देश संबंधित को प्रदान दिये। बैराज की स्थिति की जानकारी ली एवं जल को नदी में डायवर्ट करने के निर्देश दिए। सिंचाई विभाग के अधिकारियों से जानकारी लेते हुये पानी के फ्लो को नियंत्रित करने के निर्देश दिये। आयुक्त महोदया ने प्रभावित गांवों की जानकारी लेते हुये बाढ़ से प्रभावित लोगों को सभी जरूरतें उपलब्ध कराने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जहाँ-जहाँ नहर पटरी जीर्णशीर्ण स्थिति में है, वहाँ का भी निरीक्षण करते हुये सभी व्यवस्थित की जायें। प्राथमिक विद्यालय रमुवापुर में जलभराव से प्रभावित कैम्प का आयुक्त महोदया ने निरीक्षण किया तथा ग्राम प्रधान से समस्याएं जानी। साथ ही खाना, लंच वितरण की जानकारी ली। कैम्प में ठहरे हुये लोगों का आयुक्त महोदया ने हाल जाना, वार्ता करते हुये महिलाओं के साथ उनका दर्द साझा किया एवं समुचित सहायता का भरोसा भी दिलाया। जिलाधिकारी ने स्थानीय प्रशासन को निर्देश दिये कि रमुवापुर में बने दो मंजिला में जो भी लोग ठहरे है उनको भी सुरक्षित निकाल लिया जाये। मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिये कि स्वास्थ्य सुविधाओं को हरहाल में मुहैय्या करायी जाये तथा सभी प्रभावित को राशन किट वितरित की जाये। पंचायत भवन भिनैनी में बने जल प्रभावित कैम्प का आयुक्त महोदया ने निरीक्षण कर उनकी फसलों के नुकसान की जानकारी ली। नहर पटरी कब कटी, कब आप लोग वहां से पलायन किया आदि की जानकारी लेकर उन्हें सांत्वना दी कि प्रशासन आपकी पूरी तरह से मदद करने में लगा है आप परेशान न हो, खाने पीने से लेकर आपकी फसल की क्षतिपूर्ति भी दी जाएगी। उपजिलाधिकारी बिसवां को निर्देश कि गौवंश जो भी जलभराव में फंस गए हैं उनको भी सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया जाये तथा प्रभावित क्षेत्र में अनवरत निरीक्षण करते रहे। विभिन्न बचाव दल को सक्रिय रखा जाये एवं रेस्क्यू अनवरत जारी रखा जाये। बीएसएलडी विद्या मंदिर लोधौनी में में बने राहत शिविर में आयुक्त महोदया पहुंचकर ठहरे हुये लोगों का हाल जाना। भोजन, फल आदि की जानकारी लेकर स्थानीय प्रशासन को मच्छर क्वाइल आदि के वितरण के निर्देश दिये। महिलाओं व बच्चो को सुबह दूध वितरण करने के निर्देश उपजिलाधिकारी महमूदाबाद को दिये। उपजिलाधिकारी को निर्देश दिये कि गौवंशों हेतु चारे, भूसे व उनके टीके की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश प्रदान किये। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व नीतीश कुमार सिंह, उपजिलाधिकारी बिसवां, महमूदाबाद, क्षेत्राधिकारी बिसवां, अधिशासी अभियन्ता सिंचाई विशाल पोरवाल सहित भारी संख्या स्थानीय प्रशासन उपस्थित रहा।

# निपुण भारत मिशन को सफल बनाने हेतू चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का हुआ आयोजन: सिम्मी निगार



**जन एक्सप्रेस । सीतापुर**

**लहरपुर।** स्थानीय ब्लाक संसाधन केंद्र पर बुनियादी शिक्षा को मजबूत बनाने के लिए संचालित, निपुण भारत मिशन को सफल बनाने के उद्देश्य से, शिक्षकों के चार दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का शुभारंभ खण्ड शिक्षा अधिकारी सिमी निगार ने किया। इस मौके पर प्रशिक्षकों के द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न शैक्षिक गतिविधियों और शैक्षिक तकनीकी बारीकियों की जानकारी दी गई। खण्डशिक्षा अधिकारी सिमी निगार ने प्रशिक्षण का शुभारंभ करते हुए कहा कि, प्रशिक्षण से न सिर्फ शिक्षकों की कार्यक्षमता में वृद्धि होती है बल्कि लक्ष्य को प्राप्त करने में भी सरलता होती है, इस लिए प्रशिक्षण की सभी गतिविधियों में सभी शिक्षक पूरे मनोयोग से सम्मिलित हों तथा प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारियों और अनुभवों को व्यवहार में लाकर विधालय को निपुण बनाने के लिए पूरी क्षमता से कार्य करें। प्रशिक्षण में ए.आर.पी. सुरेश कुमार, के आर पी अनवर अली, संदीप कुमार, पुष्पेन्द्र मौर्य ने निपुण भारत मिशन की विस्तार से जानकारी दी। पवन कुमार मित्तल एवं सौरभ शुक्ला ने तकनीकी सपोर्ट प्रदान किया। इस मौके पर मोहम्मद आसिफ, पूनम कश्यप, अनुराग श्रीवास्तव, भीम सिंह आदि ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

## 50 गांवों में दिखा जल प्रलय सरीखा नजारा

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर।** जिले के तहसील बिसवा क्षेत्र के बिसवां–महमूदाबाद मार्ग पर सोमवार को सुबह करीब 11 बजे रुसहड़ गांव के पास शारदा नहर फट गयी। करीब तीन सौ मीटर की सड़क काटकर पानी उत्तर दिशा मे स्थित रूस हड़, सधुपुर, महरिया, हुसैनपुर, अकबापुर व अन्य गावों में तेजी से घुसने लगा। पानी ने करीब 50 गांवों को अपने आगोश में ले लिया। स्थानीय प्रशासन ने ग्रामीणों को राहत शिविरों में पहुंचाया। देर रात मंडलायुक्त डॉ रौशन जैकब भी पहुंचीं। सुबह 4 बजे वह लखनऊ वापस गईं। देर रात तक जिलाधिकारी अभिषेक आनंद, एडीएम नीतीश सिंह व अन्य अधिकारी मौके पर थे। वहीं, सुबह जल शक्ति मंत्री स्वतंत्रत देव सिंह भी स्थलीय निरीक्षण करने पहुच रहे हैं।



## कृष्ण जन्माष्टमी पर शिक्षण संस्थान में मटकी सजाओ कृष्ण को लुभाओ प्रतियोगिता हुई आयोजित

**जन एक्सप्रेस । सीतापुर।** महमूदाबाद। भगवान श्री कृष्ण जन्म पर श्री महावीर प्रसाद मिश्र मेमोरियल शिक्षण संस्थान सदरावां में दही हांडी उत्सव तथा मटकी सजाओ कृष्ण को लुभाओ प्रतियोगिता में विद्यालय की छात्राओं ने बड़े उत्साह के साथ प्रतिभाग किया। छात्राओं ने बहुत सुंदर और मनोहारी तरीके से अपनी अपनी मटकी सजाईं। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट कला प्रदर्शन करने वाली बहन दिव्यांशी, दीपांशी को प्रथम नैंसी, निशा को द्वितीय काजल, आसमी को तृतीय स्थान आशिकी भारती, शिवानी को चतुर्थ स्थान प्रियांशी, नैंसी गिरी को पंचम स्थान प्राप्त हुआ।कार्यक्रम की अगली श्रृंखला में भगवान श्री कृष्ण के मनमोहक स्वरूप में सजे आयुष वर्मा, ऋषभ वर्मा, अनुराग पटेल ने सभी का मन मोह लिया इसके पश्चात दही हांडी उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। प्रबंधक श्रीनिवास मिश्र के मार्गदर्शन और प्रधानाचार्या श्रीमती एकता मिश्रा के साथ शिक्षिका काजल सोनी जी व रोली वर्मा जी के संयोजन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। विद्यालय के उप प्रबंधक गौरव मिश्र, मधुकर मिश्र सहित उमाशंकर वर्मा, राजेंद्र वर्मा, सुनील वर्मा, राजकुमार श्रीवास्तव, जागेश्वर यादव, सुनील यादव, मुकेश वर्मा, शैलेन्द्र वर्मा, उदित यादव, अनुज कुमार, हिमांशु दर्पण, कृष्ण कुमार वर्मा, संदीप वर्मा, दिनेश शुक्ल, अंकिता वर्मा, अंदेशा वर्मा, अंशिका वर्मा, सीमा भारती कार्यक्रम के दौरान बड़ी संख्या में छात्र छात्राएं और अभिभावक उपस्थित रहे।

## बाघ कुकरा बांकेगंज सड़क पर चहलकदमी करता हुआ दिखाई दिया

**जन एक्सप्रेस । गोला गोकर्णनाथ खीरी।** बांकेगंज कुकरा रोड पर सड़क क्रॉस करता हुआ बाघ दिखाई दिया,जिससे राहगीरों मे हड़कंप मच गया। सड़क के दोनों तरफ राहगीरों, वाहनों की भीड़ लग गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार बाघ काफी देर से रोड के किनारे झाड़ियों मे बैठा था।मैलानी और गोला वनरेंज की जटपुरा, गोला पश्चिमी बीट में बाघ को सड़क क्रॉस करते हुए सैकड़ो प्रत्यक्षदर्शियों ने देखा। बाघ कुकरा बांकेगंज सड़क पर चहलकदमी करता हुआ दिखाई दिया। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि बाघ सड़क के किनारे काफी देर से झाड़ियां में बैठा साफ दिखाई दे रहा था। कुछ समय पश्चात बाघ उठकर सड़क पर आ गया। सड़क पर दोनों तरफ वाहनों की कतारें लग गई। बस में बैठे हुए एक यात्री ने बाघ का फोटो खींच लिया, जो काफी वायरल हो रहा है। इस क्षेत्र में कई बाघों का जमावड़ा बना हुआ है। जहां यह बाघ दिखाई दिया है वहीं से 500 मीटर की दूरी पर अभी 20 दिन पूर्व एक बालिका जानकी को अपना निवाला बना चुका है। जबकि वनविभाग ने बाघ को पकड़ने के लिए पिंजड़ा की व्यवस्था कर रखी है। दिन दिहाड़े ऐसे बाघ को घूमते देखकर आमजन भयभीत नजर आ रहा है।लोग बताते हैं कि करीब एक सप्ताह पूर्व बाघ ढाका स्थित परिषदीय विद्यालय के पास पहुंच गया था, जिससे घबराए शिक्षकों ने बच्चों को कमरे के अंदर एकत्र कर दरवाजा बंद कर लिया था। ग्रामीणों को जानकारी मिलने पर जब वह बड़ी संख्या में विद्यालय पहुंचे तब बाघ गन्ने के खेतों में चला गया था। बाघों की उपस्थिति से आम जनमानस भयभीत है। अभिभावक अपने बच्चों को विद्यालय भेजने से भी घबरा रहे हैं।

# गोरखनाथ मंदिर में धूमधाम से मनाई गई कृष्ण जन्माष्टमी

**✻ सीएम ने कन्हैया को पालने में झूलाकर दी जन्म उत्सव की बधाई**

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर



योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पावन पर्व जन्माष्टमी गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री व गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ की मौजूदगी में पारंपरिक श्रद्धा एवं हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। पर्व को मनाने के लिए मुख्यमंत्री सोमवार की रात लखनऊ के पुलिस लाइंस में आयोजित जन्माष्टमी कार्यक्रम में हिस्सा लेने के पश्चात रात को गोरखनाथ मंदिर पहुंचे। आधी रात जैसे ही कन्हाई जन्मे, योगी ने मंदिर के गर्भगृह में विधि-विधान से पूजा अर्चना की, और उन्हें पालने में झुलाया एवं प्रदेशवासियों को जन्माष्टमी की बधाई दी।

मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में भजन-कीर्तन का आयोजन था। मंदिर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री सभागार पहुंचे और लोकगायक राकेश श्रीवास्तव व साथियों की ओर से प्रस्तुत सुमधुर भजनों का आनंद उठाने लगे।

मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में भजन-कीर्तन का आयोजन था। मंदिर पहुंचने के बाद मुख्यमंत्री सभागार पहुंचे और लोकगायक राकेश श्रीवास्तव व साथियों की ओर से प्रस्तुत सुमधुर भजनों का आनंद उठाने लगे।

रात 12 बजे प्रभु श्रीकृष्ण के प्राकट्य तक सुरमयी भजन गूंजते रहे और लोग उनपर झूमते रहे। रात 12 बजते ही %नंद घर आनंद भयो, जय कन्हैयालाल की% और 'श्रीकृष्ण गोविंद हरे मुरारी, हे नाथ नारायण वासुदेवा' की मंगल धुन और और घंट-घड़ियाल की गूंज के बीच गोरक्षपीठाधीश्वर बाल कृष्ण को गोद में लेकर गर्भगृह से बाहर आए और पालने में सुलाकर उन्हें झुलाने लगे। यह देख लोग श्रद्धा भाव से आह्लादित हो गए और जय श्रीकृष्ण का उच्चघोष करने लगे।

जन्माष्टमी का मुख्य अनुष्ठान मंदिर के गर्भगृह में रात 11=30 बजे से शुरू हुआ और मध्य रात्रि भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोपरांत मंगल गीत व प्रसाद वितरण के साथ संपन्न हुआ। इस अवसर पर मंदिर के प्रधान पुजारी योगी कमलनाथ, वाराणसी से आए महंत संतोष दास उर्फ सतुआ बाबा आदि मौजूद रहे।

## राधा-कृष्ण बने बच्चों को मिला मुख्यमंत्री का स्नेह व उपहार

श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महंत दिग्विजयनाथ स्मृति सभागार में भजन कीर्तन के मध्य श्रीकृष्ण रूप सज्जा प्रतियोगिता में राधा व कृष्ण बने बच्चों पर खूब स्नेह लुटाया। उनके साथ हंसी-ठिठोली भी की। उन्हें खिलौने व चाकलेट उपहार में दिए। इस दौरान कई मासूमों को गोद में लेकर वह काफी देर तक दुलारते रहे, प्यार लुटाते रहे। योगी का स्नेह पाकर बच्चों के चेहरे की खुशी देखने लायक थी।

## बच्चों के मुख से भजन सुन मोहित हुए योगी

बाल कृष्ण सज्जा प्रतियोगिता में शामिल कुछ बच्चे कृष्ण भजन याद करके आए थे। माहौल देख उन्होंने सुनाना शुरू कर दिया। बच्चों के मुख से भजन सुन मुख्यमंत्री मोहित हो उठे। अपलक उन्हें निहारते रहे और रह-रह कर पुचकारते रहे।

# निर्भीक पत्रकारिता के लिए सदैव याद किये जायेंगे रमेश शाही: राणाप्रताप सिंह




जन एक्सप्रेस। रूद्रपुर (देवरिया)

**✻ पत्रकार संगठन ने मनाई दिवंगत पत्रकार रमेश शाही की पुण्यतिथि**

क्षेत्रीय पत्रकार एसोसिएशन के पदाधिकारियों व सदस्यों ने दिवंगत पत्रकार स्व0 रमेश कुमार शाही उर्फ संजय शाही की 5वीं पुण्यतिथि ग्राम रामचक स्थित विद्यालय प्रत्युष विहार में मनाया । कार्यक्रम की अध्यक्षता क्षेत्रीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय संरक्षक व प्रत्युष विहार के प्रधानाचार्य राणाप्रताप सिंह ने किया। इस दौरान उपस्थित पत्रकारों, समाजसेवी व बुद्धिजीवियों ने उनकी प्रतिमा पर श्रद्धासुमन अर्पित कर दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। उपस्थित लोगों ने स्वर्गीय रमेश कुमार शाही को संघर्षशील, निर्भीक व जुझारु बताते हुए उनके व्यक्तित्व पर विस्तृत रुप से चर्चा किया। राणाप्रताप सिंह ने कहा कि स्व0 रमेश कुमार शाही कलम के सच्चे सिपाही थे । स्व0 शाही निर्भीक, निडर और सापेक्ष पत्रकारिता के लिए सदैव याद किये जायेंगे । क्षेत्रीय पत्रकार एशोसिएशन के तहसील अध्यक्ष रामप्रताप पाण्डेय, स्व0 शाही के बड़े सुपुत्र सूर्यांश शाही, संजय कुमार यादव, मोईन खान, आशुतोष शर्मा, रविकांत त्रिपाठी, अंकित कुमार पाण्डेय, सभासद प्रतिनिधि रामप्रवेश भारती, प्रतीक सिंह, रोहित सिंह, प्रिंस गुप्ता, राकेश गोंड़, परमेश्वर विश्वकर्मा, सज्जाद अली, सचिन सिंह, रामसहारे पाण्डेय, बृजेश दुबे, रवि कन्नौजिया आदि मौजूद थे।

# डोल जुलूस पर फेंका कचरा, 18 गांवों ने रोका, दो समुदाय आमने-सामने

जन एक्सप्रेस। कुशीनगर



मंगलवार को दिन के करीब 11 बजे से रामकोला थाना क्षेत्र के सोहरौना गांव से डोल जुलूस निकाला गया। काली मंदिर से जुलूस भ्रमण कर वापस गांव में लौट रहा था। तभी गांव के एक घर के समीप डीजे की गाड़ी फंस गई और इसी दौरान जुलूस पर किसी ने कचरा फेंक दिया। इसकी जानकारी होते ही जुलूस में साथ चल रहे लोग आक्रोशित हो उठे। जुलूस को रोक दिया गया।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मिश्रौली समेत 18 गांवों से मंगलवार को निकले डोल जुलूस पर सोहरौना में एक पक्ष की ओर से कचरा फेंक दिया गया। इससे मौके पर दो समुदाय आमने-सामने आ गए। सूचना पाकर मौके पर एडिशनल एसपी समेत कई थानों की पुलिस फोर्स पहुंच गई।

एहतियात के तौर पर गांव को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया। उधर, डोल जुलूस पर कचरा फेंके जाने की जानकारी के बाद 18 गांवों से निकले 35 से अधिक डोल जुलूस को रोक दिया गया। मामले की गंभीरता को देख पुलिस ने ग्राम प्रधान समेत चार लोगों को हिरासत में ले लिया है।

विज्ञापन

कई दौर की चली वार्ता बेनतीजा रही। एक पक्ष का कहना था कि जिस रास्ते पर डोल रखा गया है, उसी रास्ते से डोल जुलूस गुजरेगा। जबकि, दूसरे पक्ष से कुछ लोगों को नए रास्ते से जुलूस ले जाने पर आपत्ति थी।

मंगलवार को दिन के करीब 11 बजे से रामकोला थाना क्षेत्र के सोहरौना गांव से डोल जुलूस निकाला गया। काली मंदिर से जुलूस भ्रमण कर वापस गांव में लौट रहा था। तभी गांव के एक घर के समीप डीजे की गाड़ी फंस गई और इसी दौरान जुलूस पर किसी ने कचरा फेंक दिया।

# गोरखनाथ मंदिर की गोशाला में सीएम ने की गौ सेवा, बच्चों पर लुटाया प्यार

जन एक्सप्रेस। गोरखपुर

गोरखपुर आए मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाने के बाद मंगलवार सुबह मंदिर की गोशाला में गोसेवा की। उन्होंने गोशाला का भ्रमण कर गोवंश का हाल जाना और उन्हें खूब दुलारकर अपने हाथों से गुड़ और केला खिलाया।सोमवार देर रात तक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी अनुष्ठान में व्यस्त रहने के बावजूद मंगलवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में सीएम योगी की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका।सीएम योगी जब भी गोरखनाथ मंदिर में होते हैं तो गो सेवा उनकी दिनचर्या का अभिन्न हिस्सा रहती है। मंगलवार सुबह वह मंदिर परिसर का भ्रमण करते हुए मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया।





### सीएम के बुलावे पर दौड़े आते हैं गोवंश

गोशाला में सीएम योगी ने चारों तरफ भ्रमण करते हुए श्यामा, गौरी, गंगा, भोला आदि नामों से गोवंश को पुकारा। उनकी आवाज इन गोवंश के लिए जानी पहचानी है। प्यार भरी पुकार सुनते ही कई गोवंश दौड़ते-मचलते हुए उनके पास आ गए। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी के माथे पर हाथ फेरा, उन्हें खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ और केला खिलाया। मुख्यमंत्री ने गोशाला के कार्यकर्ताओं से सभी गोवंश के स्वास्थ्य व पोषण की जानकारी ली और देखभाल के लिए जरूरी निर्देश दिए।

## बच्चों पर खूब लुटाया प्यार, आशीर्वाद के साथ दी चॉकलेट

मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार सुबह मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान परिजनों के साथ आए बच्चों पर भी खूब प्यार लुटाया। मंदिर परिसर में भ्रमण के दौरान ही मुख्यमंत्री की नजर परिजनों के साथ आए बच्चों पर पड़ी तो उन्होंने सबको अपने पास बुला लिया । सीएम ने सभी बच्चों से उनका नाम पूछा, कहां से आए हैं और किस क्लास में पढ़ते हैं, इसकी जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने बच्चों से बेहद आत्मीय तरीके से संवाद करने के साथ उनसे हंसी ठिठोली भी की। सबके माथे पर हाथ फेरकर प्यार-दुलार और आशीर्वाद दिया कि खूब मन लगाकर पढ़ो और खूब आगे बढ़ो। विदा करते वक्त हमेशा की तरह उन्होंने बच्चों को चॉकलेट गिफ्ट किया।

# गोरखपुर जिले में मनरेगा योजना में धांधली चरम पर

**✻ ब्रम्हपुर ब्लॉक में अपलोड हुई फर्जी तस्वीरें, डीसी मनरेगा ने दिए जांच के आदेश**

जन एक्सप्रेस। चौरीचौरा







गोरखपुर जिले के ब्रम्हपुर ब्लॉक के ग्राम सभा जंगल रसूलपुर नंबर एक में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) के तहत हुए कार्यों में बड़े पैमाने पर धांधली का मामला सामने आया है। 27 अगस्त को मनरेगा पोर्टल पर एक तस्वीर अपलोड की गई, जिसमें गोपाल पाल के खेत से रामलीला मैदान तक मिट्टी कार्य कराने का दावा किया गया। इस कार्य के लिए 35 मजदूरों की हाजिरी चार मस्टररोल के माध्यम से दर्ज की गई।

बोले ग्रामीण वर्षों से नहीं हुआ कार्य

स्थानीय लोगों के अनुसार, इस मार्ग पर कई महीनों से कोई कार्य नहीं हुआ है। मार्ग का पूरा क्षेत्रफल अभी भी घास और झाड़-झंखाड़ से भरा हुआ है। ग्रामीणों का कहना है कि इस रोड पर मिट्टी का काम वर्षों पहले किया गया था और तब से अब तक कोई नया कार्य नहीं हुआ है।

जांच कराकर की जाएगी दोषियों पर सख्त कार्रवाई - डीसी मनरेगा

इस संदर्भ में डीसी मनरेगा, सौरभ श्रीवास्तव ने कहा, ÷मनरेगा में किसी भी प्रकार की धांधली को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले की गहन जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।÷

सरकार की मंशा पर प्रश्नचिन्ह लगाने में जुटे जिम्मेदार

मनरेगा योजना में हो रही लूट खसोट एक बार फिर इस तथ्य को उजागर करती है कि जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के कारण मनरेगा जैसी जनकल्याणकारी योजना का दुरुपयोग हो रहा है, जिससे गरीब मजदूरों का हक मारा जा रहा है। अधिकारियों की निष्क्रियता और लापरवाही से ऐसी धांधलियों को बढ़ावा मिल रहा है, जो सरकार की मंशा और योजनाओं पर प्रश्नचिह्न लगाती है।

# फरेंदा के प्रेम पोखरा पर धूमधाम से मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव, मेले में सुरक्षा व्यवस्था रही चाक चौबंद

जन एक्सप्रेस। आनन्दनगर महराजगंज



देशभर में श्री कृष्ण जन्मोत्सव बड़े ही धूम-धाम से मनाया गया, वहीं सुरक्षा के दृष्टिगत पुलिस सख्त रहीं। जिसमें व्रती महिलाओं एवं श्रद्धालुओं ने व्रत रहकर पूजा -पाठ विधि विधान से किया। 26/27 अगस्त को यह दिन खास रहा है, भगवान श्रीकृष्ण के जन्मदिवस पर फरेंदा में स्थित (प्रेम पोखरा/राधा -कृष्ण मंदिर) पर हर साल की भांति इस वर्ष भी जन्मोउत्सव आंधी रात को व्यापक स्तर पर मनाया गया।इस प्रेम पोखरा पर श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर दों दिन तक मेला लगता है।मेले में बच्चे, महिलाएं और नवजवान सभी लोग पहुंचकर दिन से रात्रि तक लुत्त उठाते रहे । मेले में भीड़ उमड़ने से श्रद्धालुओं की भीड़ काफी बढ़ गई थी। श्रद्धालुओं के असुविधा को देखते हुए फरेंदा पुलिस क्षेत्राधिकारी अनिरुद्ध कुमार के कुशल नेतृत्व में कड़ी निगरानी के साथ कस्बे में जगह -जगह बैरिकेडिंग कर दों पहिया वाहन और पैदल चलने वाले लोगों को सुगमतापूर्वक आवागमन कराया गया। श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर प्रशासन के साथ नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि राजेश जायसवाल ने पूरी व्यवस्थाओं के साथ जायजा लेते रहें। उनके निर्देश पर नगर पंचायत के कर्मचारियों ने व्यवस्थाओं को लेकर पूरी मुस्तैदी से दिखें।प्रेम पोखरा मंदिर का सजावट व्यापक स्तर किया था और भगवान श्री कृष्ण जन्मोत्सव पर प्रसाद वितरण किया गया। श्रद्धालुओं के सुविधाओं को लेकर नगर पंचायत आनन्दनगर कार्यालय द्वारा अनुमोदित पत्र पर फरेंदा स्टार हॉस्पिटल द्वारा कैंप लगाकर श्रद्धालुओं की देखभाल की गई। वहीं पूर्व विधायक शिवेंद्र सिंह चौधरी के कार्यकर्ताओं द्वारा पानी का स्टाल लगाकर श्रद्धालुओं को निःशुल्क सेवा प्रदान की गई।इस संबंध में फरेंदा कोतवाल अभिषेक सिंह ने बताया कि मेले में भीड़ को देखते हुए सुरक्षा के दृष्टिगत सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं,सौ पुलिसकर्मी व डेढ़ सौ पीएससी फोर्स एवं फायर ब्रिगेड टीम मौजूद रहीं।

**भाजपा भलुअनी मंडल की सदस्यता अभियान कार्यशाला हुई सम्पन्न**

# प्रदेश में सर्वाधिक सदस्यता का रिकॉर्ड भलुअनी मंडल के नाम होगा: विधायक

जन एक्सप्रेस। देवरिया

भारतीय जनता पार्टी के सदस्यता अभियान के तहत संगठन के शीर्ष नेतृत्व के निर्देशानुसार देश के सभी संगठन मंडलों में बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की कार्यशाला आयोजित की जा रही है। इसी क्रम में जनपद के भलुअनी संगठन मंडल की कार्यशाला विकास खण्ड सभागार भलुअनी में आयोजित की गई। कार्यशाला के मुख्य वक्ता बरहज विधानसभा क्षेत्र के कर्मयोगी विधायक दीपक मिश्र शाका, विशिष्ट वक्ता संगठन के जिला उपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा रहे।

कार्यशाला का शुभारंभ डाक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया।

। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि समाज के विभिन्न वर्गों, जातियों और समुदायों को भाजपा से जोड़ने के लिए पार्टी पदाधिकारियों, मोर्चा एवं प्रकोष्ठों को समूह विशेष संपर्क अभियान करना है। पार्टी को पुनः दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी बनाने के लिए कार्यकर्ता कमर कस लें। विधायक श्री मिश्र ने कहा कि बरहज विधानसभा क्षेत्र के भाजपा का प्रत्येक विधायक की हैसियत जनता के बीच कार्य करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विधायक नहीं एक मित्र, और पार्टी की दृष्टि कार्यकर्ता बन कर कार्य करता हूं और मुझे अपने सभी बूथ अध्यक्ष मित्रों और शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी,व प्रमुख के पार्टी के प्रति समर्पण भाव से विस्वास जताता हूं कि जिले ही नहीं उत्तर प्रदेश में सार्वाधिक सदस्य बनाने का रिकॉर्ड भाजपा के भलुअनी मंडल नाम होगा। विधायक ने कार्यकर्ताओं का आवाह्न करते हुए कहा कि आप सभी को जब जहां आवश्यकता महसूस हो बुलाएं हम आपके साथ खड़े हैं।

विधायक दीपक मिश्र शाका ने सदस्यता अभियान के बिंदुओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी का शुरू हो रहा सदस्यता अभियान दो चरणों में संपन्न होगा। साधारण सदस्यता अभियान 1 सितंबर से 25 सितंबर तक प्रथम चरण एवं 1 अक्टूबर से 15 अक्टूबर तक दूसरा चरण चलाया जाएगा। सक्रिय सदस्यता की घोषणा 1 अक्टूबर एवं अभियान 16 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाया जाएगा। भाजपा की सदस्यता डिजिटल माध्यम से एवं ऑफलाइन माध्यम से प्रदेश नेतृत्व द्वारा तय प्रारूप को भरकर भी सदस्य बना जा सकता है।



### अभियान में प्रत्येक रविवार को मनाया जाएगा अटल सदस्यता महापर्व

जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा ने सदस्यता को अटल अभियान बताते हुए कहा कि पार्टी का साधारण सदस्य बनने के लिए 18 वर्ष से अधिक आयु का कोई भी व्यक्ति जो भारतीय नागरिक हो जो भाजपा के दो संकल्प, तीन मूल दर्शन और चार निष्ठाओं को स्वीकार करता हो वह भाजपा की सदस्यता ग्रहण कर सकता है।सदस्यता ऑनलाइन होगी जहां कनेक्टिविटी समस्या है वहां पर पेपर फॉर्म भरा जा सकता है। सक्रिय सदस्यता लेने के लिए पार्टी में कम से कम 3 वर्ष सदस्य रहे हों केंद्र, प्रदेश, जिला, मंडल पर पार्टी के कार्यक्रमों में सहभागिता की हो। सक्रिय सदस्य बनने के लिए एक विधानसभा से 100 प्राथमिक सदस्य बनाना अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि एक बूथ पर कम से कम 200 सदस्य बनाना आवश्यक है। जिला उपाध्यक्ष ने बताया कि सांसद को बीस हजार एवं विधायक को दस हजार प्राथमिक सदस्य बनाने हैं। 8800 002024 पर मिस काल्स देकर भाजपा का सदस्य बना जा सकता है। उन्होंने कहा कि 11 सितंबर से 17 सितंबर तक सभी कार्यकर्ता बूथ स्तरीय संपर्क करेंगे। परिवार के सदस्यों को मिस्ड काल्स द्वारा सदस्य बनना है और लिंक से फार्म भरवाना है। सदस्यता अभियान के दौरान प्रत्येक सप्ताह में रविवार को अटल सदस्यता पर्व के रूप में मनाना है। सदस्यता पर्व के दिन सांसद, विधायक, पार्टी के कार्यकर्ताओं को अपने आसपास के लोगों को सदस्य बनाना है। इसी वर्ष अटल बिहारी वाजपेई का सौवां जन्मदिन वर्ष भी है। सदस्यों के घरों की दीवारों पर सदस्यता पर स्टीकर लगाना है। 29 सितंबर एवं 27 अक्टूबर को मन की बात को सदस्यता पर्व के साथ जोड़कर के सदस्य बनना है। कार्यशाला का संचालन मंडल अध्यक्ष प्रणव दुबे ने किया। कार्यशाला में मुख्य रूप से पूर्व दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री नीरज शाही, ब्लॉक प्रमुख भलुअनी छट्टू यादव, ब्लॉक प्रमुख देवरिया सदर पवन कुमार जायसवाल पिंटू, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा, महिला मोर्चा नेत्री मंजू मिश्रा , शशिप्रभा ,पूर्व मंडल अध्यक्ष गण, सभी मोर्चो , प्रकोष्ठ के मंडल अध्यक्ष, शक्ति केंद्र संयोजक, प्रभारी प्रवासीगण व बूथ अध्यक्ष गण उपस्थित रहे।

# गन्ने के खेत में मिला युवक का शव

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**



जनपद के सम्मन पुर थाना क्षेत्र में युवक का शव गन्ने के खेत में मिला। प्रकरण थाना क्षेत्र के सीहमऊ मोलनापुर गांव का है। सोमवार को सुबह गांव के पास गन्ने के खेत में युवक का शव मिलने की सूचना पर आसपास के गांवों में जंगल में आग की तरह फैली।सूचना पर अपर पुलिस अधीक्षक विशाल पांडे व सीओ सिटी देवेंद्र कुमार मौर्य के नेतृत्व में डॉग स्क्वायड के साथ पहुंची पुलिस टीम ने शव को कब्जे में लेकर साक्ष्य संकलन करते हुए पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

सम्मनपुर थाना क्षेत्र के सीहमऊ मोलनापुर गांव में सोमवार की सुबह गांव की एक महिला शौच के लिए बाहर गई थी। वहां गन्ने के खेत में युवक का अर्धनग्न शव पड़ा देखा। गन्ने के खेत में अज्ञात युवक का नीला शर्ट और काला लोअर में अर्धनग्न अवस्था में शव मिलने की खबर से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते मौके पर भारी भीड़ जमा हो गई। थोड़ी देर में सूचना पर सम्मनपुर थाने पहुंचे जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के कंजा इस्माइलपुर गांव निवासी बाबूराम चौहान ने शव की पहचान अपने 25 वर्षीय पुत्र संदीप चौहान के रूप में की। पिता बाबूराम चौहान ने पुलिस को बताया कि उनका पुत्र दिल्ली में रहकर एक निजी कंपनी में नौकरी करता था।।

रविवार को छुट्टी पर वह घर आया था।। शाम को वह किसी कार्य बस घर से निकला था । देर रात तक युवक घर वापस नहीं आया तब हम लोगों ने अनहोनी की आशंका में खोजबीन शुरू की। लेकिन उसका कहीं कोई पता नहीं चल सका। युवक की हत्या किसने की और क्यों की युवक यहां कैसे पहुंचा यह रहस्य बना हुआ है। सूचना पर पुलिस टीम के साथ पहुंची डॉग स्क्वायड टीम ने पूरे गन्ने के खेत की जांच पड़ताल की। फॉरेंसिक व एसओजी टीम ने ड्रोन कैमरे से पूरे गांव में पड़ताल की। व साक्ष्य संकलित किया। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार सिंह ने बताया कि पिता बाबूराम चौहान की तहरीर पर अज्ञात के विरुद्ध हत्या का मुकदमा दर्ज कर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। हत्याकांड के खुलासे के लिए पुलिस टीमें लगी है। संदिग्धों से पूछताछ की जा रही है।

### विशाल कुमार पांडे अपर पुलिस अधीक्षक ने बताया कि

गन्ने के खेत में युवक के शव मिलने की सूचना पर मौके पर पहुंच कर जांच पड़ताल की गई। शव के सिर में चोट के निशान मिले हैं। मौके की परिस्थितियां देखकर लगता है कि प्रेम प्रसंग या अन्य किसी विवाद में युवक की हत्या की गई है। पुलिस की तीन टीमें हत्याकांड के खुलासे के लिए लगाई गई है।

## गन्ने के खेत में मिले युवक के शव का हुआ खुलासा दो प्रेमिकाओं ने मिलकर किया था हत्या

**जन एक्सप्रेस | अम्बेडकर नगर**

जनपद के थाना सम्मनपुर पर सोमवार को सुबह सूचना प्राप्त हुई की थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सीहमऊ मोलनापुर में गन्ने के खेत में अर्धनग्न अवस्था में एक लगभग 27 वर्षीय अज्ञात पुरुष का शव प्राप्त हुआ है। प्राप्त सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुये शव के शिनाख्त करने का प्रयास किया गया तो मृतक की पहचान संदीप चौहान पुत्र बाबूराम निवासी ग्राम कन्जा इस्माइलपुर थाना जलालपुर के रूप में हुई। प्रकरण में अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी विशाल पाण्डेय द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर घटना के सफल अनावरण हेतु थाना स्थानीय पर पुलिस टीम गठित कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये थे।

जिसके क्रम में स्थानीय पुलिस द्वारा



मृतक के परिजनों की तहरीर के आधार पर हत्या का मुकदमा अज्ञात में पंजीकृत किया गया। पुलिस द्वारा मृतक के परिजनों से पूछताछ की गई तो ज्ञात हुआ कि मृतक का भतीजा विशाल जिसने मृतक संदीप चौहान उपरोक्त के कहने पर मृतक को शाम को अपने घर से थाना सम्मनपुर क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम सीहमऊ मोलनापुर के पास छोड़कर आया था उसके बाद उसका मृतक से सम्पर्क नही हुआ मृतक के भतीजा विशाल द्वारा अपने परिजनों को यह भी बताया गया कि मृतक का सीहमऊ मोलनापुर की लड़की सुमन उर्फ गुड़िया पुत्री स्व0 सम्भूनाथ व उसके पड़ोस की रंगीता पत्नी संतप्रसाद के साथ प्रेम प्रसंग चल रहा था।

गठित पुलिस टीम, सर्विलांस टीम, स्वाट टीम द्वारा तकनीकी सहायता व अन्य प्राप्त साक्ष्यों के आधार सुमन उर्फ गुड़िया उपरोक्त को पुलिस हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसके द्वारा पुलिस पूछताछ में बताया गया कि उसके पड़ोस की रंगीता पत्नी संत प्रसाद दोनों का मृतक संदीप चौहान के साथ पूर्व में प्रेम प्रसंग था। जिसको लेकर मृतक उक्त दोनों महिलाओं को प्रताड़ित व समाज में बदनाम करने की धमकी देता था। रविवार को मृतक द्वारा उक्त दोनों महिलाओं को फोन कर धमकी देते हुए मिलने के लिये गन्ने के खेत में बुलाया गया दोनों महिलाएँ मृतक द्वारा बताये गये स्थान (गन्ने के खेत) पर गयी जहाँ उक्त महिलाओं द्वारा मौका पाकर मृतक संदीप चौहान के सर पर साथ ले गयी चाईनीज लोहे की टार्च से वार किया गया।

## फास्ट फॉरवर्ड

### अलीगढ़ के खैर में सीएम योगी 28 अगस्त को, रहेंगे 165 मिनट, ये है पूरा कार्यक्रम

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** सीएम योगी के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार वह 11:55 बजे खैर के सोमना रोड स्थित गुरूकुल पब्लिक स्कूल पहुंचेंगे। वह 02:40 बजे ग्राम उदयगढ़ी स्थित हैलीपैड से राजकीय हैलीकॉप्टर द्वारा आगरा के लिए प्रस्थान करेंगे। यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ 28 अगस्त को अलीगढ़ के खैर में आ रहे हैं। वह रोजगार मेला और टैबलेट वितरण कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। साथ ही वह जनसभा को भी संबोधित करेंगे। सीएम योगी के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार वह 11:55 बजे खैर के सोमना रोड स्थित गुरूकुल पब्लिक स्कूल पहुंचेंगे। सीएम योगी दोपहर 12 से 1 बजे तक रोजगार मेले का शुभारम्भ, टैबलेट वितरण एवं जनसभा को सम्बोधित करेंगे। वह 1 बजे से 1:30 बजे तक जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक लेंगे। उसके बाद 01:30 बजे से 2 बजे तक अधिकारियों के साथ बैठक करेंगे। बैठकों के बाद 02:40 बजे ग्राम उदयगढ़ी स्थित हैलीपैड से राजकीय हैलीकॉप्टर द्वारा आगरा के लिए प्रस्थान करेंगे।

### ग्रामीण क्षेत्रों में रोडवेज बसों की कमी, यात्री परेशान

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** सर्वाधिक आय वाले मार्गों में शामिल अलीगढ़ से गभाना वाया चंडौस-पिसावा मार्ग पर अलीगढ़ एवं बुद्ध विहार डिपो की पहले दस बसें संचालित होती थीं, अब सिर्फ तीन बसें ही चल रही हैं। इनका भी आने-जाने का समय निर्धारित नहीं है। अलीगढ़ के ग्रामीण क्षेत्र कस्बा चंडौस, पिसावा, अकराबाद, विजयगढ़, बरौली आदि क्षेत्रों में रोडवेज बसों की कमी के चलते यात्री परेशान हैं। इसके चलते उन्हें बिना परमिट के चलने वाले डग्गामार वाहनों में जोखिम भरा सफर तय करना पड़ रहा है। अलीगढ़ जिले के सर्वाधिक आय वाले मार्गों में शामिल अलीगढ़ से गभाना वाया चंडौस-पिसावा मार्ग पर अलीगढ़ एवं बुद्ध विहार डिपो की पहले दस बसें संचालित होती थीं, अब सिर्फ तीन बसें ही चल रही हैं। इनका भी आने-जाने का समय निर्धारित नहीं है। मजबूरी में यात्रियों को इस मार्ग पर चलने वाले डग्गामार वाहनों में यात्रा करनी पड़ रही है। वाहन चालक मनमाना किराया वसूलते हैं। चंडौस के व्यापारी नेता कृष्ण कुमार शर्मा, मनोज शर्मा और गभाना के प्रवेंद्र पाल सिंह का कहना है कि कई बार विभागीय अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से शिकायत कर चुके हैं, इसके बाद भी समस्या का निराकरण नहीं हुआ। यही स्थिति अलीगढ़-विजयगढ़, अकराबाद, इगलास, खैर, बरौली, छर्रा, गंगीरी आदि मार्गों पर है। इन मार्गों पर भी रोडवेज की बसें कम संख्या में चल रही हैं। रोडवेज के क्षेत्रीय प्रबंधक सत्येंद्र वर्मा ने बताया कि चालक-परिचालकों की कमी के चलते बसों का संचालन नहीं हो रहा है। स्टाफ की भर्ती चल रही है। प्राथमिकता के आधार पर संबंधित ग्रामीण क्षेत्रों में बसों को संचालित कराया जाएगा।

### होटल में ले जाकर दुष्कर्म करने का आरोपी दबोचा, न्यायालय के आदेश पर भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस/अलीगढ़।** होटल में किशोरी से दुष्कर्म मामले में तीसरे आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया। कोर्ट के आदेश पर आरोपी को जेल भेज दिया। गभाना टोल प्लॉजा के पास एक होटल में किशोरी से दुष्कर्म की घटना के आरोपी को पुलिस ने दबोच लिया। न्यायालय के आदेश पर उसे जेल भेज दिया गया। प्रभारी निरीक्षक गजेंद्र सिंह ने बताया कि घटना में शामिल तीसरे आरोपी मढ़ौला निवासी भूपेंद्र कुमार को मंगलवार को टमकौली मोड़ से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

### गौरापाड़ा में गिरी मकान की छत, हादसा टला

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** कस्बा के मोहल्ला गौरापाड़ा में बीती रात आकाशीय बिजली गड़गड़ाहट के दौरान एक मकान की छत भरभरा कर गिर गई। गनीमत रही हादसे के समय छत के नीचे कोई भी परिजन मौजूद नहीं था। बता दें प्रातः 4:00 बजे आसमान में आकाशी बिजली की जोरदार गड़गड़ाहट हुई ,जिससे लोग भयभीत हो गए इसी दरमियान कस्बा के गौरापाड़ा में अंसार के घर की छत भर भरा कर गिर गई जिसे अफरा तकरी मच गई ,इस दौरान उक्त स्थान पर कोई भी परिजन मौजूद नहीं था, अन्यथा जनहानि से इनकार नहीं किया जा सकता था । छत गिरने से कमरे में रखा तमाम घरेलू सामान व फर्नीचर क्षतिग्रस्त हो गया।

### अंतरिक्ष विज्ञान क्राफ्ट एक्टिविटी का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** रासा इंटरनेशनल स्कूल में सी बी एस ई द्वारा आयोजित अंतरिक्ष विज्ञान क्राफ्ट एक्टिविटी का आयोजन किया गया । जिसमें कक्षा 6 से 12वीं तक के छात्र छात्राओं ने भाग लिया , जिसमें बच्चों ने तरह - तरह के विज्ञान से संबंधित उपकरण बनाए व उनसे होने वाले फायदे के विषय में भी समझाया , बच्चों ने रैन वाटर हार्वेस्टिंग,पवन चक्की,सोलर एनर्जी,गार्बेज डिसकंपोजिंग,सोलर सिस्टम आदि रोचक विषयों से संबंधित अच्छे प्रोजेक्ट बनाएं,। इस अवसर पर प्रबंधक रिशु अग्रवाल, प्रधानाचार्य रूपेश श्रीवास्तव, समन्वयक नवीन कुमार वर्मा,विज्ञान के अध्यापक गुलशन कुमार,कफील अहमद,शिवम मुद्गल, कवलजीत सिंह उपस्थित रहे।

### भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर हुई बैठक

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** भाजपा सदस्यता अभियान को लेकर जगनेर भाजपा मण्डल अध्यक्ष डा .लवलेश कुमार के नेतृत्व में मण्डल कार्यसमिति की बैठक हुई। मुख्य अतिथि जिला उपाध्यक्ष दिनेश गोयल ने बताया कि 4 सितंबर से देश भर में सदस्यता अभियान चलाया जायेगा। मण्डल अध्यक्ष डा.लवलेश कुमार ने सभी को भाजपा की नीतियां बताते हुए ज्यादा से ज्यादा संख्या मिस्ड कॉल करके सदस्य बनाने है। इस मौके पर चेयर मेन कुलदीप गर्ग,वरिष्ठ नेता हरविलास अग्रवाल,पंकज शर्मा,प्रदीप गोयल,मितेश अग्रवाल, डा.प्रदीप परमार,देवीसिंह परमार,अविनाश परमार,रामनिवास शर्मा,विनोद परमार,बनवारी सिंह,योगेश प्रजापति,कृष्ण कुमार माहौर, ब्रजकिशोर मित्तल, मनोज अग्रवाल, युवराज परमार, शिवदत्त परमार आदि मौजूद रहे।

### श्रीमद भागवत में हुई गोवर्धन लीला

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** कस्बा के संतोष नगर में हनुमान जी बड़ी बगीची में श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन मंगलवार को गोवर्धन पर्वत की उठाने की लीला का वर्णन किया गया। व्यास पीठ से कथावाचक राजकुमार शास्त्री ने बताया राजा इंद्र को अपने बाहुबल पर हुए घमंड को चकनाचूर करने के लिए कृष्ण कन्हैया ने अपने तर्जनी उंगली पर गोवर्धन पर्वत उठाने की लीला की है। सभी बृजवासियों के साथ में कृष्ण कन्हैया गोवर्धन की पूजा अर्चना करते हैं। 56 प्रकार के भोग लगाकर इंद्रदेव को ब्रजमंडल से दूध दही देने से रोक देते हैं। देवता में वज्रधारी इंद्रदेव कुपित होकर सा दिन तक अनवरत घनघोर वर्षा कर ब्रजमंडल को छिन्न भिन्न करने को आतुर है। नंद बाबा समेत समस्त बृजवासी इंद्र के कोप से भयभीत होने लगते हैं। इस कलयुग में गोवर्धन महाराज साक्षात भगवान श्री कृष्ण के रूप में है। क्योंकि द्वापर युग में गोवर्धन महाराज की पूजा करते समय एक रूप से पूजै, एक ते पूजा करवामै। गोवर्धन महाराज की झांकी श्री कृष्ण की झांकी का पूजन अर्चन कर बंदन किया गया।

## कागजों पर पूरा बना अमृत सरोवर, हकीकत में अधूरा

**जन एक्सप्रेस | आगरा**



अमृत सरोवर योजना मोदी सरकार की विशेष अभिरूचि वाला अभियान है। इसके पीछे मकसद वर्षा-जल को यहां-वहां बह कर बर्बाद होने से बचाना और उसे ग्रीष्मकाल के लिए संरक्षित करना है। इस योजना में तहसील एत्मादपुर के गांव संवाई में बने अमृत सरोवर का काम आंखों में धूल झोंकने जैसे साबित हो रहा है। एत्मादपुर के गांव संवाई के भवाइन रोड स्थित सिद्ध कुंड बाबा की पोखर का सौन्दर्यीकरण और जलशयों का कार्य पांचवें वित्त के तहत शुरू हुआ। इसके तहत पोखर को चारों तरफ घाट बनाए जाने थे। इसके लिए 29 जुलाई 2023 को साढ़े आठ लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया गया, लेकिन तालाब का न तो सौंदर्यीकरण हुआ और न ही जलशोधन कोई इंतजाम। घाट के नाम पर महज कुछ फुट की सीढ़ी बना दी गई। तालाब के पानी में काई के साथ दुर्गन्ध फैली हुई है। सरोबर के चहुओर खड़ी कटीली झाड़ियां भ्रष्टाचार की ओर मुंह मोड़ रही हैं। जबकि अमृत सरोवर का मकसद गांव में स्वच्छ पानी मुहैया कराने के लिए पक्के तालाबों का निर्माण करना था। तालाब की देखभाल करने वाले बाबा नरेंद्र गिरि ने बताया कि इस तालाब की चारों तरफ बाउंड्रीवाल होनी थी, लेकिन ठेकेदार ने साढ़े आठ लाख में महज कुछ फीट की सीढी बनाकर कागजों में काम पूरे दिखा दिया। गांव सवाई निवासी ग्रामीण चरन सिंह ने बताया कि गांव में तालाब की जरूरत है। इस पोखर के तालाब बनने से आस-पास के किसानों को सिंचाई में मदद मिल जाती, लेकिन अमृत सरोवर के नाम पर ग्रामीणों से धोखा किया गया है। जगदीश संवाई ने बताया कि अमृत सरोवर का काम एक धेले भर का नहीं हुआ। पंचायत द्वारा काम कराया जाना था। काम हुआ नहीं और भुगतान कर दिया गया। इसमें बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है।गांव भवाइन निवासी ज्वाला प्रसाद ने बताया कि तालाब निर्माण के लिए जितनी राशि जारी हुई, उस राशि का पूरा उपयोग होना चाहिए। अगर ऐसा हो गया होता तो सरोवर गांव के लिए अमृत साबित होता।

क्षेत्र पंचायत द्वारा बनाए गए तलाब का काम कागजों में भले ही पूरा हो गया हो, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। गांव वाले भी कहते हैं कि संबंधित अमृत सरोवर का काम पूरा हुआ ही नहीं। सरोवर कोई चारों ओर कटीली झाड़ियां खड़ी हुई है। सरोवर के निर्माण पर आई लागत की इबारत लिखा पत्थर भी नहीं लगाया गया है। इससे साफ झलकता है कि अमृत सरोवर के नाम पर बड़ा भ्रष्टाचार हुआ है।

### घर-आंगन से लेकर गली चौ-बारों तक श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की धूम

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर फतेहाबाद रोड स्थित गणेश वर्ल्ड सोसाइटी में भव्य झांकियों का प्रदर्शन देखने को मिला। सोसाइटी में रह रहे गणेश परिवार के सदस्यों ने यह पर्व धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ मनाया। क्या महिलाएं क्या बच्चे और क्या पुरुष? सभी प्रफुल्लित नजर आए। नृत्य कलाकारों ने राधा-कृष्ण की निकाली गई झांकी में मनमोहक दृश्य देखने को मिले। गणेश परिवार समिति ने पुष्पवर्षा कर उनके अभूतपूर्व स्वागत किया। गणेश वर्ल्ड सोसाइटी परिवार परिवार की जागरूक और समाजसेवी रश्मि जैन, अनीता चड्ढा, शालू शर्मा, वंदना, पूनम, स्नैपी और ओजिता आदि महिलाओं ने आयोजन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। उन्होंने आयोजन स्थल पर महिलाओं के बैठने के लिए उचित प्रबंध किया। नन्हे मुन्ने बच्चों ने श्रीकृष्ण के जन्म उत्सव पर विभिन्न रंगारंग कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां दीं, जिससे पूरी सोसाइटी बच्चों के मनमोहक दृश्य से अचंभित रह गई। सभी ओर से राधा कृष्ण और बांके बिहारी लाल की जय के उद्घोष गूंजने लगे। तालिया से समूचा मंच सराबोर हो गया।

## सांपों पर हुई प्रजेंटेशन, अधिकारियों को बताए वन्यजीव के नियम

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

वन्यजीव संरक्षण प्रयासों को बढ़ावा देने की दिशा में वाइल्डलाइफ एसओएस ने, सामाजिक वानिकी प्रभाग आगरा के सहयोग से ताजमहल पूर्वी गेट के पास सामाजिक वानिकी प्रभागीय कार्यालय में एक वन्यजीव अपराध रोकथाम वर्कशॉप का आयोजन किया। वर्कशॉप में 50 से अधिक वन विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया। वर्कशॉप में जिसमें वन रक्षक, डिप्टी रेंजर, रेंज वन अधिकारी और उप-प्रभागीय अधिकारीयों ने भाग लिया। इसका मुख्य उद्देश्य वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 में नवीनतम संशोधनों को बताते हुए वन्यजीव अपराधों को रोकने और दंडित करने के लिए बनाए गए महत्वपूर्ण कानूनों के बारे में समझाना था। कार्यशाला की शुरूआत सुप्रीम कोर्ट और दिल्ली हाईकोर्ट के वकील सत्यनारायण वशिष्ठ और वन संरक्षक, आईएफएस डॉ. अनिल कुमार पटेल के स्वागत के साथ हुई। उद्घाटन के बाद वन्यजीव संरक्षण अधिनियम में हाल के संशोधनों पर चर्चा हुई। वाइल्डलाइफ एसओएस के डायरेक्टर कंजरवेशन प्रोजेक्ट्स बैजूराज एम.वी. ने उपस्थित लोगों के बीच सांपों के बचाव और आगरा में पाए जाने वाले सांपों की प्रजातियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से प्रजेंटेशन दिया।

आगरा सर्कल के वन संरक्षक डॉ. अनिल कुमार पटेल ने कहा कि वन्यजीव संरक्षण कानूनों और अधिकारों में नवीनतम विकास के बारे में जानकारी रखना जमीनी स्तर पर संरक्षण प्रयासों के सफल कार्यनीति का अभिन्न अंग है। बैजूराज एम.वी डायरेक्टर कंजरवेशन प्रोजेक्ट्स, वाइल्डलाइफ एसओएस ने कहा कि शहरी वातावरण में सरीसृप प्रजातियों को अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सरीसृपों के खिलाफ अपराधों का बढ़ना और इनकी रोकथाम के लिए इन जटिलताओं को समझना महत्वपूर्ण है।

## नाबालिग किशोरी को भगाकर ले जाने के आरोपी को भेजा जेल

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

थाना पिढ़ौरा पुलिस ने दो सप्ताह पूर्व थाना पिढ़ौरा क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव से नाबालिग को भगाकर ले जाने वाले आरोपी को नाबालिग सहित राजस्थान में दबोच लिया। दबोच कर थाने ले आए। वहीं आरोपी युवक को कार्रवाई कर जेल भेज दिया है। नाबालिक को परिजनों के सुपुर्द कर दिया है। जानकारी के अनुसार थाना पिढ़ोरा क्षेत्र के अंतर्गत एक गांव निवासी 17 वर्षीय काल्पनिक नाम प्रिया को गांव का ही रामलाल उर्फ छोटू पुत्र तुलाराम उम्र करीब 22 वर्ष 4 अगस्त को घर से बहला फुसलाकर अपने साथ भाग ले गया था। इसके संबंध में पिता ने थाना पिढ़ोरा में आरोपी युवक छोटू उर्फ रामलाल पुत्र तुलाराम के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 21/24 धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

वहीं पुलिस मुकदमा दर्ज करने के बाद दोनों की तलाश में जुटी हुई थी।मंगलवार को थाना प्रभारी पिढ़ौरा हरीश कशर्मा ने पुलिस बल के साथ युवक को राजस्थान के जिला पाली से बरामद कर नाबालिक किशोरी वह भाग कर ले जाने वाले युवक छोटू को पड़कर थाने ले आए जहां से बयान के आधार पर धारा 180 बंस के अवलोकन के आधार पर अभियुक्त छोटू और रामलाल को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया जहां से उसे जेल भेज दिया गया है वही अपहरण की गई ज्योति को काउंसलिंग के बाद परिजनों के सपोर्ट कर दिया है।

## पुलिस ने महिलाओं को किया जागरूक

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

लगातार हो रहे अपराध को लेकर पुलिस महिलाओं को जागरूक करने में लगी हुई है। इसको लेकर पुलिस ने एक गोष्ठी का आयोजन किया। पुलिस ने महिलाओं को जागरूक करते हुए बताया कि अगर आपके साथ कोई मनचला छेड़छाड़ करता है, तो डरे नहीं। पुलिस को जानकारी दें। मालपुरा थाना पुलिस के द्वारा एसीपी सैया के नेतृत्व में महिलाओं को जागरूक करने के लिए महिला सशक्तिकरण अभियान के तहत एक गोष्ठी का आयोजन किया। जिसमें महिलाओं को बताया गया कि आप किसी प्रकार से डरे नहीं। अगर कोई भी मनचला आपके साथ छेड़छाड़ करता है या बदतमीजी करता है तो आप अपने क्षेत्र की पुलिस और हेल्पलाइन नंबरों पर जानकारी दें। पुलिस आपके हर दम साथ है।

## ताज पर जलाभिषेक मामले में हुई सुनवाई

### प्रतिवादी पक्ष ने नकल न देने पर जताई आपत्ति, अब 13 को कोर्ट में पेश होंगी किताबें

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

ताजमहल को तेजोमहालय मान जलाभिषेक करने की याचिका पर मंगलवार को सुनवाई हुई। इसमें प्रतिवादी पक्ष ने नकल न देने पर आपत्ति जताई। वादी पक्ष का कहना है कि वो जरूरत पड़ने पर किताबों का भी कोर्ट में प्रस्तुत करेंगे, जिसमें पूरा इतिहास दर्ज है। कोर्ट ने सुनवाई के लिए अगली तारीख 13 सितंबर दी है। योगी यूथ ब्रिगेड के प्रदेश अध्यक्ष अजय तोमर ने कोर्ट में 23 जुलाई को वाद दायर किया है। दावा किया है कि सन 1212 में राजा पर्मादिदेव ने आगरा में यमुना किनारे एक शिव मंदिर बनवाया था। इसका नाम तेजोमहालय या तेजोमहल था। राजा राजा पर्मादिदेव के बाद राजा मानसिंह ने इस तेजोमहालय को अपना महल बनाया। राजा मानसिंह ने सालों तक मंदिर को सुरक्षित रखा। मुगलों के शासनकाल में मुगल शाहजहां ने राजा मानसिंह से तेजोमहालय को हड़प लिया। इसे ही ताजमहल का नाम दिया। यह शाहजहां और मुमताज की कब्र नहीं है। मुमताज का निधन 1631 में हो गया था। जबकि, ताजमहल का निर्माण कार्य 1632 में शुरू हुआ था। दावा किया गया है कि मुख्य गुम्बद पर जो कलश है, वो हिन्दू मंदिरों की तरह है। कलश पर चंद्रमा बना है। कई चिन्ह हिंदु संस्कृति से जुड़े हैं। वादी अजय तोमर ने एएसआई के अधीक्षण पुरातत्व विद राजकुमार पटेल को याचिका में प्रतिवादी बनाया है। पिछली तारीख पर प्रतिवादी के वकील ने वकालत नामा दाखिल कर न्यायालय से समय मांगा था। मंगलवार को कोर्ट में सुनवाई थी। जिसमें प्रतिवादी पक्ष से वकील ने नकल न देने पर आपत्ति जताई। कोर्ट ने अगली सुनवाई के लिए 13 सितंबर का समय दिया है। साथ ही सभी दस्तावेजों की नकल भी उपलब्ध करा दी गई है।

अजय तोमर का कहना है कि प्रतिवादी पक्ष के पास कुछ है नहीं, जो कोर्ट में रख पाएं। यह हमारे बाप-दादाओं की जमीन है। हमने साक्ष्य रखे हैं, जिनका जवाब इनके पास नहीं है। इन्होंने नकल को लेकर आपत्ति जताई है। हमने जिस किताब का हवाला दिया है,इस किताब को रखेंगे। बादशाहनामा को भी रखेंगे। कोर्ट का समय खराब किया जा रहा है।

## डीएम ने लगाई डॉक्टर्स की क्लास, कार्य स्थल पर रुकने के दिए निर्देश

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्वास्थ्य समिति (शहरी व ग्रामीण) की अगस्त महीने की मीटिंग हुई। डीएम भानुचंद्र गोस्वामी की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में कायाकल्प अवॉर्ड योजना की समीक्षा में बल्केश्वर, छत्ता, इस्लामनगर आदि पीएचसी का इंटरनल स्कोर 50 प्रतिशत से कम होने पर कड़ी नाराजगी जाहिर की। निर्देश दिए गए कि सभी डॉक्टर्स अपने कार्य स्थल पर ही निवास करेंगे। सीएमओ को निर्देश दिए रात में नहीं रुकने वाले डॉक्टर्स को चिन्हित कर कार्रवाई की जाए। मीटिंग में सबसे पहले शहरी क्षेत्रों की समीक्षा की गई। जननी सुरक्षा योजना के अंतर्गत समीक्षा करते हुए बताया गया कि जननी सुरक्षा के अंतर्गत माह अगस्त में 98 संस्थागत प्रसव कराए गए हैं। जिसमें से 90 गर्भवती महिलाओं को भुगतान किया जा चुका है। अस्पताल परिसरों में साफ सफाई, चिकित्सा उपकरण, डॉक्यूमेंटेशन के कार्य को ठीक करने तथा पुनः ट्रेनिंग करा असेसमेंट कराने के निर्देश दिए। आशाओं के औसत भुगतान की समीक्षा में पाया कि अधिकांश आशाओं का औसत मानदेय लगभग 4 हजार है। इस पर डीएम ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की। डीएम ने निर्देश दिए कि पिछले 6 महीने में औसत 10 हजार से अधिक मानदेय प्राप्त करने बाली आशाओं को पुरस्कृत किया जाए। मातृमृत्यु की समीक्षा में बताया गया कि पीएचसी इस्मालनगर में 1 मृत्यु दर्ज की गई है। यहां आशा काम नहीं कर रही है। संबंधित आशा को नोटिस जारी करने को कहा गया।

जिला स्वास्थ्य समिति(ग्रामीण) की समीक्षा की गई। जननी सुरक्षा योजना की भौतिक प्रगति की समीक्षा में बताया गया कि 23549 संस्थागत प्रसवों के सापेक्ष वर्तमान में 5123 प्रसव हुए हैं जो कि पिछले साल के 303 कम है। फतेहाबाद में 290 प्रसव कम हुए हैं। जननी सुरक्षा योजना के लिए जिला महिला अस्पताल में 586, एसएन मेडिकल कॉलेज में 521 आवेदन लंबित हैं। सीएचसी, पीएचसी वाइज ओपीडी तथा आईपीडी की समीक्षा करते हुए भी डीएम ने निर्देश दिए।

### बटेश्वर यमुना में स्नान के दौरान पांच दोस्तों में से एक डूबा, दूसरे दिन शव मिला

**जन एक्सप्रेस/आगरा।** बटेश्वर में सोमवार को स्नान करने आए पांच दोस्तों के समूह में एक युवक, 22 वर्षीय आकाश उर्फ अक्कू जैन, यमुना नदी के तेज बहाव में डूब गया। घटना उस समय हुई जब शाम करीब साढ़े 6 बजे ये सभी दोस्त नागेश्वर घाट पर नशे की हालत में स्नान कर रहे थे। स्थानीय गोताखोर अनिल और डी गोश्वामी गोताखोरों ने तेजी से प्रतिक्रिया देते हुए चार दोस्तों को तो सुरक्षित निकाल लिया, लेकिन आकाश को नहीं बचाया जा सका। पांच दोस्तों में पवन कुशवाह, राहुल कुशवाह,वरुन कुशवाह और निखिल राठौर साथ मे आये थे जिसमें निखिल मौके से फरार है तीन मौके पर मौजूद मिले। घटना की जानकारी मिलते ही आकाश के परिजन मौके पर पहुंच गए। उनमें आकाश के फूफा का लड़का दीपक जैन, पड़ोसी मुन्नालाल गौस्वामी, और पवन की माँ राजकुमारी शामिल थे।

## उत्तर प्रदेश का लक्ष्य पेरिस पैरालिंपिक्स 2024 में ऐतिहासिक प्रदर्शन करना

**जन एक्सप्रेस | आगरा**

उत्तर प्रदेश पेरिस पैरालिंपिक्स 2024 में एक महत्वपूर्ण छाप छोड़ने के लिए तैयार है, जहां राज्य के आठ एथलीट वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। राज्य का लक्ष्य विभिन्न श्रेणियों में 3-4 पदक जीतना है, जो उत्तर प्रदेश में पैरा खेलों में क्रांति लाने का वादा करता है।

यू0पी0 पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष, डॉ0 कवींद्र चौधरी ने राज्य के एथलीटों में विश्वास जताते हुए कहा, हमारे प्रतिभाशाली एथलीटों से 3-4 पदक की उम्मीद कर रहे हैं। यह प्रदर्शन उत्तर प्रदेश में पैरा खेलों में क्रांति लाएगा और आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा।

बी एल एग्रो ग्रुप के सीएमडी, श्री अशीष खंडेलवाल, जो यूपी टीम का नेतृत्व कर रहे हैं, ने अपने विश्वास को साझा करते हुए कहा, हमारे एथलीटों ने कड़ी मेहनत की है और वे उच्चतम स्तर



पर प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार हैं। उनकी सफलता न केवल राज्य के लिए गर्व की बात होगी बल्कि पैरा खेलों के समर्थन के महत्व को भी उजागर करेगी। हम यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध हैं कि उन्हें उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए आवश्यक संसाधन और प्रोत्साहन मिले।

यू0पी0 पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन की नव नियुक्त चेयरपर्सन, डॉ0 दीपा मलिक ने भी पैरा खेलों के क्षेत्र में यूपी की बढ़ती ताकत पर जोर दिया। उन्होंने कहा, बहुत जल्द, उत्तर प्रदेश पैरा खेलों में अपनी श्रेष्ठता के लिए हरियाणा जैसे राज्यों के साथ मान्यता प्राप्त करेगा। हमें विश्वास है कि भारत पेरिस में इतिहास रचेगा और यू0पी0 का पैरालिंपिक्स में अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन होगा।

उत्तर प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने वाले एथलीटों में सुहास लालिनाकेरे यथिराज (पैरा बैडमिंटन), यश कुमार (पैरा कैनो), सिमरन (पैरा एथलेटिक्स), प्रीति पाल (पैरा एथलेटिक्स), अजीत सिंह (पैरा एथलेटिक्स), प्रवीण कुमार (पैरा एथलेटिक्स), दीपेश कुमार (पैरा एथलेटिक्स) और साक्षी कसाना (पैरा एथलेटिक्स) शामिल हैं। इन सभी एथलीटों ने असाधारण प्रतिभा दिखाई है और वे देश और अपने राज्य को गौरवान्वित करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं।

जैसे ही यूपी के पैरा एथलीट पेरिस के लिए रवाना होते हैं, राज्य उनके सफर में एकजुट होकर समर्थन कर रहा है और उनके पदक और जीत की कहानियों के साथ लौटने का बेसब्री से इंतजार कर रहा है।

# मरते दम तक जनता के लिए संघर्ष करता रहूंगा: पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा

**मांगों को लेकर नवीन मण्डी समिति पूर्व मंत्री ने शुरु किया धरना**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



**बीसलपुर।** आज पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत पूर्व मंत्री ने नवीन मंडी समिति में हजारों किसानों के साथ धरना शुरु कर दिया है। जिसमें नगर व देहात क्षेत्र की मांगें शामिल हैं। मांगे पूरी न होने तक धरना जारी रखने की चेतावनी दी है। पूर्व घोषित कार्यक्रम के अनुसार पूर्व मंत्री रामसरन वर्मा ने नगर व देहात क्षेत्र हे हजारों लोगों को बुलाकर नवीन मण्डी समिति में अनिश्चित कालीन धरना शुरु कर दिया है। धरने को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जनता के लिए मरते दम तक संघर्ष करते रहेंगे और उन्हें न्याय दिलाने का काम करेंगे। जो जनता के साथ अन्याय करेगा उसे मुंहतोड़ जबाव देने का काम किया जायेगा। पूर्व मंत्री ने कहा छुट्टा गौबंशीय, बंदरों एवं शेरों से बचाव की समुचित व्यवस्था किये जाने ताकि जनमानश को कोई क्षति न हो सके। सार्वजनिक भूमियों पर अस्थाई गौशालाएं बनाकर चारे की समुचित व्यवस्था किये जाने, नगर पालिका परिषद बीसलपुर में व्याप्त घोर उत्पीड़न, कमीशनखोरी, भ्रष्टाचार एवं आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के सम्बंध में पालिका अध्यक्ष व उनके पति साथ ही साथ अधिशाशी अधिकारी की एनआईए से जांच करायी जाये। नगर क्षेत्रों से गृहकर, जलकर, मौलिक आधारभूत निर्धारण कर दाताओं की अपेक्षित सुनवाई का अवसर प्रदान किये जाने, बीसलपुर से कोयला डिपो हटाये, सीमांकन कराया जाये, बंद किया किया, बंद किया गया पानी निकास चौसरा मार्ग समाप्त किया जाये तथा स्टेशन के सामने वाले मार्ग का निर्माण कराया जाये। राष्ट्रीय राजमार्ग सं0 731 (के) का निर्माण नगर पालिका परिषद के अन्तर्गत अधिगृहित भूमि पर न करके नगरबासियों का शोषण हो रहा है। एसआरएम इंटर कालेज शिवमंदिर व नगर पालिका परिषए भवन बीसलपुर की 65 दुकाने अवैध रुप से तोड़ने के क्रम में दुकानों का पुनः निर्माण कराया जाये। उक्त तोड़ी गयी दुकानों की क्षतिपूर्ति करायी जाये। बाढ़ एवं वर्षा से कृषकों की क्षति की प्रतिपूर्ति अतिशीघ्र सुनिश्चित की जाये। बजाज शुगर मिल बरखेड़ा कला एवं मकसूदापुर से कृषकों का अवशेष गन्न मूल्य भगतान अतिशीघ्र कराया जाये सहित सात मांगें पूरी कराये जाने की मांग की। कार्यक्रम की अध्यक्षता किसान नेता साबिर अली उर्फ गुल्लू पहलवान ने की, संचालन आन्दोलन प्रभारी प्रेमसागर पटेल ने किया। इस मौके पर वीरपाल वर्मा, मंसूर, सुभाष चन्द्र गंगवार, परदेशी बाबू, जमुना प्रसाद, गंगाराम, बाबूराम, हरद्वारीलाल, प्यारेलाल, गंगाप्रकाश, राजाराम, गयाप्रसाद, हजारीलाल, सुम्मेरलाल, गौतम कुमार, अबनीश कुमार, सत्यदेव, सत्यपाल सहित नगर व देहात क्षेत्र के हजारों लोग मौजूद रहे।

# विधायक रमेश चंद्र मिश्र ने दुराचार की पीड़ित दलित नाबालिग बिटिया को न्याय दिलाने का दिया भरोसा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर



बदलापुर भाजपा विधायक रमेश चंद्र मिश्र खुटहन थाना क्षेत्र के बड़सरा गांव में बीते दिनों दुराचार की पीड़ित दलित नाबालिक लड़की के घर पहुंच कर ढांढस बंधाया और जिले के उच्च अधिकारियों से बात कर आरोपी दरिंदे पर कड़ी कार्रवाई करने का भरोसा दिलाया।

गौरतलब हो कि खुटहन थाना क्षेत्र में बीते शानिवार सुबह नाबालिक दलित लडकी को अकेले घर में देख गांव के ही एक व्यक्ति ने लड़की के साथ जबरन दुष्कर्म किया और मामले में कुछ बोलने पर जान से मार डालने की धमकी दी पीड़िता किसी तरीके आरोपी के चुंगल से छुटते ही रोती बिलखती पूरी घटना अपने परिजनों से बताई तो परिजन उक्त मामले की लिखित तहरीर थानाध्यक्ष खुटहन को दिया परन्तु पुलिस आरोपी पर कार्रवाई के बजाय मामले में लीपापोती करने लगी रही परिजनों का आरोप है कि हमारे लड़की के साथ जिस प्रकार प्रकार से घिनौनी हरकत की गयी उसे सुन और हालत देखकर मन सिहर जा रहा है लेकिन खुटहन पुलिस एक दिन बीत जाने के बाद भी आरोपी पर कोई कार्यवाही नहीं किया। तो गुस्साए परिजनो ने रविवार की सुबह ग्रामीणों के साथ थाने का घेराव किया गुस्साए भीड़ को देख पुलिस के हाथ पांव फूल गए और आनन-फानन में पीड़िता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर पीड़िता को मेडिकल के लिए जिला अस्पताल भेज दिया था।

# श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व धूमधाम एवं हवन पूजन के साथ हुआ संपन्न





**हजारा थाना परिसर के राधा कृष्ण मंदिर को दुल्हन की तरह सजाया हुआ भजन कीर्तन**

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**हजारा(पूरनपुर)।** श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पर्व पर नेपाल सीमावर्ती क्षेत्र के थाना हजारा परिसर में स्थित राधा कृष्ण मंदिर को दुल्हन की तरह-तरह फूलमाला और गुब्बारों से सजाया गया था तो वही इलेक्ट्रिक रंगबिरंगी झालरों से पूरा मंदिर व थाना परिसर जगमग हो उठा था।श्री कृष्ण जन्माष्टमी के दौरान मंदिर में विराट कीर्तन का आयोजन किया गया था जिसमें कबीरगंज कीर्तन मंडली ने धार्मिक एवं भक्ति पूर्ण भजनों से पूरा पंडाल झूम उठा था।अगले दिन मंगलवार को पुरोहित के द्वारा विधि विधान से हवन पूजन कराया गया और सभी को मीठा हलवा व केला का प्रसाद वितरित किया गया।हवन पूजन में थानाध्यक्ष परमेंद्र कुमार उप निरीक्षक रविंद्रपाल सिंह,तेजवीर सिंह,कविराज सिंह, विकास सिंह के अलावा चौधरी पदम सिंह,बलजीत सिंह जटाना, रामनगर भाजपा मंडल अध्यक्ष सुभाष चंद्र श्रीवास्तव सहित बड़ी संख्या में महिलाएं एवं बच्चें और ग्रामीण मौजूद रहे तो वही बाढ़ कटान प्रभावित गांव राणाप्रताप नगर के शिव मंदिर परिसर में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व के अवसर पर डोल सजाया गया था साथ ही विधि विधान से हवन पूजन कर प्रसाद वितरण किया गया है।

# हनुमान मंदिर से 30 मीटर की दूरी पर चल रही मीट की दुकान को कराया गया बंद

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत



मंगलवार को सुबह लगभग 11ः00 विश्व हिंदू महासंघ भारत के जिला अध्यक्ष पंडित राहुल शर्मा के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने जनपद के टाइगर तिराहे के पास बने श्री हनुमान जी महाराज के मंदिर से लगभग 30 मीटर की दूरी पर चल रही मुर्गी एवं मीट शॉप के साथ मुर्गा पालन का पूरा संज्ञान जैसे ही विश्व हिंदू महासंघ भारत के जिला अध्यक्ष पंडित राहुल शर्मा के संज्ञान में आया उन्होंने अपनी पूरी टीम के साथ पहुंचकर पूरे मामले को जाना साथ ही आदर्श नगर पंचायत पकड़िया नौगवां को एक प्रार्थना पत्र दिया। जिसमें अवैध रूप से संचालित हो रही मीट एवं मुर्गा पालन की दुकानों को बंद करने की मांग की इस अवसर पर उन्होंने अपनी टीम के साथ पुलिस बल की मौजूदगी में मौके वारदात पर पहुंचकर मीट शॉप एवं मुर्गा पालन की दुकान बंद कराई तथा नगर पंचायत द्वारा दुकानदारों को दोबारा दुकान में मुर्गा फार्म खोलने के संबंध में चेतावनी दी गई और विश्व हिंदू महासंघ भारत द्वारा दोबारा न खोलने की भी चेतावनी दी गई। इस अवसर पर विश्व हिंदू महासंघ के जिला अध्यक्ष पंडित राहुल शर्मा, जिला प्रभारी चेतन गंगवार, जिला उपाध्यक्ष राजकुमार मौर्य, जिला कार्यालय प्रभारी मोहित पासवान, जिला मंत्री सोमपाल राजपूत, प्रेम राज मौर्य, नगर उपाध्यक्ष रिंकू, जिला कार्यकारिणी सदस्य बसंत शर्मा, उमेश सिंह (गुड्डू) राजन, राघव सक्सेना, प्रकाश सिंह मंगू, नगर उपाध्यक्ष कश्मीर सिंह, राजेंद्र, सतीश भोजवाल सहित दर्जनों पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता मौजूद रहें।

# साइकिल लेकर गड्ढे में गिरे युवक की मौत



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जलालपुर थाना क्षेत्र के बरबसपुर कोडरी मार्ग पर सड़क से सटे गड्ढे में गिरकर साइकिल सवार 41 वर्षीय एक युवक की मौत हो गयी।घटना की जानकारी होते ही परिजन मौके पर पहुंच गए।उनकी सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इजरी गांव निवासी दिनेश कुमार पुत्र लालबहादुर कोडरी में स्थित आरा मशीन पर काम करता था। दिनेश कुमार सोमवार की सुबह काम पर गया।वहां से वह रात को वापस नही आया।मंगलवार की सुबह किसी राहगीर की नजर सड़क की पटरी के गड्ढे पड़ी।वहां अनिल कुमार अपनी साइकिल सहित मुह के बल गड्ढे में पड़ा था।उसका मुह पानी मे था।राहगीर के बताने पर लोग मौके पर गए तो देखा अनिल की मौत हो चुकी है।मृतक के पिता सूचना पर पुलिस ने शव को कब्जे में ले लिया।हालांकि लोगो मे चर्चा थी कि शायद किसी वाहन के धक्के से अनिल गड्ढे में चला गया होगा।

# गो आश्रय स्थलों पर जन्माष्टमी के अवसर पर गो पूजन का हुआ कार्यक्रम



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

जन्माष्टमी का पावन पर्व धूमधाम से मनाया गया। शासन के निर्देश के क्रम में गो आश्रय स्थलों पर भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर गो पूजन के कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस अवसर पर जनपद के समस्त गौशालाओं में साफ सफाई एवं सजावट की गई। गौ माता का पूजन किया गया तथा गोवंशों को गुड़ एवं केला खिलाया गया। अमदहा सिरकोनी के गौशाला में श्री कृष्ण के पूजन के उपरांत विधिवत गो पूजन किया गया तथा गोवंशो को गुड़ केला खिलाने के पश्चात पीपल के वृक्ष का पौधरोपण भी किया गया। इस दौरान पंचायत सचिव, पशुधन प्रसार अधिकारी सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# छात्रा पर फब्तियां कसने का विरोध करने पर शोहदों ने भाइयों को पीटा

जन एक्सप्रेस । जौनपुर

खुटहन थाना क्षेत्र के पिलकिछा गांव स्खुथित खुटहन मार्ग पर कोचिंग से लौट रहे दो सगे भाइयों को सात की संख्या में पहुंचे शोहदों ने राड, डंडा और तमंचे के बट से पीटकर घायल कर दिया। घटना का कारण बहन को स्कूल जाते समय शोहदों के द्वारा फब्तियां कसने का दोनों भाइयों के विरोध का था। गांव निवासी आयुष यादव ने थाने में तहरीर देकर आरोप लगाया कि उसकी बहन इंटरमीडिएट की छात्रा है। स्कूल आते जाते समय गांव के ही अभिषेक यादव, उत्कर्ष और सचिन यादव उस पर फब्तियां कसते हैं। छात्रा की मोबाइल पर अक्सर ये लोग फोन भी कर दिया करते थे। जिसको लेकर छात्रा के भाइयों ने कड़ा ऐतराज जताया। इसकी शिकायत भी उनके घर कर दिया। आयूष का आरोप है इसी को लेकर गत 20 अगस्त को कोचिंग से अपने छोटे भाई सचिन के साथ वापस घर लौट रहा था। गांव के मार्ग पर उक्त तीनों के अलावा चार अज्ञात लोगों ने दोनों भाइयों पर राड, डंडा और तमंचे की मुठिया से हमला कर दिया। जिसमें हम दोनों को काफी चोटें आईं। पुलिस ने उक्त तीनों नामजद आरोपितों के अलावा चार अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

# पंचमुखेश्वर महादेव मंदिर में सजाई गई झांकी आकर्षण का केंद्र



जन एक्सप्रेस । जौनपुर

भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होते ही भक्त खुशी से झूम उठे। मंत्रोच्चारण के साथ शंखनाद हुआ।भए प्रगट गोपाला और बधाई गीतों से माहौल भक्तिमय हो गया। सोमवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व पर पंचमुखी महादेव मंदिर भवानीपुर में भोजपुरी युवा गायक राहुल पांडेय रमन व पुरानी बाजार में स्वर्गीय नन्दलाल बरनवाल के यहां धर्मेन्द्र समोधपुर के भजनों पर लोग थिरकने को मजबूर हो गए। बाहर से आए हुए कलाकारों के द्वारा भजन संध्या की प्रस्तुति की गई, मंदिर समिति के पुजारी सानू पाठक व व्यवस्था प्रमुख सुरेश गुप्ता की तरफ से कलाकारों को अंग वस्त्र भेंटकर सम्मानित किया गया। मंदिर परिसर में भगवान श्री कृष्ण की लीला की झांकी भी सजाई गई। वहीं दूसरी तरफ पुरानी बाजार में लल्ला बरनवाल, साधो बरनवाल व मुड़िला रोड पर स्थित आदर्श पूजा समिति तथा गोलू अग्रहरि की तरफ से जन्माष्टमी पर्व पर झांकी सजाकर भजन कीर्तन कर श्री कृष्ण जन्मोत्सव मनाई गई। इस अवसर पर पूजा अग्रहरि,गुड़िया अग्रहरि,शीलेश बरनवाल,राधिका बरनवाल,राजेश गुप्ता, प्रेम प्रकाश जायसवाल,झिनकू सिंह, आनन्द शंकर पाण्डेय, ओमप्रकाश बरनवाल, अंकुश पाठक, शैलेश गुप्ता, प्रहलाद मौर्य, बालकृष्ण बरनवाल, अरुन बरनवाल ,शिवम अग्रहरि, सूरज अग्रहरि, अतुल अग्रहरि, सूरज विश्वकर्मा, शिव दास अग्रहरि, आदि शामिल रहे।





# राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने मिश्रायन गौटिया में सीसी रोड का लोकार्पण किया

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

गन्ना विकास एवं चीनी मिल राज्य मंत्री संजय सिंह गंगवार ने मंगलवार को मरौरी ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम मिश्रायन गौटिया में लगभग 19. 42 लाख की लागत से सीसी रोड का लोकार्पण किया। इस मौके पर राज्य मंत्री श्री गंगवार ने कहा कि इस इसी रोड के निर्माण से क्षेत्र के ग्रामीणों को आवागमन में विशेष सुविधा मिलेगी खास तौर से बारिश की दिनों में होने वाले जल भराव की समस्या से निजात मिलेगी उन्होंने बताया कि ग्रामीणों की लंबे अरसे से सीसी रोड़ निर्माण की चली आ रही मांग को देखते हुए सीसी रोड़ का निर्माण कराया गया हैं। और इससे लंबे अरसे से आ रही समस्या का भी समाधान हो जाएगा इस अवसर पर समस्त ग्रामीण के चेहरों पर खुशी साफ जाहिर हो रही थीं। इस मौके पर भाजपा नगर उपाध्यक्ष शिवनारायण शर्मा महामंत्री मनोज मिश्रा के अलावा बूथ अध्यक्ष हरिशंकर,ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशाषी अभियंता इंजीनियर राजेश कुमार, जेई नरेंद्र और बूथ के कार्यकर्ता इत्यादि मौजूद रहें।

# गुलड़िया राधे में घर के बाहर खड़ा ट्राला चोरी

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

**बीसलपुर।** जनपद की तहसील बीसलपुर क्षेत्र के बढ़ैरा ग्राम पंचायत के मजरा गुलड़िया राधे में गांव के बाहर बने घेर में खड़ा ट्राला चोरी हो गया। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। बेनीपुर पुलिस चौकी क्षेत्र के गांव गुलड़िया राधे निवासी गिरधारी लाल पुत्र चेतराम ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया है कि उनका ट्राला गांव के बाहर बने घेर में खड़ा रहता है। गिरधारी लाल वहीं सोते हैं। दिनांक 24 अगस्त को रात दस बजे किसी काम से अपने घर आए और अधिक गर्मी होने की वजह से वहीं सो गए। सुबह जाकर देखा तो ट्राला गायब था। जिसे गिरधारी लाल ने काफी तलाश किया किन्तु कोई पता नहीं चला। ट्राला चोरी होने की तहरीर गिरधारी लाल ने बेनीपुर पुलिस चौकी पर तहरीर देकर कार्रवाई करने की मांग की है। प्रभारी निरीक्षक राजीव रंजन श्रीवास्तव ने बताया कि गांव गुलड़िया राधे में ट्राला चोरी होने की उन्हें कोई जानकारी नहीं है और उनके पास कोई तहरीर नहीं आई है।

# सड़क का निर्माण जल्द से जल्द पूर्ण

जन एक्सप्रेस । पीलीभीत

नगर पालिका में स्वीकृत सड़क मार्ग का निर्माण जल्द से जल्द पूर्ण कराने के लिए अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग को लिखित पत्र के माध्यम से कहा हैं। कि नगर के नौगवां चौराहे से ओवरब्रिज के नीचे दोनो साइड की रोड बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं। जिसके कारण आये दिन राहगीरों, दो पहिया वाहनों, ई-रिक्शा आदि के पलटने से आम जनमानस को दुर्घटनाओं का शिकार होना पड़ रहा हैं। वर्षा के पानी से सड़क के दोनो ओर तलाबो में जलभराव होने से सड़क पर पानी भर जाता है जिससे दोनो साइड की सड़क पूर्ण से समाप्त हो चुकी हैं। उपरोक्त सड़क लोक निर्माण विभाग से स्वीकृत हैं। जिसको तयसमय में जल्द से जल्द संबंधित निर्माण एजेंसी को निर्माण कार्य पूर्ण करने के निर्देश देने का कष्ट करें, जिससे नगर की जनता को आवागमन में दिक्कत न हो।

# भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों के बीच मनाया गया श्री कृष्ण जन्मोत्सव

**पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक ने किया पूजा अर्चना**

जन एक्सप्रेस । जौनपुर






श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर सोमवार को हर ओर भगवान श्रीकृष्ण के जन्म की धूम रही। जन्माष्टमी पर सजी झांकियों ने सभी का मन मोह लिया। श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान श्रीकृष्ण का जन्म दिन मनाया। पुलिस लाइन में पुलिस अधीक्षक डा अजय पाल शर्मा ने पूजा अर्चना कर भगवान श्री कृष्ण से आशीर्वाद लिया तो जिले भर के थानों में स्थित मंदिर को दुल्हन की तरह सजाकर सांस्कृतिक कार्यक्रम के बीच श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव को मनाया गया जिले के विभिन्न सभी जगहों पर सजाई गईं आकर्षक झांकियां लोगों का मन मोह रही है थी। जन्माष्टमी का व्रत रखने वाले श्रद्धालु सुबह से ही प्रसाद में पंजीरी तैयार करने में जुटे थे। वहीं बच्चे झांकियां सजाने में मशगूल रहे। शहर के सभी मोहल्लों में नंद लाल के जन्मोत्सव पर आकर्षक झांकियां सजाईं गई थीं। शाम होते ही भव्य रोशनी झांकियों से निकली। मैहर देवी, कोतवाली स्थित हनुमान मंदिर, बीआरपी मंदिर, ताड़तला विंध्यवासिनी मंदिर में भव्य सजावट की गई थी। इसके अलावा पुलिस लाइन, पुलिस चैकियों और थानों में भी सजावट हुई थी। भंडारी स्टेशन पर आरपीएफ और जीआरपी ने भी झांकियां सजाई थी। कारागार, पालने में बैठे श्रीकृष्ण का रूप, गोपियों की मटकी, गायों का झुंड अद्भुत छटा बिखेर रहा था। सिटी स्टेशन स्थित काली मंदिर में झांकी सजाई गई थी। देर शाम तक दर्शन-पूजन करने के लिए श्रद्धालुओं का तांता लगा रहा। यहां कंस आवास, नंद आवास की भव्य झांकी सजाई गई। सिकरारा क्षेत्र के मंदिरों में कृष्ण जन्माष्टमी की धूम रही। आजोसी महावीर धाम, खाना पट्टी, शेरवां बाजार स्थित बजरंग बली मंदिर में आकर्षक झांकी सजाई गई थी। कलवारी के पकड़ी भवानी धाम में देर रात तक दर्शन-पूजन का सिलसिला चला।

# प्रदेश अध्यक्ष क्षेत्रीय विधायक संग मृतका के परिजनों को बंधाया ढांढस






जन एक्सप्रेस । जौनपुर

**परिजनों का आरोप पुलिस हत्या को आत्महत्या बता रही है**

**प्रदेश अध्यक्ष विधायक समर्थकों के साथ थाने पहुंचे**

निषाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूराम निषाद क्षेत्रीय विधायक रमेश सिंह सोमवार शाम पलिया पहुंचे और मृतका रानी बिंद के स्वजनों से मिलकर उन्हें ढांढस बंधाते हुए न्याय का भरोसा दिलाया। गौरतलब हो कि बीते बुधवार को पलिया निवासी सोचन बिंद की पुत्री रानी का शव घर से दो सौ मीटर दूर कर्मराज बिंद के घर के बगल नीम की डाल से साड़ी के सहारे लटकता हुआ पाया गया था। मृतका की मां केवली देवी द्वारा पुलिस को दिए गए प्रार्थना पत्र में निष्पक्ष जांच व कार्यवाही की मांग की गई थी पुलिस की माने तो पोस्टमार्टम रिपोर्ट में मौत की वजह भी गला कसना ही आई थी। पुलिस का मानना था कि मृतका ने किसी कारणवश स्वयं ही आत्महत्या कर लिया। किंतु गांव में और भी तरह की चर्चाएं चल रही थीं। श्री निषाद श्री सिंह गांव पहुंचकर मृतका रानी के स्वजनों से मिले और उनकी पीड़ा सुनते हुए उन्हें न्याय का पूरा भरोसा दिलाया। इस दौरान उन्होंने सरपतहा थाने पहुंच कर थाना प्रभारी अरविंद सिंह से पूरी घटना की जानकरी ली और पुनः मामले की जांच कर दोषी पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया मौके, निषाद पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष सुरेंद्र निषाद, ब्लाक अध्यक्ष तथा ग्राम प्रधान पंचम बिंद सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण व कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## परिजनों ने दो लोगों के विरुद्ध दिया प्रार्थनापत्र

निषाद पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष बाबूराम निषाद से न्याय मिलने के आश्वासन पर मंगलवार को मृतका के परिजनों ने थाने पर कुछ लोगों के विरुद्ध नामजद प्रार्थना पत्र दिया।

# शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने के मामले में ठेकेदार समेत दो पर एफआईआर दर्ज

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र के सिंधुदुर्ग जिले में पुलिस ने छत्रपति शिवाजी महाराज की मूर्ति गिरने के मामले में ठेकेदार और संरचनात्मक सलाहकार के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पिछले साल नौसेना दिवस (4 दिसंबर) पर सिंधुदुर्ग के मालवन तहसील में राजकोट किले में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस प्रतिमा का अनावरण किया है। दरअसल, 17वीं सदी के मराठा छत्रपति शिवाजी महाराज की 35 फुट ऊंची मूर्ति सोमवार को दोपहर करीब 1 बजे गिर गई थी। इसके कारणों की जांच की जा रही है।



### राज्य सरकार की काफी किरकिरी

इस घटना से एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली राज्य सरकार की काफी किरकिरी हो रही है। विपक्षी दलों इसकी आलोचना कर रहा है। सीएम शिंदे ने कहा कि मूर्ति का डिजाइन और निर्माण भारतीय नौसेना ने किया था। अब लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) के एक सहायक अभियंता ने सोमवार शाम को मालवन पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। शिकायतकर्ता के अनुसार, मूर्ति के गिरने के लिए कलाकार और सलाहकार जिम्मेदार हैं।

### इन धाराओं के तहत एफआईआर

उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर ठेकेदार जयदीप आप्टे और स्ट्रक्चरल कंसल्टेंट चेतन पाटिल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। उन्होंने बताया कि उन पर भारतीय न्याय संहिता की धाराओं के तहत गैर इरादतन हत्या करने का प्रयास, दूसरों के जीवन या व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालने वाला कृत्य, हत्या का प्रयास और धोखाधड़ी के साथ-साथ सार्वजनिक संपत्ति क्षति निवारण अधिनियम की धारा 3 (सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने वाली शरारत) के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### मंत्री दीपक केसरकर ने घटनास्थल का दौरा भी किया

इससे पहले मंत्री दीपक केसरकर ने दुख व्यक्त किया। उन्होंने घटनास्थल का दौरा भी किया। उन्होंने कहा कि शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहना दुखद है। अब इसकी जगह 100 फीट ऊंची प्रतिमा बनाई जानी चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि वह इस बारे में मुख्यमंत्री और उपमुख्यमंत्री से बात करेंगे। साथ ही सभी अनुमान तैयार रखेंगे।

### आदित्य ठाकरे ने भाजपा पर बोला हमला

छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा ढहने की तीखी आलोचना हुई है। यूबीटी शिवसेना के विधायक आदित्य ठाकरे ने इसके लिए भाजपा के अहंकार को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा, हम छत्रपति शिवाजी महाराज का अपमान कभी बर्दाश्त नहीं करेंगे जो कि हमारे और पूरे महाराष्ट्र के आदर्श हैं। मालवन में छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा, जिसे चुनावों को देखते हुए जल्दबाजी में बनाया गया था और मोदी जी द्वारा उद्घाटन किया गया था, आज केवल आठ महीनों में ढह गई।

# के. कविता को मिली जमानत, सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का फैसला पलटा



जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को दिल्ली शराब नीति घोटाले में बीआरएस नेता के कविता को जमानत दे दी। जमानत का आदेश देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और ईडी को भी फटकार लगाई और उनकी जांच के तरीके पर सवाल उठाए। तेलंगाना के पूर्व सीएम के चंद्रशेखर की बेटी और बीआरएस से एमएलसी के कविता 15 मार्च से पुलिस हिरासत में हैं।

### 10-10 लाख के मुचलके पर रिहा करने का आदेश

सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली हाईकोर्ट के उस आदेश को खारिज कर दिया जिसमें हाईकोर्ट ने के. कविता की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने के. कविता को दोनों मामलों में 10-10 लाख रुपये का जमानत बांड भरने, गवाहों से छेड़छाड़ न करने और गवाहों को प्रभावित न करने की शर्त पर जमानत देने का निर्देश दिया है। न्यायमूर्ति बीआर गवई, केवी विश्वनाथन की पीठ ने सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने जांच एजेंसियों ईडी और सीबीआई से पूछा कि उनके पास के कविता के कथित घोटाले में शामिल होने के क्या सबूत हैं और जो सबूत हैं वो अदालत को दिखाएं।

### सुनवाई के दौरान दी गईं ये दलीलें

के. कविता की तरफ से वरिष्ठ वकील मुकुल रोहतगी सुनवाई में शामिल हुए। मुकुल रोहतगी ने अपने मुवक्किल को जमानत देने की अपील करते हुए कहा कि इस मामले में सह-आरोपी आप नेता मनीष सिसोदिया को पहले ही जमानत मिल चुकी है। साथ ही सीबीआई और ईडी अपनी जांच भी पूरी कर चुकी हैं। जांच एजेंसियों की तरफ से सुनवाई में शामिल हुए एडिश्नल सॉलिसिटर जनरल एसवी राजू ने दावा किया कि कविता ने अपने मोबाइल फोन से छेड़छाड़ की और उसे फॉर्मेट किया। यह सबूतों से छेड़छाड़ की कोशिश है। हालांकि रोहतगी ने इन आरोपों को बेकार बताकर खारिज कर दिया।

### सुप्रीम कोर्ट ने हाईकोर्ट का आदेश खारिज किया

के कविता ने दिल्ली हाईकोर्ट में भी जमानत की अर्जी लगाई थी, लेकिन हाईकोर्ट ने कविता की जमानत याचिका खारिज कर दी थी। हाईकोर्ट ने कहा था कि प्रथम दृष्टया के कविता दिल्ली शराब नीति के कथित घोटाले में मुख्य साजिशकर्ता दिख रही हैं। हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ के कविता ने सुप्रीम कोर्ट में जमानत याचिका दायर की थी। ईडी ने कविता को 15 मार्च को उनके हैदराबाद के बंजारा हिल्स इलाके में स्थित घर से गिरफ्तार किया था। कविता पर दिल्ली शराब नीति घोटाले में शामिल होने का आरोप है। हालांकि कविता अपने ऊपर लगे आरोपों को खारिज करती रही हैं।

# नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 32 उम्मीदवारों की एक और लिस्ट की जारी, गांदरबल सीट से लड़ेंगे उमर अब्दुल्ला

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जम्मू

जम्मू -कश्मीर विधानसभा चुनाव के लिए नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 32 उम्मीदवारों की एक और लिस्ट जारी की है। इससे पहले पार्टी ने 18 प्रत्याशियों की सूची जारी की थी। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला गांदरबल सीट से चुनाव लड़ेंगे। कंगन सीट से मेहर अली मैदान में होंगे। हजरतबल सीट से सलीम अली सागर चुनाव लड़ेंगे। खानयार से आली मोहम्मद सागर, हब्बा कदल से शमीम फ़िरदौस, लाल चौक से अहसान परदेसी, चनापोर से मुश्ताक गुरू, जड़ीबाल से तनवीर सादिक, ऐडगह से मुबारक मैदान में होंगे। खान साहिब विधानसभा सीट



से सैफ-उद-दिन भट, चार ई शरीफ से अब्दुल रहीम राथेर, चआदूर से अली मोहम्मद दर, गुलाब घर (एसटी) से अर. खुर्शीद और कलकोटे/ सुनडेरबानी से यशु वर्धन सिंह चुनाव लड़ेंगे। नौसहेर से सुरिन्दर चौधरी, बुधल (एसटी) से जविद चौधरी और पुंछ हवेली से अजाज अहमद जान मैदान में उतरेंगे। इससे पहले, बिजबेहरा सीट के लिए अपने उम्मीदवार बशीर अहमद वीरी के साथ जाने के बाद उमर अब्दुल्ला ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि हमने अपना मैनिफेस्टो लोग के सामने रखा है। कांग्रेस के साथ एक सीट शेयरिंग एग्रीमेंट तय किया। कोशिश ये रही कि भाजपा और उनके समर्थक दलों के खिलाफ मिलकर एक ही मोर्चा खड़ा करें और उनके खिलाफ चुनाव लड़ें ताकि कामयाबी की संभावना और ज्यादा बढ़ जाए। इसमें मुझे इस बात का एहसास है कि कई सारे हमारे ऐसे साथी हैं जिन्होंने पांच दस साल बहुत ज्यादा मेहनत की। और वो तमन्ना रखते थे नेकां की टिकट पर चुनाव लड़ना।

# प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति पुतिन से की बात, यूक्रेन की हालिया यात्रा पर हुई चर्चा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

यूक्रेन दौरे से लौटने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इन दिनों वैश्विक देशों के राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री से बात कर रहे हैं। मंगलवार को पीएम मोदी ने रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन से बात की। उन्होंने रूस-यूक्रेन संघर्ष को लेकर अपनी बात रखी। साथ ही पुतिन की प्रतिक्रिया जानी। इस दौरान पीएम ने पुतिन को यूक्रेन यात्रा की भी जानकारी दी। पीएम मोदी ने ट्वीट किया कि उन्होंने रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन से भारत-रूस की रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के उपायों पर चर्चा की। रूस-यूक्रेन संघर्ष और यूक्रेन की हालिया यात्रा को लेकर बात की। उन्होंने संघर्ष के शीघ्र, स्थायी और शांतिपूर्ण समाधान का समर्थन करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता दोहराई। वहीं सोमवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन से फोन पर बात की थी। पीएम मोदी ने अपने एक्स हैंडल पर इस बातचीत के बारे में बताया था। पीएम ने कहा था कि उनके और बाइडन के बीच कई क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर चर्चा हुई। इनमें बांग्लादेश में अल्पसंख्यकों के हालात और यूक्रेन की स्थिति पर चर्चा सबसे अहम रही। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज से भी बात की। विदेश मंत्रालय के मुताबिक, पीएम मोदी और प्रधानमंत्री अल्बनीज ने द्विपक्षीय संबंधों की प्रगति और बहुराष्ट्रीय मंचों पर सहयोग के लेकर बात की।

# जोधपुर में कोलकाता जैसा कांड, अस्पताल परिसर में नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, मौके पर पहुंची पुलिस

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। जोधपुर

राजस्थान के जोधपुर से बड़ी घटना सामने आई है। यहां महात्मा गांधी अस्पताल में एक नाबालिग ने गैंगरेप का आरोप लगाया है। मामले की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधिकारी व एफएसएल टीमों को जांच के लिए बुलाया गया है। पीड़ित लड़की ने सफाई कर्मचारियों पर गैंगरेप का आरोप लगाया है। जोधपुर के महात्मा गांधी अस्पताल में घटी दुष्कर्म और गैंगरेप की घटना अत्यंत शर्मनाक और भयावह है। इस घटना



में एक नाबालिग लड़की के साथ अमानवीयता की सभी सीमाएं पार कर दी गईं। पुलिस के अनुसार, अस्पताल के अंदर ही इस घृणित अपराध को अंजाम दिया गया। घटना के बाद से ही पुलिस और प्रशासन पर कड़ी कार्रवाई का दबाव था। पुलिस ने तत्परता से कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जबकि तीसरे आरोपी की तलाश अभी जारी है। इस घटना ने न केवल जोधपुर, बल्कि पूरे देश को हिला कर रख दिया है। अस्पताल जैसे सुरक्षित माने जाने वाले स्थान में ऐसी घटना का घटित होना समाज की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है।

# मंकीपॉक्स के बढ़ते खतरे पर भारत अलर्ट, जांच के लिए बनाई पहली स्वदेशी आरटी-पीसीआर किट




जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

दुनियाभर में मंकीपॉक्स वायरस का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने मंकीपॉक्स को लेकर दुनियाभर में हेल्थ इमरजेंसी घोषित कर दी है। हालांकि, राहत की बात यह है कि भारत में अभी तक मंकीपॉक्स वायरस नहीं पहुंचा है। मगर इसके बढ़ते मामलों को देखते हुए इससे बचाव की तैयारियां तेज हो गई हैं। इस बीच, स्वास्थ्य उपकरण बनाने वाली एक भारतीय कंपनी ने दावा किया है कि उसने मंकीपॉक्स का पता लगाने वाली एक रियल टाइम किट तैयार की है।

### मंकीपॉक्स से लड़ने के लिए एक बड़ी उपलब्धि

भारत के सीमेंस हेल्थिनर्स ने मंकीपॉक्स से लड़ने के लिए अपना स्वदेशी आरटी-पीसीआर परीक्षण किट तैयार किया है। इस पर केंद्रीय सुरक्षा औषधि मानक नियंत्रण संगठन (सीडीएससीओ) ने भी मोहर लगा दी है। कंपनी ने कहा कि यह हमारी मेक इन इंडिया पहल के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके अलावा, मंकीपॉक्स से लड़ने के लिए एक बड़ी उपलब्धि है।

### हर साल करीब 10 लाख किट बनेंगी

भारतीय कंपनी सीमेंस हेल्थिनर्स ने बताया कि आरटी-पीसीआर परीक्षण किट को वडोदरा की एक इकाई में तैयार किया जाएगा। हर साल करीब 10 लाख किट बनाई जा सकेंगी। हम यह किट लोगों को उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह तैयार है।

### तुरंत और सटीक पहचान को प्राथमिकता दे रहे

सीमेंस हेल्थकेयर प्राइवेट लिमिटेड के प्रबंध निदेशक हरिहरन सुब्रमण्यन ने कहा कि सही और सटीक निदान की आवश्यकता आज से अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। उन्होंने कहा कि भारत को मंकीपॉक्स से निपटने के लिए विशेष रूप से तैयार की गई किट उपलब्ध कराकर हम इस बीमारी से लड़ने में सक्रिय रुख अपना रहे हैं। तुरंत और सटीक पहचान को प्राथमिकता दे रहे हैं, जो वास्तव में जीवन बचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। ये किट देखभाल तक पहुंच में सुधार लाने पर हमारे फोकस का प्रमाण हैं और ये किट उस लक्ष्य की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम हैं।

# मसूरी लंढौर के पास भूस्खलन, कर्णप्रयाग में हाईवे बंद होने से फंसे यात्री





जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मसूरी

मसूरी लंढौर मार्ग स्थित बेकरी हिल के पास सुबह भूस्खलन हुआ। यहां भारी भरकम पुस्ता गिरने से एक आवासीय मकान भी खतरे की जद में आ गया है। शहर में लगातार जारी बारिश के बाद भूस्खलन हुआ। वहीं दूसरी तरफ राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुमाऊं और गढ़वाल जाने वाले सैकड़ों यात्री फंसे हैं। सोमवार रात्रि हुई भारी बारिश से थराली में कई सड़कें बंद हैं। कर्णप्रयाग ग्वालदम राष्ट्रीय राजमार्ग बैनोली और सुनल में बंद है। बिजली और पानी की सप्लाई भी यहां ठप है। राष्ट्रीय राजमार्ग पर कुमाऊ और गढ़वाल जाने वाले सैकड़ों यात्री फंसे हैं। देहरादून, हरिद्वार, श्रीनगर अल्मोड़ा जाने वाले यात्री यहां परेशान है। इसके अलावा थराली देवल मोटर मार्ग सहित कई ग्रामीण सड़कें भी बाधित हैं। यमुनोत्री धाम सहित यमुना घाटी में रातभर बारिश के बाद सुबह बारिश थमी। उधर यमुनोत्री धाम को जोड़ने वाला फूलचट्टी जानकीचट्टी के बीच कृष्णा चट्टी में मोटर मार्ग तीसरे दिन भी अभी तक बंद है। जिसके चलते स्थानीय लोगों के साथ ही यमुनोत्री धाम आने जाने वाले श्रद्धालुओं को काफी परेशानी हो रही है। मां यमुना के पुजारी मनमोहन उनियाल,आशीष उनियाल, राकेश रावत आदि ने सड़क खोलने में लोनिवि की लेटलतीफी पर नाराजगी जताते हुए बताया कि उक्त मार्ग बंद होने से करीब दो किलोमीटर पैदल या घोड़े खच्चरों से आवाजाही करनी पड़ रही है जिसके कारण समय बर्बादी के साथ ही आर्थिक बोझ अतिरिक्त पड़ रहा है। पछवादून और जौनसार बावर के मैदानी और पहाड़ी क्षेत्रों में हो रही बारिश से कई संपर्क मार्गों पर मलबा आने के कारण यातायात बाधित हो रहा है। सोमवार को दिल्ली-यमुनोत्री राष्ट्रीय राजमार्ग सहित क्षेत्र के 13 मार्ग बंद रहे।

# कल्चरल एंबेसडर ऑफ इंडिया इन यूएई के सम्मान से नवाज़े गए सैय्यद सलाउद्दीन

जन एक्सप्रेस । आगरा

विदेशी जमीं पर दो दशक से भी अधिक समय से गणतत्र दिवस के जश्न को धूम धाम से मनाते आ रहे भारतीय मूल के दुबई निवासी सैय्यद सलाउद्दीन ने देश प्रेम की अनूठी मिसाल पेश की है। रिपब्लिक डे ऑफ़ इंडिया पर प्रति वर्ष दिल्ली के लाल किले की तर्ज पर कवि सम्मलेन और मुशायरे के भव्य आयोजन में लहलहाते तिरंगे झंडे और राष्ट्र गान से संयुक्त अरब अमीरात यूएई की धरती पर वतन परस्ती से उन्होंने पूरे विश्व में अपनी अलग पहचान बनाई है। कॉर्पोरेट काउंसिल फॉर लीडरशिप एंड अवेयरनेस (सीसीएलए) द्वारा दुबई में प्रस्तावित इंडिया-यूएई इकोनॉमिक पार्टनरशिप कॉन्क्लेव के उद्घोषणा समारोह में दुबई से पधारे सैय्यद सलाउद्दीन को भारतीय संस्कृति के संवाहक के रूप इनक्रेडिबल इंडिया फाउंडेशन एवं सीसीएलए द्वारा कल्चरल एंबेसडर ऑफ इंडिया इन यूएई के सम्मान नवाज़ा गया। यह सम्मान उन्हें प्रदेश



की कैबिनेट मंत्री बेबी रानी मौर्य एवं मौजूद अतिथियों द्वारा प्रदान किया गया। उनको मिले सम्मान के मौके पर एफमेक अध्यक्ष पूरन डावर, प्रकाश ग्रुप के एमडी राजेश गर्ग, लघु उद्योग भारती के प्रदेश उपाध्यक्ष दीपक अग्रवाल, तपन ग्रुप के चेयरमैन सुरेश चंद्र गर्ग, चेंबर के पूर्व अध्यक्ष राजीव अग्रवाल, शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. मुकेश शर्मा, एनएसआईसी के शाखा प्रबंधक पुष्पेंद्र सूर्यवंशी, प्रशस्ति स्टूडियो के संस्थापक डॉ. कुमार मनोज, इफ्कोमा के महासचिव दीपक मनचंदा, साइंटिफिक पैथलॉजी के एमडी डॉ. अशोक शर्मा, जीडी गोयनका के प्रो वाईस चेयरमैन संजय अग्रवाल,अप्सा अध्यक्ष डॉ. सुशील गुप्ता, प्रख्यात कवि पवन आगरी, सीसीएलए के महासचिव अजय शर्मा, संयोजक ब्रजेश शर्मा विशेष रूप से मौजूद रहे।

# न्यायिक वेतन आयोग की सिफारिशें लागू न होने पर सुप्रीम कोर्ट नाराज, मुख्य-वित्त सचिव तलब

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट ने न्यायिक वेतन आयोग (एसएनजेपीसी) की सिफारिशें लागू ने होने पर राज्यों को मुख्य सचिव और वित्त सचिवों को तलब कर लिया है। हालांकि कई राज्यों ने न्यायिक वेतन आयोग की सिफारिशों का पालन कर लिया है, जिसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने उन राज्यों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगा दी है। मध्य प्रदेश, तमिलनाडु, मेघालय और हिमाचल प्रदेश ने न्यायिक आयोग की सिफारिशों के तहत न्यायिक अधिकारियों के लिए भत्ते आदि का एलान कर दिया है। जिन राज्यों ने सिफारिशों को मान लिया है, उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई नहीं होगी। सिफारिशों के अनुपालन को लेकर राज्यों ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर किए हैं। इन हलफनामों पर सुप्रीम कोर्ट ने नोटिस लेते हुए कहा कि मुख्य और वित्त सचिवों को अब अदालत में पेश होने की जरूरत नहीं है। कोर्ट ने कहा कि हमें भी वित्त और मुख्य सचिवों को बुलाने में कोई आनंद नहीं आ रहा है।

# मिया मुस्लिमों का असम पर कब्जा नहीं होने दूंगा: सरमा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। गुवाहाटी

असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने विधानसभा में विपक्ष से कहा कि राज्य पर मिया मुस्लिमों को कब्जा नहीं करने दूंगा। इस पर विपक्ष भड़क गया और हंगामा शुरू कर दिया। वहीं, विपक्षी दलों ने मंगलवार को विधानसभा परिसर सहित गुवाहाटी के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन किया और महिलाओं की रक्षा करने और उनके खिलाफ अपराध रोकने में सरकार की विफलता का आरोप लगाया।

### सीएम ने दिया जवाब

जब विपक्ष ने उन पर पक्षपातपूर्ण होने का आरोप लगाया, तो सीएम सरमा ने कहा, %मैं पक्षपात करूंगा, आप क्या कर सकते हैं ? मिया मुस्लिमों को असम पर कब्जा नहीं करने दूंगा। निचले असम के लोग ऊपरी असम क्यों जाएंगे? ताकि मियां मुस्लिम असम पर कब्जा कर सकें? हम ऐसा नहीं होने देंगे। तीखी बहस के बीच सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्य सदन के बीचोंबीच आ गए, जिसके कारण अध्यक्ष बिस्वजीत दैमारी ने सदन की कार्यवाही 10 मिनट के लिए स्थगित



कर दी। बता दें, कांग्रेस, एआईयूडीएफ और माकपा के विधायकों और एकमात्र निर्दलीय विधायक अखिल गोगोई ने महिलाओं के खिलाफ अपराधों सहित राज्य में बढ़ते अपराधों से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा के लिए चार स्थगन प्रस्ताव पेश किए थे।

### महिलाओं की रक्षा की मांग को लेकर विपक्ष का प्रदर्शन

असम में विपक्षी दलों ने मंगलवार को विधानसभा परिसर सहित गुवाहाटी के विभिन्न हिस्सों में प्रदर्शन किया और महिलाओं की रक्षा करने और उनके खिलाफ अपराध रोकने में सरकार की विफलता का आरोप लगाया। विपक्ष के नेता देबब्रत सैकिया के नेतृत्व में कांग्रेस विधायकों ने महिलाओं के खिलाफ सभी अपराधों के लिए एक विशेष समुदाय को निशाना बनाए जाने की निंदा करते हुए तख्तियां लेकर और नारेबाजी करते हुए विधानसभा भवन के अंदर से महात्मा गांधी की प्रतिमा तक मार्च किया। सैकिया ने कहा, ढिंग घटना केवल एक ही नहीं है। उसके बाद भी राज्य के विभिन्न हिस्सों में ऐसे कई मामले सामने आए हैं। मुख्यमंत्री, जिनके पास गृह विभाग भी है, स्थिति को लेकर बिल्कुल भी गंभीर और चिंतित नहीं हैं। हमने एनसीआरबी के आंकड़ों के साथ महिलाओं के खिलाफ अपराधों के बारे में विधानसभा में चर्चा की और सरकार से कार्रवाई करने को कहा। उन्होंने दावा किया कि गृह विभाग ने असम पुलिस से ऐसे अपराधों के कुछ मामले दर्ज नहीं करने को कहा है।

### राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा

सरमा नगांव में 14 वर्षीय लड़की के साथ दुष्कर्म की घटना की पृष्ठभूमि में राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति पर चर्चा के लिए विपक्षी दलों द्वारा लाए गए स्थगन प्रस्तावों पर विधानसभा में बोल रहे थे। प्रस्ताव का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रखा जाए तो अपराध दर में वृद्धि नहीं हुई है।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबंध संपादक- मनोज तिवारी) (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)